

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 12 जून 2024 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-075 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 13 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है :साय



रायपुर,12 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

ओडिशा में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी 78 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत हासिल कर सत्ता में आई है. जिस तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा 2023 में बीजेपी को महतारी वंदन योजना का लाभ मिला, उसी तरह ओडिशा में भी बीजेपी को सुभद्रा योजना का लाभ मिला है. ओडिशा में बीजेपी की इस बड़ी जीत पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बीजेपी जो कहती है, उसे पूरा करती है. दरअसल, ओडिशा के नए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रवाना हुए. रवानगी से पहले सीएम साय ने रायपुर एयरपोर्ट में पत्रकारों से चर्चा की. इस दौरान सीएम साय ने बताया कि मेरे साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विधायक पुरंदर मिश्रा भी ओडिशा जा रहें है. छत्तीसगढ़ के नेताओं और मंत्रियों का सहयोग ओडिशा के चुनाव में रहा है. ओडिशा की जनता ने हमारे प्रधानमंत्री पर और मोदी की गारंटी पर विश्वास किया है. पहली बार ओडिशा में भाजपा की स्पष्ट बहुमत में सरकार बनी है. छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना की तरह ओडिशा में भी पार्टी को सुभद्रा योजना का लाभ चुनाव में मिला, इस सवाल पर सीएम साय ने कहा कि बिल्कुल ओडिशा में भी जो वहां का चुनावी घोषणा पत्र है. वह छत्तीसगढ़ की भाती है. हमने 100 दिन में छत्तीसगढ़ में जो काम किया, उसका असर ओडिशा पर भी दिखा है. भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करती है.

## सूदखोर के तकाजे से परेशान किसान ने की आत्महत्या

### कांग्रेस विधायक ने की सरकार से मुआवजे की मांग

महासमुंद,12 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

महासमुंद जिले के ग्राम हरनादादर में किसान बलिराम ठाकुर ने कीटनाशक पीकर अपनी जीवनलीला ही समाप्त कर ली. किसान की मौत के बाद परिजन सूदखोर के तकादे से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात कह रहे हैं. किसान की मौत पर कांग्रेस विधायक ने राज्य सरकार से 5 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है. महासमुन्द जिले के बागबाहरा ब्लॉक के हरनादादर के रहने वाले बलिराम ठाकुर (60 वर्ष) ने रविवार को जहर सेवन कर लिया. परिजन उसे लेकर शासकीय अस्पताल बागबाहरा पहुंचे, जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने महासमुंद मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया. मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान आदिवासी बलिराम ठाकुर की मौत हो गई, जिसके बाद पीएम कराकर अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों को शव सौंप दिया है.

बताया गया कि मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री है, जिनकी शादी हो चुकी है. मृतक के पास ढाई एकड़ कृषि भूमि है, जिस पर वो खेती कर गुजर बसर करता था. मृतक के परिजन अब आरोप लगा रहे है कि मृतक ने सूदखोर से 30 हजार रुपए कर्ज लिया था, जो ब्याज सहित बढ़कर 50 हजार रुपए हो गया था, जिसे वापस करने के लिए सूदखोर दवाब बना रहे थे, जिससे परेशान होकर मृतक ने आत्महत्या कर लिया. किसान के आत्महत्या करने की खबर पर स्थानीय कांग्रेस विधायक द्वारिकाधीश यादव ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की. ढाढस बंधाया. इसके साथ ही उन्होंने सरकार से परिजनों को पांच लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है. वहीं इस पूरे मामले में बागबाहरा एसडीओपी डॉ. यूलैण्डन यार्क का कहना है कि हरनादादर के किसान ने जहर सेवन कर आत्महत्या किया है. पीएम रिपोर्ट व जांच के बाद ही पता चलेगा कि आत्महत्या का कारण क्या है.



## संक्षेप

### रिटायर होने के बाद भी मिलेगा वेतनवृद्धि का लाभ

**लखनऊ,12 जून।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है. अब यूपी में रिटायर होने के बाद भी उन्हें वेतनवृद्धि का लाभ मिल सकेगा. कैबिनेट में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई. चुनाव के बाद राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है. अब रिटायर होने के अगले दिन होने वाली वेतनवृद्धि नियत होने पर ऐसे कर्मियों के पेंशन की गणना एक नोशनल वेतन वृद्धि को जोड़कर की जाएगी. दरअसल, मंगलवार को कैबिनेट बैठक में वित्त मंत्रालय के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई. मंगलवार को कैबिनेट बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि छठवें वेतन आयोग की संस्तुतियों द्वारा कर्मचारियों की सालाना वेतनवृद्धि हर साल एक जुलाई को की गई. सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों द्वारा सालाना वेतन वृद्धि एक जनवरी 2016 से लागू की गई. इसके बाद कर्मचारियों को वेतनवृद्धि की तारीख 1 जुलाई और 1 जनवरी को चुनने का विकल्प दिया गया है.

### कठुआ में तबाही का सामान लेकर पहुंचे थे आतंकवादी

**श्रीनगर,12 जून।** आतंकवादियों के ताबड़तोड़ हमले से जम्मू-कश्मीर एक बार फिर दहल उठा है। जम्मू कश्मीर में आतंकियों ने अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए 48 घंटे में 3 बड़े आतंकी हमले किए हैं। रियासी, कठुआ और डोडा में आतंकी हमला कर खौफ पैदा करने की कोशिश की। कठुआ जिले में हीरानगर स्थित सैदा सुखल गांव में आतंकियों ने हमला किया। यहां आतंकियों की फायरिंग में एक जवान शहीद हो गया। वहीं पुलिस ने हमला करने वाले दो में से एक आतंकी को मार गिराया है। मारे गए आतंकी के पास से जो सामान बरामद हुआ है, उसने एक बार फिर आतंक पर पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब कर दिया है। मारे गए आतंकी के पास से भारी मात्रा में हथियार और एक लाख रुपये मिले हैं। आतंकी के पास से सुरक्षाबलों ने 3 मैगजीन, 75 राउंड का एक पॉलिथीन बैग, 3 ग्रेनेड, पाकिस्तान में बनी चॉकलेट, सूखा चना, चपाती, पाकिस्तान में बनी दवाई, पेन किलर इंजेक्शन, 1 सिरिंज, बैटरी और 1 हैंडसेट बरामद किया है। इधर सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दी है। अन्य छिपे हुए आतंकवादियों के खिलाफ व्यापक अभियान जारी है. माना जा रहा है कि आतंकियों ने पाकिस्तान से घुसपैठ की है। दरअसल, जम्मू कश्मीर में पिछले तीन दिन में तीन आतंकी हमले हुए हैं।

### अवैध वेंडर ने पेंट्रीकार मैनेजर को मारा चाकू

**रायपुर,12 जून।** बिलासपुर रेल मंडल में अवैध वेंडर्स के हौंसले इतने बुलंद हो गए है कि वो ट्रेन में पैंट्रीकार मैनेजर पर चाकू से जानलेवा हमला कर रहे है. पूरी घटना बिलासपुर-कटनी मार्ग के चंदिया रोड के पास की है. इस पूरे मामले की सूचना पेंट्रीकार संचालक की तरफ से आरपीएफ के अधिकारियों को सौंप दी गई है. हालांकि इस रोड में अवैध वेंडर्स का आतंक किसी से छिपा नहीं है. वहीं इस रूट में आरपीएफ की साठ-गाठ से भी अवैध वेंडर्स के चलने और उनसे लेन-देन के



मामले में आरपीएफ ने पहले भी कार्रवाई की है. ये पूरा मामला 18234 बिलासपुर-इंदौर एक्सप्रेस में मंगलवार का है. ये आरपीएफ और रेलवे के लिए बड़ा सवाल है कि ट्रेनों में अवैध वेंडिंग थमने का नाम क्यों नहीं ले रही है ? इतना ही नहीं अब तो अवैध वेंडर्स के हौंसले इतने बुलंद हो गए है कि वो हमला भी कर रहे है. कुछ दिनों पहले भी दुर्ग रेलवे स्टेशन में अवैध वेंडर के हमले करने का मामला सामने आया था. ये हमला रेलवे के कमर्शियल स्टॉफ पर किया गया था.

## 18वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र 24 जून से

**नई दिल्ली,12 जून।** 18वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र 24 जून से शुरू होने जा रहा है। पहला सत्र 3 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान नव निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण के साथ ही लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। वहीं राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा की जाएगी। इसकी जानकारी केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर शेयर की है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर लिखा कि- देश में शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न हो गए हैं। विवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। अब 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने जा रहा है जो 3 जुलाई तक चलेगा। उन्होंने आगे लिखा कि- संसद सत्र के दौरान लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद सदस्यों का शपथ ग्रहण होगा। इसके बाद सर्वसम्मति से लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव होगा। इसके बाद राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि 264वीं राज्यसभा का सत्र 27 जून से शुरू होगा. दोनों सदनों के सत्र 3 जुलाई तक चलेंगे।



## भारत का पहला अंडरवाटर-लॉन्च यूएवी बनाने की योजना

**नई दिल्ली,12 जून।** भारत की अंडरवाटर सैन्य क्षमताओं को बढ़ावा देने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने पुणे स्थित रक्षा स्टार्टअप की मदद से अपनी तरह का पहला अंडरवाटर-लॉन्च मानव रहित हवाई वाहन विकसित करने का फैसला किया है, जिसे पनडुब्बी से लॉन्च किया जाएगा. इस महत्वाकांक्षी योजना डीआरडीओ ने सागर डिफेंस इंजीनियरिंग से अनुबंध किया है. डीआरडीओ की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) सागर डिफेंस की मदद करेगी, जिसने पहले भारतीय नौसेना के लिए समुद्री स्पॉटर ड्रोन विकसित किया था. सागर डिफेंस के साथ समझौते पर डीआरडीएल के निदेशक डॉ जीएएस मूर्ति और भारतीय नौसेना के अधिकारियों की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए. एक LUAV में चलती पनडुब्बी से जल्दी, सुरक्षित और स्वायत्त रूप से तैनात करने की क्षमता होगी. इसमें उच्च धीरज और लंबी दूरी होगी, जिससे इसे एक बड़ा आश्चर्य तत्व लाभ मिलेगा. यह विवेकपूर्ण निगरानी मिशनों को सक्षम करेगा, जिससे पनडुब्बियों को उनकी उपस्थिति का खुलासा किए बिना संभावित खतरों की निगरानी करने की अनुमति मिलेगी. सागर डिफेंस के बिजनेस डेवलपमेंट के निदेशक और उपाध्यक्ष मृदुल बब्बर ने बताया, यह यूएलयूएवी तकनीक बहुत उन्नत होगी. दुनिया में केवल कुछ ही देशों के पास यूएलयूएवी है, लेकिन वे बहुत उन्नत नहीं हैं. जैसे अमेरिका के यूएलयूएवी की रेंज 7 किलोमीटर है और इसकी क्षमता 30 मिनट है.हालांकि, डीआरडीओ ने हमें एक ऐसा यूएलयूएवी विकसित करने का काम सौंपा है, जिसकी क्षमता एक घंटे से अधिक होगी और इसकी रेंज 20 किलोमीटर से अधिक होगी. और हम भारत में इस तकनीक को विकसित करने वाले पहले व्यक्ति हैं.



## चंद्रबाबू नायडू चौथी बार आंध्र प्रदेश के सीएम बने



**हैदराबाद,12 जून।** आंध्र प्रदेश को चंद्रबाबू नायडू के रूप में नए मुख्यमंत्री मिल गया है। नायडू ने विजयवाड़ा के केसरपल्ली आईटी पार्क में 11 बजकर 27 मिनट पर शपथ ली। चंद्रबाबू नायडू चौथी बार प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं। चंद्रबाबू नायडू के साथ ही डिप्टी सीएम पवन कल्याण और चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश ने भी मंत्री पद शपथ ली है। इस दौरान पीएम मोदी , अमित शाह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी, एकनाथ शिंदे समेत तमाम नेता मौजूद रहे।

तेलुगू देशम पार्टी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू सुबह के शपथ ग्रहण समारोह में पवन कल्याण के भाई और साउथ सुपरस्टार चिरंजीवी और रजनीकांत भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए. केसरपल्ली शहर के आईटी पार्क मैदान में यह आयोजन हुआ। टीडीपी ने इस बार आंध्र प्रदेश के विधानसभा चुनाव में 175 में से 135 सीटों पर जीत दर्ज करते हुए पूर्ण बहुमत हासिल किया है। सूबे में सीएम का नाम रिजल्ट के बाद से ही तय माना जा रहा था।आंध्र प्रदेश की नई चंद्रबाबू नायडू सरकार में कुल 24 मंत्री शपथ ले रहे हैं। इनमें 3 महिलाएं भी शामिल हैं। चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश और तेलुगू स्टार के साथ ही जनसेना पार्टी के चीफ पवन कल्याण भी आज मंत्री पद की शपथ ली।

## बलौदाबाजार में करोड़ों का नुकसान, भरपाई आरोपियों से की जाएगी

**रायपुर,12 जून।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में 10 जून को हुई हिंसा घटना की समीक्षा की गई है. मामले में समीक्षा के बाद डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने घटना में हुई करोड़ो के नुकसान की भरपाई दोषियों से करवाने की बात कही है. इसके साथ ही उन्होंने बस्तर के जगरगुंडा में सड़क निर्माण को लेकर भी मीडिया से खुशी जाहिर की. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बलौदाबाजार में हुई घटना के पीछे समाज से बाहरी लोगों का हाथ बताया है. उन्होंने कहा कि सामाजिक नहीं यह असामाजिक लोगों का काम है. उन्होंने बताया कि मामले में न्यायिक जांच की घोषणा किए जाने के बाद सतनामी समाज ने संतुष्टि जाहिर की थी. डिप्टी सीएम ने मामले आगे कहा, कि यह बहुत दुख का विषय है, यह नहीं लगता कि छत्तीसगढ़ के लोग हैं, इसमें बाहरी लोगों का हाथ है. उन्होंने कहा कि इस घटना योजनाबद्ध तरीके से की गई है. हाथ में पेट्रोल बोतल, डंडे-लाठी के साथ लोग नजर आए हैं. उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि 9 दिन और 9 रात मैं भी आंदोलन में बैठा था, लेकिन अंदर नहीं गया क्योंकि हमें अपनी सीमा पता है. लोकतंत्र में एक सीमा होती है, इसके आगे अराजकता होती है. सुंदर बिल्डिंग जला दी, किसी को क्या मिला..? डिप्टी सीएम शर्मा ने दो टूक शब्दों में कहा है, कि बलौदाबाजार में की गई आगजनी में करोड़ों का नुकसान हुआ है, तो इसकी भरपाई आरोपियों से ही की जाएगी. भाजपा की तरफ से मामले में कांग्रेसी नेताओं पर समाज को भड़काने के आरोप को लेकर भी बयान दिया है. उन्होने कहा कि जांच में जिन-जिन लोगों का नाम सामने आएगा, सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बस्तर के जगरगुंडा में सड़क को लेकर खुशी जाहिर की है. उन्होंन कहा, कि सड़क का निर्माण उन्नति के मार्ग को प्रशस्त करता है. इस सड़क के निर्माण में 15 साल से अधिक समय लगा. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की 257 सड़कें हैं जिस पर काम नहीं हुआ. दर्जन भर से अधिक पीडब्ल्यूडी की सड़क पर काम नहीं किया जा रहा था. अब राज्य की भाजपा सरकार ने पीडब्ल्यूडी की 81 और सड़कों को चिन्हांकित किया है. 30 सड़कों पर और सिक्योरिटी देकर काम शुरू किया गया है. यह पहल नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए है.





### सद्गुरु आश्रम पहुंची कंगना

**नई दिल्ली,12 जून।** लोकसभा चुनाव 2024 में भारी मतों से जीतने के बाद एक्ट्रेस और सांसद कंगना रनौत लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं. 9 जून को दिल्ली में सांसद पद की शपथ लेने के बाद वो कोयंबटूर में सद्गुरु के आश्रम पहुंची हैं. यहां से उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज शेयर किया, जो तेजी से वायरल हो रही हैं.बता दें कि कंगना रनौत ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में ईशा फाउंडेशन से फोटोज शेयर की हैं.

## 400 पार वाले नारे से हो गया नुकसान : जेडीयू

**नई दिल्ली,12जून।** लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी के द्वारा अबकी बार,400 पार का नारा दिया गया था। पीएम मोदी ने भी अपने भाषणों में इसका जिक्र किया। हालांकि नतीजों में भाजपा को बड़ा नुकसान हुआ। भगवा पार्टी अपने दम पर सरकार बनाने के लिए जरूरी 272 के आंकड़े को भी नहीं छू सकी। हालांकि, एनडीए को बहुमत मिला और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में सफल रहे। सरकार बनने के बाद अब चुनाव नतीजों की समीक्षा की जा रही है। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने हाल ही में कहा कि बीजेपी के अबकी बार, 400 पार का नुकसान हुआ है। उनके बयान का सरकार में शामिल जेडीयू ने भी समर्थन किया है। जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा, ÷हमारे द्वारा लगाए गए 400 पार के नारे का विपक्षी दलों के द्वारा संविधान बदलने से जोड़कर घोर दुरुपयोग किया गया। इससे पहले एकनाथ शिंदे ने कहा था कि इस नारे के जोर पकड़ने से संविधान बदलने और आरक्षण हटाने को लेकर लोगों में आशंका घर करने लगी थी। मुख्यमंत्री शिंदे ने मुंबई में एक बैठक में कहा, हमें विपक्ष द्वारा 400 पार के नारे के बारे में गढ़ी गई झूठी कहानी के कारण कुछ स्थानों पर हार का सामना करना पड़ा। महाराष्ट्र में भी हमें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

उन्होंने कहा कहा कि 400 पार के नारे के कारण लोगों को लगा कि भविष्य में संविधान बदलने और आरक्षण हटाने जैसे मुद्दों पर कुछ गड़बड़ हो सकती है। एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से सात पर जीत हासिल की है, जबकि भाजपा ने 9 मिले। बिहार की बात करें तो यहां जेडीयू और बीजेपी दोनों ने ही 12-12 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं, एनडीए की सहयोगी और चिराग पासवान की लोजपा और जीतन राम मांझी की पार्टी को एक सीट पर सफलता मिली।

## दुविधा में हूं, क्या चुनूं? रायबरेली या वायनाड

**त्रिवेंद्रम,12 जून।** केरल की वायनाड से लगातार दूसरी बार सांसद चुने गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को यहां जनता से सीधे मुखातिब हुए. उन्होंने पहले लोगों को धन्यवाद दिया और फिर लगे हाथ यह भी पूछ लिया कि वो कहां से सांसद रहें? राहुल का कहना था कि मैं दुविधा में हूं, क्या चुनूं? रायबरेली या वायनाड? इस बीच भीड़ ने जवाब दिया कि वायनाड. उसके बाद राहुल ने कहा, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मेरे फैसले से वायनाड और रायबरेली दोनों खुश होंगे. मैं वादा करता हूं. सभी तरह के समर्थन के लिए धन्यवाद करता हूं और मैं जल्द ही आपसे फिर मिलने आऊंगा. दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस बार भी आम चुनाव में दो सीटों से चुनाव लड़े हैं. उन्होंने केरल की वायनाड और यूपी रायबरेली सीट से चुनाव लड़ा और जबरदस्त मार्जिन से जीत हासिल की है. राहुल इससे पहले 2014 में भी वायनाड और यूपी की अमेठी सीट से चुनाव लड़े थे. हालांकि, वो अमेठी में हार गए थे और वायनाड की जनता ने उन्हें सांसद चुनकर लोकसभा भेजा था. इस बार भी दो सीटों पर चुनाव लड़े और दोनों पर जीत हासिल की. नियमों के मुताबिक, राहुल एक सीट से ही सांसद रह सकते हैं. ऐसे में उन्हें किसी एक सीट से इस्तीफा देना पड़ेगा.

कांग्रेस और राहुल गांधी के सामने संकट यह भी है कि एक सीट (रायबरेली) गांधी परिवार की पारंपरिक और गढ़ मानी जाती है तो दूसरी सीट (वायनाड) की जनता ने उस समय राहुल को अपनाया, जब वो खुद की परंपरागत सीट (अमेठी) से चुनाव हार गए थे. ऐसे में वो दोनों सीटों के वोटर्स से सीधे जुड़ाव महसूस करते हैं. फिलहाल, राहुल जिस सीट से इस्तीफा देंगे, वहां उपचुनाव होंगे और कांग्रेस के पास मौका रहेगा कि वो वहां अपना उम्मीदवार को उतारकर जीतने की कोशिश करेगी. बुधवार को वायनाड पहुंचे राहुल गांधी ने कहा, इस चुनाव में नफरत को प्यार से हराया गया है. विनम्रता से अहंकार पराजित हुआ है. दरअसल सच तो यह है कि प्रधानमंत्री वाराणसी में हारने से बाल-बाल बचे हैं. अयोध्या में बीजेपी की हार हुई तो अयोध्या के लोगों ने भी संदेश दिया है कि हम हिंसा और नफरत का समर्थन नहीं करते हैं. मैं आपको बता सकता हूं कि दिल्ली में बनी सरकार एक अपंग सरकार है. विपक्ष ने बीजेपी को बड़ा झटका दिया है. आप देखेंगे कि नरेंद्र मोदी का रवैया भी बदलेगा. क्योंकि भारत के लोगों ने उन्हें एक संदेश भेजा है. राहुल गांधी ने कहा, विपक्ष के रूप में हमारी भूमिका जारी रहेगी. अब मेरे सामने एक बड़ी दुविधा है. सवाल यह है कि मैं वायनाड का सांसद रहूं या रायबरेली का? हालांकि मैं पीएम मोदी की तरह भगवान द्वारा निर्देशित नहीं हूं. मैं तो एक साधारण मनुष्य हूं. मेरे भगवान भारत के गरीब लोग हैं. मेरे भगवान वायनाड के लोग हैं. मुझे अपने लोगों से बात करनी है और तय करना है कि आगे क्या करना है? सवाल पर वापस आते हैं. मैं वायनाड का सांसद रहूं या रायबरेली? भीड़ से आवाज आई कि वायनाड.



राहुल ने आगे कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि मेरे फैसले से वायनाड और रायबरेली दोनों खुश होंगे. मैं वादा करता हूं. मैं जल्द ही आपसे मिलूंगा. राहुल ने पीएम मोदी पर भी निशाना साधा और कहा, आपने पीएम को 400 पार कहते हुए सुना होगा. फिर वो नारा गायब हो गया. 370 हो गया. फिर वो भी गायब हो गया. बाद में उन्होंने कहा कि मुझे परमात्मा ने इस धरती पर भेजा है. मोदी जी के पास एक अजीब परमात्मा है. उनका परमात्मा उन्हें अडानी जी और अंबानी के पक्ष में सभी निर्णय लेने पर मजबूर करता है. परमात्मा कहते हैं कि बॉम्बे एयरपोर्ट अडानी जी को दे दो. राहुल गांधी ने वायनाड में कहा, सबसे पहले मैं वायनाड के प्रत्येक वोटर्स को धन्यवाद देना चाहता हूं. कई साल पहले जब मैं छोटा था तो मेरी दादी और मां मुझे कथकली परफॉर्मेंस देखने के लिए ले गईं. मुझे कुछ समझ नहीं आया और मैं जाना चाहता था. क्योंकि ये 2 घंटे की परफॉर्मेंस थी. मैं अपनी दादी से कहता रहा कि मैं ऊब गया हूं. गर्मी है. मैं जाना चाहता हूं. फिर पिछले साल कई वर्षों बाद मैंने एक और कथकली प्रस्तुति देखी. इस बार वहां मौजूद महिला ने मुझे इसके बारे में समझाया. यह करीब 3 घंटे तक चला. बहुत गर्म थी, लेकिन मुझे गर्मी महसूस नहीं हुई. मैं बस प्रदर्शन देख रहा था और जब मैं बाहर निकला तो सोच रहा था कि कितना अजीब है. वही परफॉर्मेंस जो मुझे उबाऊ लगती थी, अब वो इसलिए दिलचस्प लगने लगी है कि क्योंकि इतने सालों बाद किसी ने मुझे इसके बारे में समझाया. राहुल का कहना था कि मुझे समझ आया कि ये केरल के लोगों की परंपरा और उनकी अभिव्यक्ति है. पहली बार जब देख रहा था तो यह सिर्फ नृत्य लग रहा था. दूसरी बार यह केरल के लोगों की आवाज, अभिव्यक्ति और इतिहास से जुड़ा पहलू लग रहा था. इस देश के प्रत्येक राज्य की अपनी अभिव्यक्ति, इतिहास, संस्कृति है. मलयालम, तमिल, बंगाली, मराठी - अनेक भाषाएं और परंपराएं हैं. संविधान द्वारा हर इतिहास और संस्कृति को संरक्षित किया गया है. केरल के लोग कथकली का आनंद ले सकते हैं और अपनी संस्कृति का पालन कर सकते हैं. यह संविधान ही है जो इसकी रक्षा करता है. यदि ऐसा नहीं होता तो कुछ लोग आ सकते हैं और कह सकते हैं कि यह मत करो, वह मत करो.

### तालाब में नहाने गई बुआ और भांजी की डूबने से मौत

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के भानपुरी थाना क्षेत्र के एक तालाब में नहाने गईं बुआ और भांजी की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही परिजनों से लेकर गांव में मातम छा गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को बाहर निकाल पीएम के लिए भेजा। बाद में परिजनों को सौप दिया गया। बताया जा रहा है कि एक ही परिवार की दो लड़कियां नहाने के लिए तालाब गई हुई थी, जहां नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में डूबने लगीं। काफी हद तक दोनों ने अपने आप को बचाने की कोशिश की लेकिन सफल नही हो पाईं और दोनों ही डूब गई। काफी देर तक जब इन बच्चियों का पता नही चला तो परिजनों से लेकर आसपास के लोगों ने इनकी खोजबीन करते हुए तालाब पहुंचे। वहां दोनों को डूबा देख परिजनों ने इसकी जानकारी थाना भानपुरी को दी। मरने वालों में नम्रता ठाकुर पिता केदार ठाकुर 18 वर्ष व दूसरी प्रियंका ठाकुर पिता घनो ठाकुर 16 वर्ष बताया जा रहा है।

एक नजर

### टिंबर व्यापारी के घर डकैती डालने वालों का अब तक कोई सुराग नहीं



**भिलाई, 12 जून।** भिलाई अंजोरा चौकी क्षेत्र रसमड़ा निवासी टिंबर व्यापारी दिलीप मिश्रा और उसकी पत्नी किरण मिश्रा को बंधक बनाकर घर में डकैती डालने वाले चड्डी बनियान गिरोह के बदमाशों को अब तक पुलिस नहीं पकड़ पाई है एसीसीयू की टीम पहले से ही आरोपितों का सुराग तलाशने के लिए जुटी हुई है अब पुलिस ने 10 सदस्यीय विशेष टीम का ग्रठन किया है इसमें पूर्व में क्राइम ब्रांच में रहे कर्मियों को शामिल किया गया है आरोपितों की लोकेशन मिलते ही ये टीम उन्हें पकड़ने के लिए रवाना होगी बता दें कि बीते छह जून की रात को रसमड़ा निवासी दिलीप मिश्रा के घर पर डकैती हुई थी चड्डी बनियान गिरोह के पांच बदमाशों ने दिलीप और उसकी पत्नी को बंधक बनाकर 35 तोला सोना के आभूषण और 25 हजार रुपये लूट ले गए थे घटना की जानकारी लगते ही दुर्ग रेज आईजी, एसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे थे एसीसीयू की टीम को आरोपितों का सुराग तलाशने के लिए लगाया गया था साथ ही घटना स्थल से मिले फिंगर प्रिंट को भी नाफिस सेंटर भेजा गया था ताकि डकैतों का सुराग मिल सके आरोपितों की सुरागसाजी के लिए एक 10 सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया गया है इसमें क्राइम ब्रांच में रहे पुलिस कर्मियों को शामिल किया गया है जिन्हें अन्य प्रदेशों में जाकर अपराधियों को पकड़ने का अनुभव है क्राइम डीएसपी हेमप्रकाश नायक ने बताया कि आरोपितों की पतासाजी जारी है उनकी पतासाजी के पुलिस का टीमों को बाहर रवाना किया जा रहा है जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### टेंट लगाकर जुआ खेलते 12 पकड़ाए



**भिलाई, 12 जून।** भिलाई धमधा थाना क्षेत्र में टेंट लगाकर जुआरियों का फड़ बिठाया गया था। इसकी सूचना मिलने पर एसीसीयू की टीम ने मौके पर दबिश दी, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के ही एक सिपाही ने इस छापे की सूचना लीक कर दी इसके चलते मुख्य जुआरी बड़ी रकम लेकर भागने में सफल हो गया। वहीं पुलिस ने मौके से 12 जुआरियों को ही गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की आरोपितों से 75 हजार 300 रुपये नकद और 12 वाहन जब्त किए गए हैं धमधा पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की है एसीसीयू की टीम ने रात को धमधा थाना क्षेत्र में शिवनाथ नदी के किनारे सोनेसराय गांव में जुए के फड़ पर दबिश दी नदी किनारे टेंट लगाकर जुआ खिलाया जा रहा था पुलिस ने मौके से 12 आरोपितों को गिरफ्तार किया इनमें आरोपितों में सतीश कुमार नवरंग निवासी ग्राम मुरकुटा जिला बेमेतरा, गजेंद्र साहू निवासी ग्राम चीरचार जिला बालोद, अनिल टंडन निवासी ग्राम सीताडबरी छुईखदान जिला केसीजी, उधो कुमार ध्रुव निवासी ग्राम रौंदा धमधा, सुकालू दास खुटेल निवासी ग्राम लाखाटोला जिला कबीरधाम, शिव सिंह निवासी ग्राम कोपेडबरी जिला बेमेतरा, जयंत वर्मा निवासी ग्राम कोदवा जिला बेमेतरा, शरद कुमार वैष्णव निवासी भंडारपुर जिला कबीरधाम, मनीष बारले निवासी ग्राम रौंदा धमधा जिला दुर्ग, योगेश साहू निवासी जोरातराई जिला राजनांदगांव, प्रदीप मोटवानी निवासी हाउसिंग बोर्ड पद्मनाभपुर जिला दुर्ग और मेहताबर सिंह निवासी कवर्धा जिला कबीरधाम शामिल हैं बड़ी रकम को लेकर मुख्य जुआरी हुआ फरार बताया जा रहा है कि पुलिस के छापे की सूचना ग्रामीण क्षेत्र के एक सिपाही ने ही जुआरियों को दे दी थी इसके बाद मुख्य आरोपित सहित कुछ और भी जुआरी मौके से फरार हो गए वहां पर लाखों रुपये का फड़ जमा हुआ था, लेकिन पुलिस के हाथ सिर्फ 75 हजार रुपये ही लगे।

### रिटायर शिक्षक के घर चोरी

**भिलाई, 12 जून।** भिलाई उतई थाना अंतर्गत रिटायर्ड शिक्षक व किसान के घर आधी रात अज्ञात चोर घर में रखे लाखों रुपए नगद व सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत कार्रवाई की है पुलिस ने बताया कि ग्राम मानिकचौरी निवासी बहादुर सिंह सूर्यवंशी शासकीय प्राथमिक शाला बोहारडीह में शिक्षक के पद से रिटायर हैं। वर्तमान में गांव में ही खेती किसानी करते है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 जून को रात 11 बजे खाना खाकर अपने घर में सो रहे थे। रात करीब 01.30 बजे प्रार्थी का पुत्र भूषण कुमार पेशाब को उठा तो उसने देखा कि रूम से बाहर निकलने का दरवाजा बाहर से बंद था किसी ने सांकल लगा दिया था। शंका होने पर अंदर जाकर देखे तो आलमारी के अंदर एक पेटी में रखे 01 लाख 70 हजार रुपए और दूसरी पेटी में रखे सोने के जेवर कान के एक जोड़ी झुमका, दो जोड़ी कान के टाप्स, एक गुलबंद, एक मंगल सूत्र, चांदी का एक पायल, पैरी चांदी की नहीं था।

### राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 15 जून से

**भिलाई, 12 जून।** छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वाधान में दुर्ग जिला जूड़ो संघ द्वारा 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता बालक एवं बालिका का आयोजन 15 से 17 जून तक अंबेडकर सामुदायिक भवन बैकुंठ धाम शारदापारा कैंप-2 भिलाई जिला दुर्ग में आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के प्रमुख एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अरुण द्विवेदी ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 350 जूड़ो बालक एवं बालिका खिलाड़ी तथा 50 अधिकारी भाग लेंगे। प्रतियोगिता सब जूनियर कैडेट जूनियर एवं सीनियर वर्ग में अलग-अलग वजन समूह में खेली जाएगी प्रतियोगिता प्रातः 9:00 बजे से संध्या 7:00 बजे तक खेली जावेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 16 जून को प्रातः 11:00 बजे तथा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 17 जून को संध्या 5:00 बजे निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता के संचालन के लिए राज्य के समस्त अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय रेफरियों को भी आमंत्रित किया गया है।

## रोजगार गारंटी योजना

# श्रमिकों को सर्वाधिक रोजगार देने में कबीरधाम प्रदेश में अव्वल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,12 जून।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत प्रदेश में कबीरधाम ज़िले में सर्वाधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 40 लाख मानव दिवस लक्ष्य के विरुद्ध 43 लाख 62 हजार मानव दिवस रोजगार का सृजन किया गया है जो लक्ष्य का 109 प्रतिशत है। कबीरधाम ज़िले ने बहुत से बड़े जिलों को रोजगार देने के मामले में पीछे छोड़ दिया है। जिसमे दूसरे नंबर पर जिला बलौदाबाजार 32.21 लाख जिला बिलासपुर 30.70 लाख एवं जिला महासमुंद 28.57 लाख के साथ चौथा नंबर पर है। सर्वाधिक रोजगार देने का यह सिलसिला विगत कई वर्षो से निरंतर चल रहा है। उल्लेखनीय है कि सर्वाधिक मजदूरों को प्रतिदिन काम देने के साथ-साथ सर्वाधिक मानव दिवस का रोजगार एवं सर्वाधिक मजदूरी भुगतान भी किया जा रहा है।कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए पूर्व से ही प्रत्येक ग्राम पंचायत में विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति कर दी गई थी। मार्च माह से लेकर जून के महीने तक ग्रामीणों को रोजगार की सर्वाधिक आवश्यकता पड़ती है। इन्हीं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रारंभिक तैयारियां की गई थी जिसके नतीजे सकारात्मक हैं।अभी जिले के 398 ग्राम पंचायतो में 1290 कार्य चल रहे हैं जिसमें ग्रामीणों को पर्याप्त रोजगार उनके गांव में ही मिल रहा है। गत वित्तीय वर्ष में भी प्रदेश स्तर पर कबीरधाम जिले का प्रदर्शन अग्रणी रहा है तथा योजना का पूरा लाभ ग्रामीणों को मिला है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 123597 पंजीकृत परिवारों को रोजगार प्रदान किया गया है तथा 70 करोड 37 लाख 28 हजार रुपए का मजदूरी भुगतान ग्रामीणों को उनके बैंक खाते में सीधे प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही 22 लाख 11 हजार मानव दिवस का रोजगार जिले की महिलाओं को मिला है जो की प्रदेश में प्रथम स्थान पर है और कुल प्रदाय रोजगार में महिलाओं की भागीदारी 50.68 प्रतिशत है।

ज्ञात हो की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जिले के ग्राम पंचायतो में ग्रामीणों को रोजगार देने का सबसे बड़ा साधन है। योजना से ग्रामीणों को उनके गांव में ही रोजगार प्रदान किया जाता है और इसके साथ ही विभिन्न परिसंपत्तियों का निर्माण हो रहा है। जल संवर्धन के कार्यों में नया तालाब निर्माण कार्य तालाब गहरीकरण डबरी निर्माण कार्य पैठू निर्माण कार्य अमृत सरोवर निर्माण कार्य कच्ची नाली निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। अवगमन की सुविधाओं का विस्तार करते हुए कच्ची सड़क निर्माण मिटटी सडक निर्माण घाट कटिंग जैसे कार्य हो रहे हैं। इसके साथ ही हितग्राही मूलक कार्यों में ग्रामीणों को स्वम का प्रधानमंत्री आवास योजना से अपना घर बनाने के लिए 95 दिनों का रोजगार और उसका मजदूरी मिल रहा है। साथ ही सामुदायिक मूलक कार्यों से रोजगार के अलाव अवसर ग्रामीणों को मिल रहे हैं। लगातार कई वर्षों से कबीरधाम जिला योजना के सुचारू संचालन में अग्रणी बना हुआ है जिसका फायदा जिले के ग्रामीणों को प्रत्यक्ष रूप से हो रहा है।

## मॉब लिंचिंग को लेकर मुस्लिम समाज ने की डीजीपी से मुलाकात



भिलाई, 12 जून। आरंग थाना क्षेत्र में हुई मॉब लिंचिंग की घटना को लेकर मुस्लिम समाज का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को डीजीपी अशोक जुनेजा से मिला। डीजीपी से मुलाकात के मौके पर मामले में आरोपियों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही करते हुए मृतकों के आश्रितों और आहत को मुआवजा प्रदान करने तथा राज्य में इस प्रकार की घटना पर रोक लगाए जाने के संबंध में मांग की गई। मुलाकात के दौरान डीजीपी ने मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे इस मामले में जिले के एसपी और आईजी को तलब कर मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ़्तारी के लिए निर्देश देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मामले में कई अन्य धाराएं नहीं लगाने का जो आरोप लग रहा है, उसके मद्देनजर घटना की समीक्षा कर दूसरी धाराएं जोड़ने के लिए भी दिशा-निर्देश देंगे।

मुस्लिम समाज के इस प्रतिनिधिमंडल में अकरम सिद्दीकी, नोअमान अकरम, मोहम्मद ताहिर, हकीम रजा, आस मोहम्मद, वाशिद खान, जमील खान और जावेद सहित छत्तीसगढ़ मुस्लिम समाज के भिलाई दुर्ग बिलासपुर अंबिकापुर जगदलपुर रायगढ़ सहित अन्य जिलों से आए हुए समाज प्रमुख शामिल थे।

## संभागायुक्त ने पीएम आवास योजना के एएचपी आवासों का किया निरीक्षण



**भिलाई-चरौदा,12 जून।** सोमवार 10 जून को दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने भिलाई-चरौदा निगम का दौरा किया। इस दौरान निगम द्वारा किये जा रहे विभिन्न विकास कार्यो की समीक्षा करने के उपरांत राठौर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित ए.एच.पी. आवासों का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि भिलाई-चरौदा निगम द्वारा वार्ड क्रमांक-36 सिरसाकला में 282 नग ए.एच.पी. आवास तथा विठ्ठल पुरम भिलाई-03 में 232 नग ए.एच.पी. आवासों का निर्माण किया गया है। जिसका लॉटरी पद्धति के माध्यम से समय-समय पर आंबटन किया जाता रहा है। संभागायुक्त श्री राठौर के द्वारा ए.एच.पी. आवासों में आबंटन हेतु शेष के संबंध में शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश निगम के अधिकारियों को प्रदान किये हैं । गौरतलब है कि निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपस्थित सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक को दैनिक सफाई के संबंध में निर्देशित करते हुए जी.ई.रोड पर विशेष सफाई अभियान चलाने संभागायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया। जल प्रदाय विभाग को नियमित रूप से वाटर टेस्टिंग करने के निर्देश संभागायुक्त द्वारा दिये जाने के साथ ही नागरिकों को पीने के पानी की समस्या नहीं होने देने संबंधी हर प्रकार के प्रबंध करने निर्देशित किया गया है। निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत, के अलावा सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता हेमंत साहू, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता वैभव त्यागी, उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर इस दौरान मौजूद रहे।

## कार्यशाला में वेंडरों को बताया कैसे बढ़ेगी उनकी आमदनी

**भिलाई, 12 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में फूड व्यवसाय करने वाले वेंडरों की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से ऐसे व्यवसायी जो रोड के किनारे खाद सामग्री बनाकर बेचते है। चाट, इटली, गुपचुप, दोसा, समोसा, मोमोज, चैमिन, चाय, भजिया, सैन्डविच, बरगर, बड़ा, भेल, बरफ का गोला, अंडा एगरोल, कुल्फी, आईक्रीम, मैंगोसेक, गन्ना रस इत्यादि इस प्रकार के व्यवसायियो को बुलाकर स्वच्छ भारत अभियान के तहत वेंडर्स को प्रथम एजुकेशन फांउडेशन के सहयोग से दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें स्वच्छताए हाइजीनए फाइनेंशियल लिट्रेसी एवं विक्रेता डॉक्यूमेंट सपोर्ट संबंधित प्रशिक्षण दिया गया इसका मुख्य उददेश्य था, वेंडरो की आमदनी बड़े जीवन स्तर उचां हो। सभी वेंडर्स को शासन द्वारा दी जा रही स्वनिधि योजना का लाभ उठाने एवं वेंडिंग जोन में स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है। इस कार्यक्रम में लगभग 140 से अधिक संख्या में स्ट्रीट फूड वेंडर शामिल हुए। खादय सामग्री बनाते समय एवं ग्राहको को परोसते समय साफ सफाई रखे, कचरा इधर उधर न फेके इन सभी बातो को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई है। ध्यान देने योग्य बातें - अकसर देखने में आता है कि इस तरह के खादय बिक्रेता स्वच्छता का ध्यान नहीं रखते है, उन्हे छोटी छोटी जानकारी दी गई जैसे- हाथो में ग्लबस पहने, नाखून साफ रखे, बनाते समय पोछने वाले कपड़ो को स्वच्छ रखे, पीने का पानी एवं धोने के पानी में दुरी रखे, पाउस एवं तम्बाखू खाकर व्यवसाय न करें, स्वच्छ कपड़ा पहनकर व्यवसाय करें, जहां बनाते है वहां गंदगी न रखे, पकाने वाले तेल का एक्सपायरी तिथि को ध्यान में रखे और उसी तेल को बार बार न उपयोग में लायें। इससे उनकी आमदनी भी बड़ेगी साथ ही जो ग्राहक खाने के लिए आते है उन्हे भी अच्छा लगेगा और उनका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा, साफ सफाई बहुत जरूरी है। पिछले वर्ष का ट्रेनिंग प्राप्त करके चैमिन बनाकर कोहका चैंक पर बेचने वाले आबीद खान ने अनुभव बताया कि अब मैं पुरी तरह से तैयार हो करके दुकान खोलता हूँ साफ सफाई रखता हूँ हाथो में ग्लबस पहेनता हूँ जो भी बनाता हूँ उसमें साफ सफाई का ध्यान रखता हूँ एप्रोन पहनता हूँ। ग्राहको से मुस्कुरा के बात करता हूँ इससे मुझे जो लाभ मिला मेरे ग्राहक बड़ गये पहले 3 से 4 सौ कमाता था। अब 1000 कमाता हूँ यह सब ट्रेनिंग प्राप्त करके ही समझ सका। प्रशिक्षण पश्चात फूड वेंडरो को एप्रान, ग्लबस एवं पोछने के लिए टावेल इत्यादि प्रदान किया गया। कार्यशाला के दौरान निगम से श्रीनिवास पटेल, राजस्व एवं खाद्य अधिकारी नगर पालिका निगम, श्रीमती रीता चतुर्वेदी सहायक परियोजना अधिकारी आजीविका मिशन, अजय शुक्ला जनसंपर्क अधिकारी नगर पालिका निगम, नलिनी तनेजा मिशन प्रबंधक, स्वनिधि आजीविका मिशन नगर पालिका निगम तथा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से विद्यासागर चौहान, स्टेट हेड छत्तीसगढ़ पवन कुमार साहू क्लस्टर लीडर रायपुर, डॉ उत्कर्ष श्रीवास्तव मुख्य प्रशिक्षक भोज साहू कोऑर्डिनेटर, मुरारी साहू मेंटर की उपस्थिति रही।



### बीएसपी ने 40 हजार से अधिक पौधारोपण का रखा लक्ष्य

**भिलाई, 12 जून।** भिलाई टाउनशिप व भिलाई इस्पात संयंत्र के अंतर्गत सभी क्षेत्र अपनी हरीतिमा व सघन वृक्षों से आच्छादित क्षेत्रों के लिए विख्यात है। टाउनशिप के आवासीय परिसर, बाजार व कार्यालय परिसरों तथा मुख्य सड़कों के दोनों ओर पंक्तिबद्ध छायादार वृक्ष, यहां के वातावरण में एक सुखदायी अनुभव प्रदान करते हैं। यह सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के उद्यानिकी अनुभाग द्वारा विगत कई वर्षों से भिलाई टाउनशिप परिक्षेत्र एवं समीपवर्ती क्षेत्रों में निरंतर किए जा रहे वृहद वृक्षारोपण कार्य से ही संभव हो सका है। पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से यह एक सराहनीय प्रयास है। विगत चार-पांच वर्षों में किए गए ।

## वैशाली नगर की सड़कों में नहीं दिखने चाहिए गड्ढे, विधायक ने दिए निर्देश



**भिलाई, 12 जून।** बरसात के पहले वैशाली नगर विधानसभा की सभी सड़कों को दुरुस्त करने विधायक रिकेश सेन के निर्देश पर रानी अवंती बाई चौक कोहका में भी पेंच वर्क शुरू कर दिया गया है। इससे पूर्व गदा चौक से घड़ी चौराहा सुपेला तक मुख्य सड़क का चौड़ीकरण और डामरीकरण कार्य भी युद्ध स्तर पर पूरा किया जा रहा है। विधायक सेन ने निगम अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बरसात पूर्व ही सभी सड़कें तत्काल दुरूस्त कर ली जाएं। सड़कों पर गड्ढे अब नहीं होने चाहिए क्योंकि इन गड्ढों से बरसात में अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि वैशाली नगर विधानसभा के सभी मुख्य मार्ग हाउसिंग बोर्ड, कैलाश नगर, कुरूद, जुनवानी, स्मृति नगर, नेहरू नगर, कृष्णा नगर, फरीद नगर, सुपेला, नेहरू नगर, राम नगर, वैशाली नगर सहित कैम्प क्षेत्र की सड़कों का हाल ही में मुआयना कर उन्होंने तत्काल सभी जर्जर सड़कों पर पेंच वर्क कर उन्हें गड्ढा मुक्त करने निगम के सभी जोन अधिकारियों को निर्देशित किया है। श्री सेन ने कहा कि कई मार्ग ऐसे हैं जिन पर कहीं कहीं छोटे छोटे गड्ढे और असमतल होने की शिकायतें मिली हैं जिन्हें तत्काल पेंच वर्क कर सुधारा जाएगा। आज कोहका रानी अवंती बाई चौक से पेंच वर्क प्रारंभ कर दिया गया है। आने वाली बारिश में सड़कों के गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे दुपहिया चालक अनावश्यक रूप से दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। लंबे समय से पेंचवर्क नहीं होने से सड़क खराब भी होती हैं। जिस मुख्य मार्ग के किनारे दोनों और गड्ढे और जल जमाव होने की संभावना है उसे भी तत्काल दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

## निर्मल ज्ञान मंदिर में कबीर प्राकट्य महोत्सव मनाया



**भिलाई, 12 जून।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर में दो दिवसीय कबीर प्राकट्य महोत्सव 8 व 9 जून को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य वक्ता संत सुधाकर साहेब शास्त्री धर्माधिकारी कबीर मठ खरसिया ने अपने दो दिवसीय उद्बोधन में संत कबीर के प्राकट्य से सांसारिक जीवन में किस तरह से छुआछूत, आडंबर, नशा मुक्ति पर जोर देकर मनुष्यों को जीवन मूल्यों के बारे में बताए, इस पर उन्होंने उपस्थित श्रोता समाज को विस्तार से उदाहरण सहित रखे। प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में नरेंद्र कुमार बंजारे डिप्टी कमिश्नर नगर पालिक निगम भिलाई उपस्थित रहे। दोनों दिवस निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्टी सदस्यों में आत्मा राम साहू, प्रेमा दास साहू, डा हीरालाल साहू, अशोक कुमार साहू, के पी साहू, श्रीमती उर्मिला साहू, रामाधार साहू, लक्ष्मी साहू, राजकुमारी साहू, गौकरण लाल साहू, प्रेमलता साहू, गोविंद साहू, संतराम साहू, महेंद्र कुमार साहू, दलजीत साहू के साथ ही निर्मल ज्ञान मंदिर के अन्य ट्रस्टी और प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और सदस्यों का योगदान रहा। यह जानकारी आश्रम समिति के मीडिया प्रभारी डा दीनदयाल साहू ने दी।

## निगम भिलाई ने कराया 4 अतिरिक्त पानी टंकियों का निर्माण



**भिलाई, 12 जून ।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में वृहद पेयजल योजना के अंतर्गत सभी नागरिकों को स्वच्छ पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। ऐसा सर्वे में आया था कि नगर निगम भिलाई क्षेत्र के कुछ कालोनीयो एवं बस्तियों में पानी का प्रेशर कम रहता है। उसी के निदान के लिए निगम द्वारा 4 अतिरिक्त पानी टंकियों का निर्माण किया गया है। जहां पर अतिरिक्त पानी है उस पानी की सप्लाई इन टंकियों में किया जायेगा। जिससे इन टंकियों के माध्यम से जहां पानी का प्रेशर कम रहता है वहां पर सुचारू रूप से सप्लाई हो सके। इस सप्लाई के लिए पुराने सप्लाई के पाइप लाइन को नई टंकी से जोड़ने के लिए पाईप लाईन बिछाने हेतु, महापौर परिषद के समक्ष 5.42 करोड़ का प्रस्ताव आया था, महापौर परिषद ने एक स्वर में इस प्रस्ताव को पारित किया, महापौर नीरज पाल ने खुसी व्यक्त करते हुए कहा कि अब हमारे भिलाई शहर के उन वार्डो में भी पानी मिल सकता है जिन वार्डो में पानी का प्रेशर हमेशा कम रहता है। हम सब का यही उद्देश्य है सब को शुद्व पीने एवं निस्तारी का पानी पर्याप्त मात्रा में मिले। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, आदित्य सिंह, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, लाल चंद वर्मा, मन्नान गफ्फार खान, चंद्रशेखर गंवई, रीता सिंह गेरा, मालती ठाकुर, मीरा बंजारे, नेहा साहू नगर निगम भिलाई की आयु देवेश कुमार ध्रुव अपर आयुक्त अशोक कुमार द्विवेदी उपयुक्त नरेंद्र बंजारे अधीक्षण अभियंता जल संजय शर्मा एवं सभी जोन के जोन आयुक्त की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

निधन

### विनय श्रीवास्तव



**भिलाई, 12 जून।** वरिष्ठ पत्रकार शिव श्रीवास्तव के अग्रज एवं सेवानिवृत्त वाणिज्य कर अधिकारी विनय श्रीवास्तव का श्री नारायणा अस्पताल रायपुर में हृदयाघात से आज सुबह दुखद निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे। दिवंगत विनय श्रीवास्तव की शवयात्रा आज संध्या उनके रायपुर स्थित निवास स्थल से निकलेगी और कोटा श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया जायेगा। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। भिलाई-दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ की पत्रकार बिरादरी ने दिवंगत विनय श्रीवास्तव के निधन पर गहरा शोक जताया है।

## एक नजर

### विधायक दलेश्वर साहू जनता की समस्याएं हल करने फिर से लगा रहे जनता दरबार

**डोंगरगांव 12 जून।** विधानसभा क्षेत्र डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू लोकसभा चुनाव व आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत पुनः आगामी गुरुवार दिनांक 13 जून से प्रत्येक गुरुवार को फिर से जनता दरबार लगाने जा रहे हैं। डोंगरगांव विधानसभा की जनता से सीधा संवाद स्थापित करने, उनकी समस्याओं एवं शिकायतों से अवगत होने तथा उनके त्वरित निवारण हेतु प्रभावी व्यवस्था स्थापित करने के लिए डोंगरगांव विधायक द्वारा ÷जनता के दरबार÷ को पुनः प्रारंभ किया जा रहा है। विधायक दलेश्वर साहू की कोशिश जनता को न्याय के साथ समावेशी विकास, एवं सुशासन के सिद्धांत पर आधारित सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन का लाभ प्राप्त करने के सम्बन्ध में होने वाली समस्या के बारे में सीधे आम जनता से संवाद प्राप्त करना तथा उसका निवारण इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक गुरुवार को क्रमशः विधायक कार्यालय मोंगरा कॉलोनी डोंगरगांव में क्षेत्र के आम जनों की समस्या सुनने व निराकरण करने हेतु उपस्थित रहेंगे इसका समय सुबह 10ः00 बजे से शाम तक रखा गया है यह जानकारी हमें कांग्रेस प्रवक्ता और साथ ही मीडिया प्रभारी रवि शुक्ला ने दी।



### नहप निगम ने पण्डित विद्याचरण शुक्ल को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर 12 जून।** आज पूर्व केन्द्रीय मन्त्री शहीद पण्डित विद्याचरण शुक्ल को उनकी 11 वीं पुण्यतिथि पर राजधानी शहर में नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के सामने नगर निगम उद्यान परिसर स्थित उनकी मूर्ति के समक्ष नगर निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से रखे गए संक्षिप्त आयोजन में पहुंचकर मुख्य रूप से प्रदेश के पूर्व मन्त्री श्री अमितेश शुक्ल, छग पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष श्री शैलेश नितिन त्रिवेदी, रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री आकाश तिवारी, एमआईसी सदस्य श्री कुमार मेनन, श्री सुन्दर लाल जोगी, पूर्व पार्षद श्री रियाज अहमद, श्री मनोज कन्दोई सहित नगर के गणमान्य जनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों ने मूर्ति स्थल पर पहुंचकर पूर्व केन्द्रीय मन्त्री शहीद पण्डित विद्याचरण शुक्ल को उनकी 11 पुण्यतिथि पर सादर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नगर निगम ने अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई

**रायपुर 12 जून।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों पर कार्यवाही लगातार जारी है। आज नगर पालिक निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता एवं नगर निगम जोन क्रमांक 10 नगर निवेश विभाग ने जोन 10 जोन कमिश्नर श्री रमेश जायसवाल के नेतृत्व, कार्यपालन अभियंता श्री दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता श्री योगेश यदु, उप अभियंता श्री अतुल कुमार सिंह, श्री रविप्रभात साहू सहित देवपुरी के पटवारी की उपस्थिति में बाबू जगजीवनराम वार्ड क्रमांक 53 के देवपुरी कृष्णापुरी में कुर्सी फैक्ट्री के पीछे भिन्न 3 स्थानों में लगभग 7 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर स्थल में अज्ञात अवैध प्लाटिंगकर्ता द्वारा प्लाट कटिंग करने की गयी मार्किंग को हटाकर, अवैध मुरुम रोड को काटकर आवागमन बाधित करते हुए कारगर रोक लगाई गयी। उक्त स्थल पर निर्माणाधीन भवनों में निर्माण कार्य रूकवाकर कार्य हेतु प्रयुक्त सामानों को जप्त कर लिया गया । नगर निगम जोन 10 के जोन कमिश्नर ने बताया कि रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 10 के बाबू जगजीवनराम वार्ड क्रमांक 53 के देवपुरी कृष्णापुरी कुर्सी फैक्ट्री के पीछे भिन्न 3 स्थानों में लगभग 7 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी गयी है। जोन 10 के नगर निवेश विभाग के माध्यम से रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर निजी भूमि के भूमि स्वामियों की जानकारी सम्बंधित नगर निगम जोन 10 को शीघ्र उपलब्ध करवाने कहा गया है। तहसील कार्यालय से जानकारी मिलते ही छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अवैध प्लाटिंगकर्ता के विरूद्ध संबंधित पुलिस थाना में नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने नामजद एफआईआर दर्ज करवायी जायेगी।

### कलेक्टर ने डॉग शेल्टर का किया निरीक्षण

**रायपुर 12 जून।** आज रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह ने नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा सहित सोनडोंगरी में निर्माणाधीन डॉग शेल्टर के कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। रायपुर जिला कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने डॉग शेल्टर परिसर में बाउंड्रीवाल से लगकर शीघ्र सघन वृक्षारोपण अभियान पूर्वक समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से करवाने के निर्देश दिये. रायपुर जिला कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने डॉग शेल्टर में श्वानों की अंतिम संस्कार क्रिया हेतु डॉग क्रीमेटोरियम की व्यवस्था रखवाना सुनिश्चित करने के निर्देश नगर निगम जोन क्रमांक 8 के कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक गुप्ता को दिये. रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह एवं निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निरीक्षण के दौरान जोन 8 कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि सोनडोंगरी में निर्माणाधीन डॉग शेल्टर में एक साथ 50 श्वानों को रखने की व्यवस्था रहेगी। पशु चिकित्सक, उनके स्टॉफ, ऑपरेशन थिएटर, सहित सभी व्यवस्थायें शासकीय पशु चिकित्सालय की तर्ज पर रहेंगी। रायपुर जिला कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने डॉग शेल्टर के कार्य को तेजी के साथ कार्य करवाते हुए माह जुलाई 2024 के अंतिम सप्ताह तक पूर्ण करवाने के निर्देश दिये है।

# बाबा गुरु घासीदास ने दिखाया शांति और सद्भाव का मार्गः मुख्यमंत्री

**रायपुर, 12 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार जिले की घटना के संबंध में सतनामी समाज के प्रमुखों से कहा है कि बाबा गुरू घासीदास का संदेश समाज में शांति और सद्भाव का रहा है। आप सबकी भी जिम्मेदारी है कि समाज भ्रमित न हो और शांति स्थापित करने की दिशा में साथ मिलकर आगे बढ़े। सतनामी समाज प्रमुखों ने कहा कि समाज के सभी लोग घटना से आहत हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने प्रदर्शन के दौरान हिंसा और तोड़फोड़ की कार्रवाई की है, वे असामाजिक तत्व थे और हमारे प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा नहीं थे। शांति और सौहार्द्र स्थापित करने के लिए हम सब दृढ़संकल्पित है। गौरतलब है कि सतनामी समाज के राज्यभर से आए प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री श्री साय से आज यहां उनके निवास कार्यालय में



मुलाकात की और बलौदाबाजार जिले में हुई घटना के संबंध में शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण चर्चा की और एक बार फिर शांति स्थापित करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प दोहराया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि सतनामी समाज परम पूज्य गुरू बाबा घासीदास के अनुयायी है। बाबा ने दुनिया को सत्य और अहिंसा का रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों असामाजिक तत्वों द्वारा जैतखाम का अपमान किया गया। शासन ने इसका संज्ञान लेते हुए न्यायिक जांच की घोषणा भी की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा शांति के टापू छत्तीसगढ़ में इस घटना का होना अत्यंत निंदनीय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सतनामी समाज के प्रमुखों से कहा कि आप सभी प्रदेश के विभिन्न इलाकों से आए हैं। आप सबकी भी जिम्मेदारी है कि भ्रम की स्थिति न निर्मित हो और शांति स्थापित करने की दिशा में सब साथ मिलकर आगे बढ़े। मुख्यमंत्री ने समाज प्रमुखों से कहा कि किसी भी निर्दोष को सजा नहीं होगी। आप सभी ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित करने के उद्देश्य से यह शांतिपूर्ण आयोजन किया था, जिसमें कुछ असामाजिक तत्वों के हस्तक्षेप से यह घटना घटी। चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने पवित्र अमरगुफा में जैतखाम को क्षति पहुंचाने की घटना के संबंध में शासन द्वारा अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी दी। इस दौरान प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद भतपहरी ने कहा कि हमारा समाज परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास जी का अनुयायी है। हम सत्य, अहिंसा और सद्भाव को मानने वाले लोग है। हम मनखे-मनखे एक समान को मानते हैं। बलौदाबाजार जिले की इस घटना ने हम सभी को आहत किया है। हम सब चाहते हैं कि समाज में शांति स्थापित हो और हम अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए शासन के साथ मिलकर इस दिशा में काम करने के उत्सुक है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव, कैबिनेट मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, श्री दयाल दास बघेल, श्री टंक राम वर्मा, विधायक श्री अजय चंद्राकर, पूर्व विधायक श्री शिवरतन शर्मा, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के उपाध्यक्ष श्री सरजु प्रसाद धृतलहरे, संरक्षक श्री विनोद भारती, सतनामी कल्याण समिति, सतनामी सेवा समिति, सतनामी उत्थान समिति के जिला अध्यक्ष, कार्याकारिणी सदस्य सहित समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री वीसी शुक्ल की पुण्यतिथि पर शहर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 12 जून।** अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री पंडित विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर मंगलवार 11 जून को स्थानीय कांग्रेस भवन में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में संगोष्ठी सभा आयोजित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि सर्वप्रथम शहीद स्व. विद्याचरण शुक्ल जी के तैलचित्र पर कांग्रेसजनों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा ''विद्या भईया अमर रहे के नारे लगाए गए''। संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू ने वरिष्ठ नेता पंडित विद्याचरण शुक्ला को नमन करते हुए कहा कि विद्या भईया ने देश के साथ-साथ अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अनेकों कार्य किए है। इंदिरा जी के प्रधानमंत्रित्व काल में सूचना-प्रसारण व जल संसाधन मंत्री बने और देश के विकास में अपना योगदान दिए थे। विद्या भईया आजीवन समाजसेवा व देश सेवा में लगे रहे और उन्होंने कई बार लोकसभा में



अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। वे छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए काफी संघर्ष किया था। सन 2013 के परिवर्तन यात्रा में झीरम घाटी में उन्हें गोली लगी थी और आज ही के दिन 11 जून 2013 में उनका निधन हुआ था।

संगोष्ठी सभा के नेतृत्वकर्ता शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के 11वीं पुण्यतिथि पर नमन करते हुए कहा कि पंडित विद्याचरण शुक्ल एक दमदार राजनेता थे। वे सदैव संगठन व कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाते रहे। छग से भाजपा की सरकार को उखाड फेकने के लिए संकल्पित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा परिवर्तन यात्रा निकाली गई थी। किन्तु बस्तर में परिवर्तन यात्रा के वापसी के दौरान 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सलियों द्वारा हमले में गोली लगने से घायल होने के बाद भी कई दिनों तक अस्पताल में संघर्ष करते रहे और 11 जून 2013 को अंतिम सांस ली। अलग-अलग विभागों में भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री रहते अविभाजित मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में अपनी भूमिका का निर्वाहन किया। कार्यक्रम के अंत में स्व.विद्याचरण शुक्ल को समस्त कांग्रेसजनों द्वारा दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। संगोष्ठी सभा को पंकज बाधव, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने संबोधित किया। तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। संगोष्ठी सभा में प्रमुख रूप से श्रीमती मोहिनी सिन्हा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखिजा, अतुल शर्मा, नारायण सोनी, विनोद यादव, चेतन सिन्हा, पार्षद मनीष साहू, सुरेन्द्र गजभिए, जितेन्द्र सिन्हा, निलेश पाण्डे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। उपस्थित कांग्रेसजनों का शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष झम्मन ने आभार व्यक्त किया।

# फर्जी पुलिस बनकर कई लोगों से अवैध वसूली करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 12 जून।** छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र बॉर्डर से लगे बोरतलाव थाना क्षेत्र में फर्जी पुलिस बनकर लोगों से वसूली करने वाले युवक को पुलिस ने धर दबोचा है। कई दिनों से पुलिस के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत लगातार पुलिस को मिल रही थी. ग्राम बोरललाव नक्सल प्रभावित क्षेत्र एवं महाराष्ट्र बॉर्डर होने की वजह से आरोपी लगातार मौके का फायदा उठाता रहा, लेकिन कब तक बिल्ली की मौसी खैर मनाएगी और 11 जून को नकली फर्जी पुलिस असली पुलिस के हाथ लग गया। पूरा मामला डोंगरगढ़ से 14 किलोमीटर दूर ग्राम बोरतलाव का है. जहाँ पर आरोपी गुप्तेश्वर उर्फ टिल्लू तिवारी निवासी चंगुर्दा (खैरागढ़) पुलिस की वर्दी पहन कंधे में दो स्टार लगाकर ग्रामीणों को धमका चमका कर अवैध वसूली करता था। जिसकी सूचना मुखबिर के जरिए बोरतलाव थाना प्रभारी मिलन सिंह को मिली. थाना प्रभारी और स्टाफ मौका स्थल पर पहुंचे तो काफी भीड़ थी व एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी पहने कंधे पर दो स्टार लगाए हुए लोगों को धमका रहा था. पुलिस ने तुरंत उसे घेराबंदी कर पकड़ा।

पहले तो आरोपी गुप्तेश्वर तिवारी पुलिस को सीआईडी का अधिकारी बताते हुए चमकाने की कोशिश कर सीआईडी और विशेष पुलिस का अधिकारी बताया परंतु बोरतलाव पुलिस ने अपने तरीके से पूछताछ की तो आरोपी गुप्तेश्वर ने अपना जुर्म कबूल लिया। पुलिस ने आरोपी को विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय के संमक्ष पेश किया जहाँ से जेल रवाना कर दिया गया ।



# बैज यह बताएं हार के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही कब तय की जा रही हैःभाजपा

**रायपुर 12 जून।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक रंजना साहू ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के ताजा बयान का हवाला देकर उनसे जानना चाहा है कि कांग्रेस की हार के लिए अगर कोई एक नेता जिम्मेदार नहीं है तो जो-जो नेता जिम्मेदार हैं, उनकी जवाबदेही कब तक तय की जा रही है? श्रीमती साहू ने कहा कि कांग्रेस छह माह पहले विधानसभा और अभी हाल ही के लोकसभा चुनाव में हुई अपनी शर्मनाक एक बार फिर अंतर्कलह से घिर गई है और बजाय हार के कारणों की समीक्षा करने के या हार की बौखलाहट में ऊलजलूल व अमर्यादित बयान देकर प्रलाप कर रहे हैं, या फिर आपसे में ही आरोप-प्रत्यारोप करके हार के लिए के एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती साहू ने कहा कि कांग्रेस में एक तरफ लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ को मिली करारी हार के बाद कांग्रेस के नेता हार की समीक्षा की मांग उठाने लगे हैं। चुनाव में प्रत्याशी चयन से लेकर अन्य मामलों में पहले भी नाराजगी सामने आई थी। हार के बाद अब वरिष्ठ नेताओं ने कई लोकसभा में बाहर से प्रत्याशी उतारे जाने और स्थानीय लोगों को दरकिनार करने का मुद्दा बना लिया है। श्रीमती साहू ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में फेरबदल की सुगबुगाहट इस बात का साफ संकेत है कि हार का ठीकरा फोड़ने के लिए मत्था तलाशा जा रहा है। प्रदेश प्रभारी और कांग्रेस हाईकमान को चुनाव के समय कांग्रेस पदाधिकारियों ने पत्र लिखकर संगठन में अनियमितता सहित कई मामलों से अवगत कराया था। प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में रहते हुए यहाँ पर विधानसभा चुनाव हारी। अब लोकसभा चुनाव हारने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कामकाज पर भी उंगली उठ रही है। लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन की ओर से कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं को अपने ही प्रत्याशियों पर टिप्पणी किए जाने पर पार्टी से निलंबन और निष्कासन की कार्रवाई की गई थी।

# अमलीडीह में बनने वाले गुरुकुल की आधारशिला रखेंगे मुख्यमंत्री

**पाटन 12 जून।** राजधानी रायपुर से लगे पाटन ब्लॉक के ग्राम अमलीडीह में श्री सहजानंद इंटरनेशनल गुरुकुल शिक्षा के साथ साथ बच्चो को संस्कारवान बनाना, पर्सनालिटी डेवलपमेंट के साथ खेल के लिए क्षेत्र में जल्द ही एक नई पहचान बनाने वाली है। एक विशाल प्रांगण में गुरुकुल की स्थापना की तैयारी जोरों से चल रही है। जिसका विधिवत शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा अर्चना के साथ 13 जून 2024 को सुबह 10 बजे होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपस्थित रहेंगे।। इसके अलावा कार्यक्रम में विशेष रूप से सांसद विजय बघेल सांसद और केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हर्षा लोकमणि चंद्राकर, सरपंच सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। इस गुरुकुल में नर्सरी क्लास से कक्षा बारहवी तक



का सीबीएससी कोर्स संचालित किया जाएगा।

प्रेस क्लब भवन रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए श्री कृष्ण वल्लभ स्वामी ने कहा की श्री स्वामी नारायण सेवा समिति द्वारा अमलीडीह में की श्री सहजानंद इंटरनेशनल गुरुकुल रायपुर का संचालन किए जाने निर्णय लिया गया है। इसकी आधारशिला 13 जून की रखी जाएगी। इसके बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सद शास्त्री श्री घनश्याम प्रकाश दास जी ने बताया की बच्चो को अच्छी शिक्षा के अच्छी संस्कार देना ही गुरुकुल की प्राथमिकता रहेगी। शिक्षा के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर के खेल की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया की आज शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार बच्चो को देना जरूरी होता का रहा है उसी को ध्यान में रखते हुए भगवत गीता का अध्ययन कराने विशेष क्लास भी लगाई जाएगी। इस संस्था से जुड़े जितेंद्र पटेल हर्षद पटेल ने बताया की आज बच्चे पढ़ाई में इतने व्यस्त हो जा रहे है की उसे अपनी अन्य प्रतिभा जैसे खेल, संस्कृति, बौद्धिक क्षमता दिखाने का अवसर ही नही मिलता। श्री सहजानंद इंटरनेशनल गुरुकुल इन विषयों पर भी विशेष फोकस करेगा। संस्था का उद्देश्य बच्चो का सर्वांगीण विकास कराना है।

### जीई रोड में फैलाकर फल दुकान लगाने, कचरा जलाने पर जतायी नराजगी

# बारिश के पूर्व नाला सफाई की स्थिति देखने पहुचे आयुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 12 जून।** नगर निगम के स्वास्थ्य अमला द्वारा बारिश के पूर्व शहर के सभी बड़े नाली नालो की सफाई कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत चरणबद्ध शहर के प्रमुख नाली-नालो की सफाई मेनुवल एवं जे.सी.बी. के माध्यम से कराई जा रही है। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने आज आर.के.नगर, पुलिस अधीक्षक निवास के पीछे के नाले की सफाई का निरीक्षण किया और निगम सीमाक्षेत्र के सभी नालो व नालियों की मानसून पूर्व अच्छी तरह से सफाई करवाने स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल व वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा को निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जी.ई.रोड में मनोकामना भवन के पास फैलाकर फल दुकान लगाने तथा कचरा जलाने पर नराजगी व्यक्त करते हुये फल वाले को दुकान



हटाने कहा तथा जुर्माना लगाने के निर्देशित किये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि नालो एवं नालियों की सफाई के दौरान विशेष सतर्कता बरते। पालिथीन, झिल्ली पन्नी नालियों में न रहने पाये, क्योकि झिल्ली पन्नी फसने से पानी निकासी बाधित होती है। उन्होंने कहा कि पानी भरान क्षेत्र नंदई, इंदिरा नगर, जिला चिकित्सालय के सामने के नालों की अच्छी तरह से सफाई कराये, झिल्ली पन्नी फसने को रोकने यथासंभव जाली लगाने के निर्देश सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम को दिये। इसके अलावा निचली बस्तिया जहॉ पानी भरान की स्थिति निर्मित होती है वहा के नाली नालो की सफाई करे, जरूरत पडने पर कच्ची नाली खोदे, बारिश के पूर्व शहर के सभी नालो की अच्छी तरह से सफाई करावे, ताकि बारिश में बरसाती पानी की निकास हो सके। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि शहर के मुख्य मार्गो तथा जी.ई.रोड के किनारे, आर.के.नगर मोड के पास फल एवं अन्य समान विक्रेता जिनके द्वारा फैलाकर दुकान लगाया जाता है, कचरा फैलाया व जलाया जाता है उसे यातायात विभाग के साथ मिलकर हटाने की कार्यवाही करे, कचरा जलाने व फैलाने पर जुर्माना लगावे, सड़े गले फल सब्जी विक्रय पर जप्ती की कार्यवाही करे।

## समाचार संक्षेप

### ब्लाक मानिकपुरी पनिका समाज ने मनाया कबीर प्राकट्य उत्सव



**डोंगरगांव 12 जून।** डोंगरगांव ब्लाक मानिकपुरी पनिका समाज द्वारा सदगुरु कबीर साहेब के प्राकट्य महोत्सव के पावन पर्व पर एक दिवसीय संगीतम ग्रंथ प्रवचन एवम सात्विक चौका आरती का कार्यकर्म रखा गया था जिसे सदगुरु कबीर साहेब भवन डोंगरगांव में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में दलेश्वर साहू विधायक, हीरा निषाद नगर पंचायतअध्यक्ष, भगत कोर्राम वार्ड पार्षद अखिलेश नखत,रोशन यदु, योगेश्वर दास मानिकपुरी जिला उपाध्यक्ष,चेतन दास मानिकपुरी अध्यक्ष डोंगरगांव ब्लाक,हेमंत दास मानिकपुरी,चिंता दास मानिकपुरी,रविन्द्र दास,सम्मुख दास,लवांग दास, पुरन दास,ढेलू दास,रोहित दास,एवम ब्लाक भर से आए सभी सामाजिकजन,ग्रामीण माताएं, बहनें सभी उपस्थिति रहे।

### शादी का प्रलोभन देकर बलात्कार करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 12 जून।** मामले का विवरण इस प्रकार है प्रार्थी दिनांक 15.05.2024 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक बेटी छुरिया जा रही हूं कहकर निकली थी जो घर वापस नही आयी है शंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 112/2024 धारा 363 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना क्रम में दिनांक 10.06.2024 को प्रार्थी थाना उपस्थित आकर बताया कि एक नंबर से फोन आया था जिसमें पीड़िता टेडेसरा के किराये के मकान में है बतायी है लेने आ जाओ बोल रही है कि सूचना पर अपहृता की बरामदगी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग से निर्देश प्राप्त कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में सायबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त कर पुलिस टीम एवं परिजनों के साथ रवाना होकर टेडेसरा पहूंचकर एक किराये के मकान में अपहृता को एक लड़के जिसकी उम्र 21 वर्ष था जिसका नाम पता पुछने पर अपना नाम देवेन्द्र बोरकर पिता कोमल बोरकर उम्र 21 साल निवासी भंसुला वार्ड क्र0 08 थाना अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी बताया मौके पर बरामदगी पंचनामा तैयार कर दोनों को थाना छुरिया लाया गया अपहृता की महिला पुलिस अधिकारी से धारा 161 जा.फौ. के अन्तर्गत कथन कराया गया, जिस पर अपहृता के कथनानुसार प्रकरण में धारा 366, 376(2) (ढ) भादवि 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई है। आरोपी को पुछताछ की गई जिस पर आरोपी द्वारा जुर्म कारित करना स्वीकार करने पर दिनांक 10.06.2024 के 21:00 बजे विधिवत् गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के परिजन को दिया जाकर मामला अजमानतीय होने से न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, आर. 1432 द्वारिका कलारी, आर. 460 फुलेन्द्र राजपूत, आर. 1662 प्रकाश कुर्रे, म0आर0 934 कुसुम एक्का का विशेष योगदान रहा।




### जिले की ग्राम पंचायतों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**धमतरी 12 जून।** स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के आज सातवें दिन जिले के ग्राम पंचायत स्तर पर व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय, सामुदायिक शौचालय परिसर, सभी शासकीय स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र एवं ग्राम पंचायत भवनों में शौचालयों की साफ-सफाई की गई। स्वच्छ हरित ग्राम आधारित रैली का आयोजन किया गया, जिसमे ग्राम पंचायत की ग्रीन आर्मी दीदीयों, कृषि सखी, पशु सखी, स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत उड़ेना, देवरी, भोथली, बोरिदखुर्द, बागतराई, अंगारा, लीलर, गागरा, बिंद्रानवागांव, नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत सांकरा, आमगांव, गिधावा, मल्हारी, सेमरा, चनागांव, गढ़ियापारा, सियादेही में आंगनबाड़ी केंद्र एवं सभी शासकीय भवनों की शौचालय, सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई कर स्वच्छता की अलख जगाई। महिलाओं ने पर्यावरण की दृष्टि से वर्षा ऋतु में पौध लगाने की शपथ लेकर गांव के अन्य लोगों को भी प्रेरित किया गया। ग्राम पंचायत कुकरेल में पानी है अमृत की धारा, पानी है हर जीव का सहारा। जल है तो कल है, आओ बूंद-बूंद बचाये हम, बारिश की गुंजन बोले हैं,हर पल मेरे ही संग्रहण में है, सुखी तुम्हारा कल। जीवन का एक ही सहारा, पर्यावरण हमको प्यारा जैसी नारा लेखन के माध्यम से स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के माध्यम से लोगों में जल और कल, पर्यावरण की महत्ता बताते हुए पेंड़ पौधे लगाने की अपील की गई। वहीं विकासखंड मगरलोड के ग्राम पंचायत शुक्लाभांठा में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की महिलाओं द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कर गांव को हमेशा स्वच्छ रखने जागरूक किया गया। स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के संदर्भ में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी हुई आबादी के सापेक्ष्य खुले में शौच मुक्त की स्थिति बनाये रखने के लिए स्वच्छ भारत मिशन की ग्रीन आर्मी, समूह की महिलाएं एवं ग्रामीणजनों के द्वारा व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय, सामुदायिक शौचालय परिसर, शासकीय स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत भवनों में शौचालयों की साफ-सफाई कर अभियान की सार्थकता निरूपित कर रही है।

संपादकीय

# इस घटना से सबको सबक लेने की जरूरत

कोई भी बड़ी और बुरी घटना चाहे देश में हो,राज्य में हो, जिले में हो या शहर में हो, उससे सबको सबक लेने की जरूरत रहती है। लेकिन ऐसा होता नहीं है, अक्सर हम मान लेते हैं कि यह किसी एक की गलती से हुआ है तथा बाकी लोगों को कोई गलती नहीं है। ऐसा होता नहीं है, कोई भी बड़ी और बुरी घटना तब होती है जब कई स्तरों पर गलती होती है। किसी भी स्तर पर छोटी सी गलती ही नजरअंदाज करने पर बड़ी गलती हो जाती है और उससे बड़ी घटना हो जाती है तो ज्यादातर इसके लिए जिला प्रशासन को ही दोषी मान लेते हैं। बलौदाबाजार में सरकारी दफतरों में हुई तोड़फोड़ व आगजनी के लिए जिला प्रशासन तो दोषी है ही, प्रदर्शन का आयोजन करने वालो को भी सोचना चाहिए कि उन्होंने तो आगजनी व तोड़फोॉ के बारे में सोचा नहीं था लेकिन वह हुआ कैसे। जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह जिले में शांति व्यवस्था व कानून व्यवस्था बनाए रखे। इस मामले में जिला प्रशासन असफल रहा है। सतनामी समाज के गिरौद्पुरी के मानकोनी स्थित धार्मिक स्थल में देर रात 15 मई को असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ की थी, इससे सतनामी समाज में नाराजगी थी। इस मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, समाज के लोग इससे संतुष्ट नहीं थे, उनका कहना था कि यह लोग दोषी नहीं है, दोषी लोगों को पुलिस बचाने का प्रयास कर रही है। समाज की नाराजगी को देखते हुए कलेक्टर ने समाज के लोगों से बात भी की। 9 जून को गृहमंत्री ने इस मामले की न्यायिक जांच की घोषणा भी की थी। इसके बाद भी समाज की नाराजगी खत्म नहीं हुई थी और समाज ने 10 जून को दशहरा मैदान में प्रदर्शन की अनुमति मांगी थी । सोमवार को प्रदर्शन के दौरान किसी कारण से हालात बिगड़े और प्रदर्शन कर रही भीड़ ने कलेक्टर व एसपी आफिस में तोड़फोड़ के साथ आग लगा दी, इस दौरान बड़ी संख्या में वाहन भी भीड़ ने जला दिए। इसमें कोई शक नहीं है कि पुलिस यह पता लगाने में असफल रही कि जिले में कुछ बुरा होने वाला है। छत्तीसगढ़ में आज से पहले कभी ऐसा नहीं हुआ कि भीड हिंसक हो जाए और सरकारी दफ्तर में घुसकर तोड़फोड़ कर, आग लगा दे वह भी कलेक्टर व एसपी के आफिस में। पुलिस व जिला प्रशासन ने जब प्रदर्शन की अनुमति दी तो वह सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं कर सकी। क्या पुलिस को पता नहीं था कि कितनी भीड़ एकत्र होने वाली है। भीड़ ज्यादा होती है तो कई बार वह जरा सी बात उग्र भी हो जाती है। यह बात तो पुलिस भी जानती है। पुलिस अधिकारियों को सिखाया जाता है कि भीड़ को कैसे काबू में किया जाता है, फिर पुलिस वाले भीड़ पर काबू क्यों नहीं पा सके। भीड़ ने पता नहीं कितने जरूरी सरकारी दस्तावेज जला दिए है, किसने सरकारी वाहन जला दिए है,यह सरकार का नुकसान है मतलब जनता का ही नुकसान है, क्योंकि जलाए गए वाहनों की जगह जो नए वाहन खरीदे जाएंगे वह भी तो जनता के पैसे से ही खरीदे जाएंगे।यह घटना तो हो गई कुछ लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। इतना काफी नहीं है, सरकार को इस घटना से सबक लेकर अब ऐसी व्यवस्था करनी होगी कि उग्र भीड़ फिर कभी इस तरह की हिंसा न कर सके। जिला प्रशासन को किसी प्रदर्शन की अनुमति देता है तो उसे संख्या में लोगों को प्रदर्शन की अनुमति दे। आयोजन करने वालों को इतने लोगों को ही प्रदर्शन करने के लिए बुलाना चाहिए जिन्हें वह नियंत्रित कर सके। जो उसक कहना माने। होता यह है कि प्रदर्शन का आयोजन करने वाले ज्यादा लोगों को बुला लेते हैं और भीड़ पर उनका कोई नियंत्रण नहीं रह जाता है, भीड़ में शामिल अराजक तत्व इस स्थिति का फायदा उठाकर पूरे जिले में कानून व्ययवस्था पर सवालिया निशान लगा देते हैं। इस घटना के बाद जिला प्रशासन को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए कि भीड़ कलेक्टर आफिस व एसपी आफिस तक पहुंच ही न सके। किसी संगठन को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपना है तो पांच से दस लोगों को ही इसकी अनुमति देनी चाहिए कि वह कलेक्टर आफिस जाकर ज्ञापन दे सकें। कलेक्टर व एएसपी आफिस में तोड़फोड़ व आगजनी से ऐसा संदेश जाता है कि जिले में प्रशासन नाम की कोई चीज ही नहीं है। इस मामले में दोषी लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए तकि फिर कोई इस तरह कलेक्टर आफिस व एसपी आफिस में घुसकर तोड़फोड़ करने की हिम्मत न कर सके। जब भी किसी समाज से जुड़ा कोई मामला सामने आए तो उसे जिला प्रशासन को गंभीरता से लेना चाहिए। साथ ही समाज को भी संवेदनशील मामले में धैर्य का परिचय देना चाहिए ।

समसामयिक

# लगेगी आग तो आयेंगे घर कई जद में ...

निर्मल रानी



विगत 6 जून को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर फिल्म अभिनेत्री व हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रानौत के गाल पर वहां सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात सीआई एस एफ की महिला सिपाही कुलविंदर कौर ने थप्पड़ जड़ दिया। किसी भी सुरक्षा कर्मी द्वारा अति सुरक्षित स्थान पर ऐसा अभद्र व्यवहार किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है। इस शर्मनाक घटना के बाद आरोपी महिला सिपाही कुलविंदर कौर को सीआईएसएफ ने तत्काल गिरफ़्तार कर उसे निलंबित भी कर दिया। इस घटना की पृष्ठभूमि यह है कि किसान आंदोलन के दौरान कंगना रानौत ने पंजाब के आंदोलनकारी किसानों को आतंकवादी तथा खालिस्तानी कहा था और यह भी कहा था कि किसान आंदोलन में शामिल प्रदर्शनकारी महिलाओं को सौ-सौ रुपये दे कर प्रदर्शन के लिये लाया गया था। खबरों के अनुसार किसानों के साथ शामिल महिला प्रदर्शनकारियों में महिला सिपाही कुलविंदर कौर की मां भी शामिल थी जो कंगना रानौत की 'महिलाओं को सौ-सौ रुपये लेकर प्रदर्शन करने' वाले बयान से बेहद आहत हुई थी। परिणाम स्वरूप उसी अपमानजनक बयान के बदले के रूप में यह अप्रत्याशित घटना सामने आई। किसान आंदोलन के दौरान ही कंगना ने ट्वीटर पर यह विवादित टिप्पणी भी की थी कि- 'कोई भी इसके बारे में बात नहीं कर रहा है क्योंकि वे किसान नहीं हैं, वे आतंकवादी हैं जो भारत को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि चीन हमारे कमजोर टूटे हुए राष्ट्र पर क़ब्जा कर सके और इसे यूएसए की तरह एक चीनी उपनिवेश बना सके... बैठ जाओ मूर्ख, हम अपने देश को तुम बेवक़ूफ़ों की तरह नहीं बेच रहे हैं।' हालांकि इस पोस्ट पर हुई आलोचना के बाद कंगना ने इस पोस्ट को भी हटा लिया था। निश्चित रूप से यदि सिपाही कुलविंदर कौर का कृत्य ग़लत है तो कंगना रानौत के ऐसे बयानों को भी सही नहीं ठहराया जा सकता। इस घटना के बाद कंगना रानौत द्वारा दिये गये एक और विवादित बयान ने इस मुद्दे पर चर्चा को और अधिक तूल दे दिया है जिसमे उन्होंने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर अपने साथ हुई घटना का विवरण देने के अंत में कहा कि हमें इस बात की चिंता है कि पंजाब में जो आतंकवाद व उग्रवाद बढ़ रहा है हम उससे कैसे निपटते हैं।' उनके इस बयान के बाद किसान और भी कड़ी आपत्ति जता रहे हैं और कुलविंदर के समर्थन में एकजुट हो गए हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सहित अनेक नेताओं ने कहा है कि इस घटना को पंजाब में आतंकवाद व उग्रवाद फैलने से जोड़ना बिल्कुल ग़लत है और एक सांसद के नाते तो कंगना को ऐसी बात हरगिज नहीं करनी चाहिये। परन्तु कंगना के इस 'आतंकवाद ' वाले बयान ने देश में पिछले कुछ दिनों के भीतर हुई ऐसी घटनाओं की याद दिलाते हुये 'आतंकवाद' व उग्रवाद पर एक बहस जरूर छेड़ दी है। याद कीजिये अभी गत 18 मई को जब उत्तर-पूर्वी दिल्ली से लोकसभा के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार अपने निर्वाचन क्षेत्र के उस्मानपुर इलाक़े में चुनाव प्रचार कर रहे थे उस समय उन पर पहले कुछ लोगों ने स्याही फेंकी और फिर उनके गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। मारने वाला व्यक्ति कन्हैया कुमार को टुकड़े टुकड़े गैंग का सदस्य बता रहा था। कन्हैया कुमार के इन दो हमलावरों में दक्ष चौधरी नाम का वह व्यक्ति भी था जिसने पिछले दिनों फैजाबाद के चुनाव परिणामों से खिन्न होकर अयोध्या के लोगों को अपमानित किया था। यह लोग ह्यहिंदू रक्षा दलह्ल नमक किसी संगठन से जुड़े थे। इन्होंने इनके अनुसार ह्यराम को घर वापसी कराने वाली पार्टीह्ल ( भाजपा ) को वोट ना देने पर अयोध्यावासियों को गालियां दीं थी। क्या इस तरह की सोच व ऐसे कृत्य को उग्रवाद व आतंकवाद से प्रेरित सोच कहना चाहिये ? इसी तरह 13 अक्टूबर, 2011 को प्रसिद्ध वकील प्रशांत भूषण पर सुप्रीम कोर्ट में उनके चैंबर में हमला किया गया था। उस दिन तीन लोग प्रशांत भूषण के चैंबर में घुस आए थे और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। भूषण उस समय किसी टीवी चैनल को साक्षात्कार दे रहे थे। अतिवादियों ने प्रशांत भूषण को थप्पड़ और लात मारी। वे फर्श पर गिर गए, उनका चश्मा गिर गया और उनकी शर्ट फट गई थी। भूषण के एक हमलावर तेजिंदर पाल सिंह बग्गा को बाद में भाजपा ने अपनी पार्टी में शामिल कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी दी थी । हमलावरों ने स्वयं को श्री राम सेना से बताया था। यह वही दक्षिणपंथी हिंदू चरमपंथी समूह था जिसके कार्यकर्ताओं ने 2009 में मैंगलोर के एक पब में बैठी युवतियों पर हमला किया था। यह उग्रवाद व अतिवाद नहीं तो और क्या है ? और गत वर्ष 31 जुलाई को सुबह 5 बजे जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन में घटी उस हिंसक घटना को क्या नाम दिया जाये जब वापी और बोरी वली रेलवे स्टेशन के बीच दौड़ रही इस ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात आर पी एफ के एक 30 वर्षीय कॉन्स्टेबल चेतन सिंह ने गोलीबारी कर अपने सीनियर एक इंस्पेक्टर टीकाराम मीणा सहित अब्दुल क़ादिर ,असग़र अब्बास शेख व सैयद सैफुल्लाह नामक चार व्यक्तियों की हत्या कर दी थी। देश में मॉब लिंचिंग के सैकड़ों मामले हो चुके हैं। धर्म व जाति विशेष के लोगों को निशाना बनाया जाता रहता है। गौ रक्षा के नाम पर स्वयंभू गौरक्षक तमाम लोगों को मार चुके हैं। मंत्री सांसद विधायक व स्वयंभू धमर्गुरु धर्म विशेष के लोगों को आतंकी बताते हैं तो कभी उन्हें सार्वजनिक रूप से धमकियाँ देते हैं। यह आतंकवाद व अतिवाद नहीं तो और क्या है। हिन्दू जागरण के नाम पर आजकल बेखौफ होकर नफरत फैलाई जा रही है। जिससे समाज का सीधा सादा बेरोजगार युवा उनके झूठे नफरत भरे दुष्प्रचार से प्रभावित होकर धर्म विशेष के प्रति उग्र हो रहा है। ऐसे लोगों पर नकेल कसने वाला कोई नहीं। बल्कि ऐसे असामाजिक व अवांछित तत्वों की किसी न किसी तरह हौसला अफजाई की जाती है। पंजाब इस समय पूर्णतयः शांतप्रिय राज्य है। यहाँ शांति क़ायम करने में अनेक लोगों को अपनी जान की क़ुर्बानियां देनी पड़ी है। लिहाजा अपनी बदजुबानी के लिये मुआफी मांगने या उसपर पश्चात्ताप करने के बजाये किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा आतंकवाद की चिंता व्यक्त करने पर जिसे यह भी नहीं पता कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू थे,सुभाषचंद्र बोस नहीं। जिसे यह भी नहीं पता कि देश 1947 में आजाद हुआ था 2014 में नहीं, अफसोस ही व्यक्त किया जा सकता है। यदि कहीं अतिवाद का धुआं उठता भी हो तो उसे हवा देने के बजाये उसपर पानी डाल कर धुआं खत्म करने की जरुरत है। इस सन्दर्भ में राहत इंदौरी का यह शेर जरूर याद रखना चाहिये कि -'लगेगी आग तो आयेंगे घर कई जद में । यहाँ पे सिर्फ हमारा मकान थोड़ी है ।।



## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको अपने खर्चे पर नियंत्रण रखना चाहिए। किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग लेखक हैं, उनकी किसी कविता को ज्यादा से ज्यादा लोग पसंद करेंगे, आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। आज माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तक पहुंचाने में मदद करेगा। आपको किसी काम में दोस्तों से सहयता मिलेगी।

वृष राशि-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप परिवार वालों के साथ टाईम स्पेंड करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आप किसी काम को नए सिरे से शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे।आज आपके कार्य समय से पूरे होते चले जाएंगे। लवमेट आज अपने रिश्ते को और मजबूत बनाने के लिए फ़ोन द्वारा पर चर्चा करेंगे।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको फायदा होगा। आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ हो सकता है। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नए अवसर प्राप्त होंगे। आप कोई भी अवसर हाथ से ना जाने दें। आपके काम में सफलता मिलेगी। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आपको मनचाही जगह पर ट्रांसफर का ऑफर मिल सकता है।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आपका कोई नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है। आप उनसे अपनी कोई निजी बातें शेयर कर सकते हैं। इससे आपके मन की उलझन थोड़ी कम होगी। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आज किसी रिश्तेदार की मदद मिल सकती है। छात्रों के लिए दिन ठीक है। छात्रों की पढ़ाई में आ रही समस्याएं किसी की मदद से दूर हो सकती है। आपको नतीजों की ज्यादा फिक्र ना करके अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। बड़े-बुजुर्ग आपको कोई खास सलाह दे सकते हैं, जो आगे चलकर आपके बहुत ही काम आएगी।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो पूरा हो जाएगा... साथ ही अन्य कामों की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके विवाह की बात फाइनल हो जाएगी। घर का माहौल बेहतर बना रहेगा। काम के मामले में कुछ लोग आपसे सलाह मांग सकते हैं। अगर आप स्टूडेंट हैं और किसी विषय के लिए ट्यूशन क्लासेज लेना चाहते हैं, तो आज से शुरू कर सकते हैं। व्यापार में अचानक धन लाभ होगा।

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे, यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की कुछ उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जाएगा। रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। आज आपके आस-पास के लोग आपके व्यवहार की तारीफ करेंगे। आज आप कोई महत्वपूर्ण काम समय से पहले निपटा लेंगे, सीनिअर आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप अपनी बात दूसरों को समझने में बहुत हद तक सफल होंगे। शाम को जीवनसाथी के साथ आनंददायक समय बीतेगा।

तुला राशि-आज का दिन बदलाव से भरा रहेगा। आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाएगा। आपको अपने करियर का कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। अगर आप नौकरी कर रहे हैं तो अचानक आपको किसी काम के लिए बाहर भेजा जा सकता है। काम की वजह से आप परिवार को पूरा समय नहीं दे पायेंगे, लेकिन परिवार का साथ बना रहेगा। आपको अपना काम समय पर पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए।

वृश्चिक राशि-आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। आपका जीवनसाथी आपको कोई बड़ी खुशखबरी देंगे। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आप स्ट्रॉंग रहेंगे। इंजीनियर्स को कोई बड़ा फायदा होगा। इस राशि के मैनेजर पॉस्ट के लोग अपने काम को अच्छे से संभालेंगे। बच्चों के साथ शॉपिंग करने मॉल जा सकते हैं, उन्हें काफी अच्छा लगेगा। आज आपके व्यापार की गति बढ़ेगी। इनकम बढ़ाने के मौके भी मिलेंगे।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपका काम समय पर पूरा होगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिए फायदेमंद रहेगी। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव कर सकते हैं। अपने कठिन विषयों को समझने के लिए किसी की मदद लेंगे। घर के किसी काम में जीवनसाथी की मदद मिलेगी।

मकर राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से आपको मदद मिलेगी, जिससे काम करने में आसानी होगी। किसी काम में माता-पिता की सलाह फायदेमंद साबित होगी। जीवनसाथी के साथ किसी रेस्टोरेंट में डिनर करने का प्लान बनायेंगे। इससे आपका रिश्ता और मजबूत बनेगा। इस राशि के स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं। आज आप अपने करियर के बारे में सोच-विचार करेंगे। आपके धन-संपत्ति में बढ़ोतरी होने की संभावना है। सेहत के मामले में आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई ऐसा काम दिया जाएगा, जिसे आप आसानी से पूरा कर लेंगे। आज आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। आपका वैवाहिक जीवन बेहतर बना रहेगा। आज आप अपनों की मदद के लिए तैयार रहेंगे। इस राशि के बिजनेसमैन को काम में कुछ नए अनुभव मिलेंगे। काम भी बेहतर ढंग से चलेगा। बच्चे पार्क में अपने दोस्तों के साथ खेलने जा सकते हैं। इनकम के नए स्रोत आपको प्राप्त होंगे।

मीन राशि-आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से रिलेटिड हो सकती है। आज आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। इससे आपका मन खुश रहेगा। इस राशि के बच्चे किसी ड्राइंग कॉम्पिटिशन में भाग ले सकते हैं। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होने की संभावना है। रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। घर के ज्यादातर कार्य पूरा करने में सफल होंगे।

व्यंग्य

# किताबों की व्यथा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

वे किताबें नालों में पड़ी लोट रही थीं। पहले लगा कि उन किताबों में शराब की प्रचार-प्रसार सामग्री छपी होगी, तभी तो उन पर ऐसा नशा चढ़ा होगा। बाद में किसी भलमानुस ने बताया कि इन्हें बच्चों तक पहुँचाना था क्योंकि स्कूल जो शुरू होने वाले हैं। किताबें भी सोचने लगीं - मजिल थी कहीं, जाना था कहीं और तक़दीर कहाँ ले आई है। कहने को तो स्मार्ट सिटी में हैं, फिर यह स्वच्छ भारत अभियान के पोस्टर के साथ इस नाले में क्या कर रही हैं? बाद में उन्हें समझ में आया कि स्मार्ट होने का मतलब शायद यही होता होगा। किताबें आपस में बातें करने लगीं। थोड़ी पतली सी, एकदम स्लिम ब्यूटी की तरह लग रही अंग्रेजी की किताब ने कहा झ्र वाट इज हैपिनिंग हिअर? आयम फीलिंग डिस्गस्टिंग। तभी हिंदी की किताब, जो थोड़ी मोटी और वाचाल लग रही थी, बीच में कूद पड़ी झ्र अरे-अरे, देखिए मैम साहब के नखरे। तुमको डिस्गस्टिंग लग रहा है। तुम्हारे चलते मेरे भीतर से कबीर, तुलसी की आत्मा निकाल दी गई है। बच्चे मुझे पाकर न ठीक से दो दोहे सीख पाते हैं और न कोई नौकरी।

तुम हो कि ट्विंकिल-ट्विंकिल लिटिल स्टार, बा बा ब्लाक शिप, रेन रेन गो अवे जैसी बिन सिर पैर की राइम सिखाकर बड़ी बन बैठी हो। तुम्हारी इन राइमों के चक्कर में हमारे बच्चे हिंदी के बालगीत भी नहीं सीख पाते। तुमने तो हमारा जीना हराम कर दिया है। इस पर अंग्रेजी किताब बोली झ्र नाच न जाने आंगन टेढ़ा। बच्चों को लुभाना छोड़कर मुझ पर आरोप मढ़ रही हो। बाबा आदम का जमाना लद चुका है। कुछ बदलो। मॉडर्नाइज्ड बनो। चाल-ढाल में बदलाव लाओ। इन सबके बीच सामाजिक अध्ययन की किताबें कूद पड़ी झ्र अरे-अरे ! तुम लोगों में थोड़ी भी सामाजिकता नहीं है। मिलजुलकर रहना आता ही नहीं। कुछ सीखो मुझसे। इतना सुनना था कि विज्ञान की किताबें टूट पड़ी झ्र अच्छा बहन, तुम चली हो सामाजिकता सिखाने। तुम्हारी सामाजिकता के चलते लोग आपस में लड़ रहे हैं। कोई नरम दल है तो कोई गरम दल। कोई पूँजीवाद का समर्थक तो कोई किसी और का। तुम तो रहने ही दो। कहाँ की बेकार की बातें लेकर बैठ गई हो। आज न कोई भाषा पढ़ता है न सामाजिक अध्ययन। लोग तो विज्ञान पढ़ते हैं। डॉक्टर बनते हैं। कभी सुना किसी को कि वह कवि या लेखक बनना चाहता है या फिर समाज सुधारक? तभी मोटी और बदसूरत सी लगने वाली गणित की किताब ने सभी को डाँटते हुए कहा झ्र मेरे बिना किसी की कोई हस्ती नहीं है। आज दुनिया में सबसे ज्यादा लोग इंजीनियर बन रहे हैं। सबका हिसाब-किताब रखती हूँ। सभी एक-दूसरे से लड़ने लगीं। वहीं एक कोने में कुछ किताबें सिसकियाँ भर रही थीं। यह देख हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक अध्ययन, विज्ञान और गणित की किताबें लड़ाई-झगड़ा रोककर कोने में पड़ी किताबों की सिसकियों का कारण पूछने लगीं। उन किताबों ने बताया झ्र हम मूल्य शिक्षा, जीवन कौशल शिक्षा और स्वास्थ्य शिक्षा की किताबें हैं। हम छपती तो अवश्य हैं लेकिन बच्चों के लिए नहीं बल्कि कांट्रेक्टरों के लिए। आप सभी सौभाग्यशाली हो कि कम से कम आप लोगों को बच्चों की छुअन का सुख तो मिलता है। हम हैं कि स्टोर रूम में पड़ी-पड़ी सड़ने के सिवाय कुछ नहीं कर सकतीं।

उधर, व्हाट्सप पर यह किस्सा पढ़कर बच्चे लोट-पोट हो रहे थे। इस कथा का यथार्थ केवल उन किताबों की नहीं, बल्कि हमारे शिक्षा तंत्र की भी है। स्मार्ट सिटी की स्मार्टनेस का यही तो प्रतीक है कि कागज पर किताबें स्मार्ट हो गई हैं और असलियत में नाले में बहती नजर आती हैं। 'स्वच्छ भारत' का नारा देने वाले ही शायद इन किताबों को नालों में बहा आए। आखिर किताबें भी तो आधुनिक होनी चाहिए, डिजिटल होना चाहिए। यह बात अलग है कि हमारे बच्चे अब किताबें नहीं, बल्कि स्माटफोन और टैबलेट में खोए रहते हैं। किताबें अब पुरानी हो गईं, पुराने जमाने की चीज बन गईं। स्मार्ट होने का यही तो मतलब है, कि आधुनिक बनो, किताबें पढ़ने का झंझट छोड़ो और स्क्रीन पर नजरें जमाओ। किताबों की हालत देखकर लगता है जैसे शिक्षा तंत्र का मजाक उड़ाया जा रहा हो। कितनी विडंबना है कि जिन किताबों को बच्चों के हाथों में होना चाहिए था, वे नाले में बह रही हैं और बच्चे स्माटफोन में व्यस्त हैं। शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है और इसके बावजूद हम स्मार्ट सिटी के नारे लगा रहे हैं। क्या यह विडंबना नहीं कि किताबें जिन्हें बच्चों की ज्ञान का स्रोत होना चाहिए, वे नालों में बह रही हैं और हम इसे स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा मान रहे हैं? विचार करने वाली बात यह है कि हम कहां जा रहे हैं और किस दिशा में बढ़ रहे हैं। अगर शिक्षा का स्तर ऐसा ही रहा तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य क्या होगा? क्या हम वाकई में स्मार्ट बन रहे हैं या फिर सिर्फ नारे और पोस्टर के सहारे जी रहे हैं? किताबों की व्यथा हमारी शिक्षा प्रणाली की असली तस्वीर दिखाती है, जिसे सुधारने की सख्त जरूरत है। तब तक, नाले में बहती इन किताबों की आवाज सुनते रहें और सोचें कि हम अपने बच्चों को कैसा भविष्य दे रहे हैं।

राजनीति

# संसद में दागी नेताओं की संख्या बढ़ना चिन्ताजनक

ललित गर्ग



देश में 18वीं लोकसभा चुनी जा चुकी है, मंत्रिमंडल का गठन हो चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और रिकॉर्ड संख्या में मतदाता होने के गर्व करने वाली स्थितियां हैं वहीं चिन्ताजनक, विचलित एवं परेशान करने वाली स्थितियां भी हैं। खबर आई है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में पहुंचने वाले 543 सांसदों में 46 फीसदी आपराधिक रिकॉर्ड रखते हैं जो पिछली बार से तीन प्रतिशत अधिक है। भारतीय राजनीति में आपराधिक छवि वाले या किसी अपराध के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को जनप्रतिनिधि बनाए जाने एवं उन्हें राष्ट्र-निर्माण की जिम्मेदारी दिया जाना-हर नागरिक के माथे पर चिंता की लकीर लाने वाली है। क्या इस स्थिति में देश की लोकतांत्रिक शुचिता एवं पवित्रता की रक्षा हो पाएगी? क्या हम आदर्श एवं मूल्यपरक समाज बना पाएंगे? क्या ये दागदार नेता एवं जन-प्रतिनिधि कालांतर हमारी व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मसलों का विश्लेषण करने वाली सचेतक संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2019 में चुने गये सांसदों में जहां 233 यानी 43 फीसदी ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की थी, वहीं अठाहरवीं लोकसभा के लिये चुने गए 251 सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की बात मानी है। जो कुल संख्या का 46 फीसदी बैठती है।

आज भारत की आजादी के अमृतकाल का एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि अपहरण के आरोपी अदालत में पेश होने की जगह मंत्री पद की शपथ लेने पहुंच जाते हैं। अरविन्द केजरीवाल जैसे नेता आम चुनाव में कहते हैं कि आप लोग बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी को वोट दें ताकि मैं जेल जाने से बच जाऊं। हम ऐसे चरित्रहीन एवं अपराधी तत्वों को जिम्मेदारी के पद देकर कैसे सुशासन एवं ईमानदार व्यवस्था स्थापित करेंगे? कैसे आम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे? कैसे संसद में दागियों के पहुंचने के लिये द्वार बंद होंगे? दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की सजग पहल पर ही वर्ष 2020 से सभी राजनीतिक दल लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड को प्रकाशित करने लगे है। निश्चित ही इस आदेश का मकसद देश की राजनीति को आपराधिक छवि वाले नेताओं से मुक्त करना ही था। लेकिन वास्तव में ऐसा हुआ नहीं क्योंकि तमाम राजनीतिक दलों की प्राथमिकता जीतने वाले उम्मीदवार थे, अब चाहे उनका आपराधिक रिकॉर्ड ही क्यों न हो। बड़ा प्रश्न है कि आखिर राजनीति में तब कौन आदर्श उपस्थित करेगा? क्या हो गया उन लोगों को जिन्होंने सदैव ही हर कुर्बानी करके आदर्श उपस्थित किया। लाखों के लिए अनुकरणीय बने, आदर्श बने। चाहे आजादी की लड़ाई हो, देश की सुरक्षा हो, धर्म की सुरक्षा हो, अपने वचन की रक्षा हो अथवा अपनी संस्कृति और अस्मिता की सुरक्षा का प्रश्न हो, उन्होंने फर्ज और वचन निभाने के लिए अपना सब कुछ होम दिया था। महाराणा प्रताप, भगत सिंह, दुर्गादास, छत्रसाल, शिवाजी जैसे वीरों ने अपनी तथा अपने परिवार की सुख-सुविधा को गौण कर बड़ी कुर्बानी दी थी। गुरु गोविन्दसिंह ने अपने दोनों पुत्रों को दीवार में चिनवा दिया और पन्नाधाय ने अपनी स्वामी भक्ति के लिए अपने पुत्र को कुर्बान कर दिया। ऐसे लोगों का तो मन्दिर बनना चाहिए। इनके मन्दिर नहीं बने, पर लोगों के सिर श्रद्धा से झुकते हैं, इनका नाम आते ही। लेकिन आज जिस तरह से हमारा राष्ट्रीय जीवन और सोच विकृत हुए हैं, हमारी राजनीति स्वार्थी एवं संकीर्ण बनी है, हमारा व्यवहार झूठा हुआ है, चेहरों से ज्यादा नकाबें ओढ़ रखी हैं, उसने हमारे सभी मूल्यों को धराशायी कर दिया। राष्ट्र के करोड़ों निवासी देश के भविष्य को लेकर चिन्ता और ऊहापोह में हैं। वक्त आ गया है जब देश की संस्कृति, गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिए कुछ शिखर के व्यक्तियों को भागीरथी प्रयास करना होगा। दिशाशून्य हुए नेतृत्व वर्ग के सामने नया मापदण्ड रखना होगा। अगर किसी हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में कोई व्यक्ति आरोपी है तो उसे राजनीतिक बता कर संरक्षण देने की कोशिश या राजनीतिक लाभ उठाने की कुचेष्ठा पर विराम लगाना ही होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार एवं अपराध मुक्त राजनीति को सदैव प्राथमिकता दी लेकिन चुनाव जीतने के रण में वे भी अपराधी राजनेताओं को प्रश्रय देते हुए दिखे हैं।

सभी राजनीतिक दलों ने ही दागी उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं। जो राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के भारी अंतर को ही उजागर करता है। सवाल है कि देश के लिये नीति निर्धारण करने वाले ऐसे दागी लोग हमारे भाग्यविधाता बने रहेंगे तो हमारा भविष्य कैसा होगा? क्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि चुने जाने के बाद हमारी कानून-व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? क्या होगा हमारे समाज व व्यवस्था का भविष्य? क्यों तमाम आदर्शों की बात करने वाले और दूसरे दलों के नेताओं की कारगुजारियों पर सवाल उठाने वाले नेता राजनीति को अपराधियों के वर्चस्व से मुक्त कराने की ईमानदार पहल नहीं करते? क्यों सभी राजनीतिक दल भारतीय लोकतंत्र में शुचिता एवं पवित्रता के लिये सहमति नहीं बनाते? निश्चित रूप से यदि समय रहते इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं होती तो आने वाले वर्षों में दागियों का यह प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जाएगा। इसके साथ ही बड़ा संकट यह भी है कि देश के निचले सदन में येन-केन-प्रकारेण करोड़पति बने नेताओं का वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है। इस बार संसद में चुनकर आए सांसदों में 504 करोड़पति हैं। ऐसे में क्या उम्मीद की जाए कि अपनी मेहनत की कमाई से जीवनयापन करने वाला आम आदमी कभी सांसद बनने की बात सोच सकता है? दागी एवं अपराधी राजनेता लोकतंत्र की एक बड़ी विडम्बना एवं विसंगति बनते जा रहे हैं। बात लोकसभा की ही नहीं है, विभिन्न राज्यों की सरकारों में भी कैसा विरोधाभास एवं विसंगति है कि एक अपराध छवि वाला नेता कानून मंत्री बन जाता है, एक अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे प्रतिनिधि को शिक्षा मंत्री बना दिया जाता है। ऐसे ही अन्य महत्वपूर्ण मंत्रालय के साथ होता है। यह कैसी विवशता है राजनीतिक दलों की? अक्सर राजनीति को अपराध मुक्त करने के दावे की हकीकत तब सामने आ जाती है जब किसी राज्य या केंद्र में गठबंधन सरकार के गठन का मौका आता है। यह खुशी की बात है कि केन्द्र में बनी गठबंधन सरकार के मंत्रिमण्डल में ऐसी विवशता को काफी सीमा तक नियंत्रित किया गया है। सीमाओं पर राष्ट्र की सुरक्षा करने वालों की केवल एक ही मांग सुनने में आती है कि मरने के बाद हमारी लाश हमारे घर पहुंचा दी जाए। ऐसा जब पढ़ते तो हमारा मस्तक उन जवानों को सलाम करता है, लगता है कि देश भक्ति और कुर्बानी का माद्दा अभी तक मरा नहीं है। लेकिन राजनीति में ऐसा आदर्श कब उपस्थित होगा। राजनीति में चरित्र एवं नैतिकता के दीये की रोशनी मन्द पड़ गई है, तेल डालना होगा। दिल्ली सरकार में मंत्रियों के घरों पर सीबीआई के छापे और जेल की सलाखें हो या बिहार मंत्री परिषद के गठन में अपराधी तत्वों की ताजपोशी-ये गंभीर मसले हैं, जिन पर राजनीति में गहन बहस हो, राजनीति के शुद्धिकरण का सार्थक प्रयास हो, यह नया भारत -सशक्त भारत की प्राथमिकताएं होनी ही चाहिए।

सभी अपनी-अपनी पहचान एवं स्वाथर्पूर्ति के लिए दौड़ रहे हैं, चिल्ला रहे हैं। कोई पैसे से, कोई अपनी सुंदरता से, कोई विद्वता से, कोई व्यवहार से अपनी स्वतंत्र पहचान के लिए प्रयास करते हैं। राजनीति की दशा इससे भी बदतर है कि यहां जनता के दिलों पर राज करने के लिये नेता अपराध, भ्रष्टाचार एवं चरित्रहीनता का सहारा लेते हैं। जातिवाद, प्रांतवाद, साम्प्रदायिकता को आधार बनाकर जनता को तोड़ने की कोशिशें होती है। पर हम कितना भ्रम पालते हैं। पहचान चरित्र के बिना नहीं बनती। बाकी सब अस्थायी है। चरित्र एक साधना है, तपस्या है। जिस प्रकार अहं का पेट बड़ा होता है, उसे रोज कुछ न कुछ चाहिए। उसी प्रकार राजनीतिक चरित्र को रोज संरक्षण चाहिए और यह सब दृढ़ मनोबल, साफ छवि, ईमानदारी एवं अपराध-मुक्ति से ही प्राप्त किया जा सकता है। राजनीति में चरित्र-नैतिकता सम्पन्न नेता ही रेस्पेक्टेबल (सम्माननीय) हो और वही एक्सेप्टेबल (स्वीकार्य) हो।

# विभिन्न पुरस्कारों के लिए आवेदन 30 जून तक

**धमतरी 12 जून ।** छत्तीसगढ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग भाग द्वारा हर साल खिलाडियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को प्रदान किये जाते हैं। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि पुरस्कारों के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून है। आवेदन पत्रों का प्रारूप विभाग की वेबसाइट द्धह्लह्लश्च-//ह्यश्चशह्लह्य42.ष्द.द्दश1.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है। गौरतलब है कि राज्य खेल अलंकरण के तहत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ी जिन्हें ÷शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार÷ से अलंकृत किया जाएगा, उन्हें राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया जाना होगा अथवा अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के उन खिलाडियों को ÷शहीद कौशल यादव पुरस्कार÷ प्रदाय किया जाएगा, जिनके द्वारा जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत 05 वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला, पुरुष खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया ।

# कितना भी दावा कर लो साहब, नहीं रुक रहा रेत का अवैध खनन

- लचकेरा में चल रहा है अवैध रेत घाट मीडिया की टीम को देखकर भागे चैन माउंटेन और हाईवा गाड़ी

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजिम, 12 जून।** जिले में रेत चोरी की घटना भले ही कुछ कम हुआ है पर पूरी तरह से बंद नहीं हुआ है और जिला प्रशासन के नाक के नीचे से पिछले लगातार 2 माह से रेत चोरी चुपके से कहे या साठगाठ से चले आ रहे हैं साथ ही ये रेत चोर लगातार सक्रिय हैं और रेत चोरी के तरह तरह के हथकंडे अपना रहे हैं जिस वजह से यहा रेत चोरी रुकने का नाम नहीं ले रहा है जिले के खनिज विभाग और राजस्व विभाग की आपसी सांठगांठ और देखरेख में यह लचकेरा घाट चल रहा है तथा अवैध रेट घट बंद होने का नाम नहीं ले रहा है यही वजह है कि जिले में अब तक रेत चोरों के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई जबकि कुछ रोज पहले ग्राम पंचायत के महिला सरपंच को बर्खास्त कर, और नदी में 25 फीट दीवाल बनाकर खूब वाहवाही बटोरी थी। पर खनिज और राजस्व विभाग ने यह तमगा तो हासिल तो कर लिया है पर जनाब जिले में एक भी अवैध खनन में रेत चोरों के ऊपर अब तक एक भी कार्यवाही क्यों नहीं ,और कार्यवाही की उम्मीद करना भी बेईमानी होगी पर जिस हिसाब से चोरी चोरी चुपके चुपके दिन रात में चोरी हो ही रही है इस पर जरा भी कार्रवाई नहीं करने की नीयत से खनिज विभाग और राजस्व विभाग ध्यान नहीं दे रहा है बता दे लचकेरा घाट में भरी दोपहरी जब मीडिया की टीम पहुंची तो तपती धूप में नदी के बीचों बीच लगभग 12 की संख्या में हाईवा गाड़ी खड़ी थी और एक चैन माउंटेन रेत लोड कर रहा था जब मीडिया की टीम नदी के किनारे से फोटो लेने लगा तो चैन माउंटेन को तुरंत वहां से भगा दिया गया देखते ही देखते सभी हाईवा गाड़ियां कतार में भागने लगे और चैन माउंटेन को महासमुंद जिले के ओर तेजी से भगाकर झाड़ियों में छिपा दिए ज्ञात हो कि बड़ी मात्रा में महासमुंद जिले के रास्ते से यह रेत चोरी चल रहा है जो गरियाबंद जिले के अंतिम छोर के जामगांव से होते हैं मुख्य मार्ग से रायपुर भिलाई दुर्ग महासमुंद में खपा रहे है

### रेत भरे हाईवा चलने से कुसुम खुटा - लचकेरा मार्ग में जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे

सबसे बड़ी बात यह है कि जिस तरह से हाईवे गाड़ियां चल रही है उसे लचकेरा ,कुसुम खुटा व मुख्य मार्ग का रास्ता पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया जगह-जगह बड़ी-बड़ी गढ़े हो गई है कुछ साल पहले यह सड़क निर्माण हुआ था पर इसमें ओवरलोड अवैध रूप से रेत गाड़ियां चलने की वजह से या सड़के दर्जनों जगह टूटा हुआ है।अब इस सड़क को तोडने की जिम्मेदार कौन आखिर अवैध रूप से चल रहा है ऐसे रेत घाटों की वजह से सड़के खराब हो रही आम जन जीवन आम नागरिक परेशान हो रहे हैं अवैध खनन से रेत चोर मालामाल हो रहा है और सड़कों का हाल पूरी तरीका से टूट कर बेहाल हो रहा है मौके पर पहुंची मीडिया की टीम में जाकर आसपास के ग्रामीणों से पूछा तो उन्होंने बताया कि कोई सिन्हा इस घाट को चला रहा है।

# अंदकुरी गांड़ा समाज ने किया छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं युवा-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन

**कोण्डागांव, 12 जून।** अंदकुरी गांड़ा समाज के तत्वाधान में जिला स्तरीय छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं युवा-युवती परिचय सम्मेलन समारोह आयोजन किया गया । आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी एवं बुढ़ादेव की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित की गई तत्पश्चात इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजाराम त्रिपाठी रहे, विशिष्ट अतिथि श्री सुषील दर्रो प्रांताध्यक्ष, श्री अनिल कोर्राम प्रांतिय सचिव, श्री चरण सिंह गंधर्व सलाहकार, श्रीमति युवती कोर्राम महिला प्रांतीय अध्यक्षा रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री करण कोर्राम वरिष्ठ जिलाध्यक्ष, श्री विरेन्द्र बघेल युवा जिलाध्यक्ष, श्री धनीराम मरकाम कर्मचारी/अधिकारी प्रकोष्ट व श्रीमती सुभद्रा कोर्राम महिला जिलाध्यक्ष मंच में स्वागत किया गया तथा इस कार्यक्रम में युवा युवती परिचय एवं वर-वधू की जानकारी दी गई । जिन युवा युवती ने अपना परिचय हेतु फार्म भरे थे । उन्होने अपना परिचय बारी-बारी से दिये तथा समारोह में वर्ष 2023-24 के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया, जिससे पुरस्कृत मेधावियों के चेहरे खिल उठे। समाज द्वारा आठवी, दसवीं, बारहवी में जो बच्चे 60 प्रतिषत से ज्यादा अंक प्राप्त किये थे, उन सभी बच्चों का प्रमाण पत्र मंगाई गई थी । जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्रतिभाओं को मोमेंटो एवं प्रसस्ति प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया । जिले के सभी 59 मण्डलों में युवाओं एवं 30 समाज सेवी उत्कृष्ठ कार्य के लिए समाज के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया । डॉ. राजाराम त्रिपाठी के द्वारा गांड़ा जाति के लिए जो भारत देश में शोध किया गया था । उस पुस्तक का जो कि गांड़ा अनुसूचित जाति या जनजाति के नाम से प्रकाषित किया गया है। उसका सामाजिक पदाधिकारियों के गरिमामयी उपस्थिति में स्वयं एवं हमारे अंदकुरी गांड़ा जाति के पदाधिकारियों के



कर कमलों से विमोचन किया गया । तत्पष्चात डॉ राजाराम त्रिपाठी के द्वारा अंदकुरी गांड़ा समाज के बारे में जानकारी दी गई ओर उन्होने कहा कि गांड़ा जाति एक सुरवीर एवं महान जाति है। जो अग्रिम पंति में रहकर अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करने वाली जाति है। उन्होने कपड़ा बनाया लोंगो को कपड़ा पहनाना सिखाया, जंगलों में मिलने वाली जढ़ी बुटी की जानकारी से दवा बनाई ओर लोगों को रोग मुक्त किया । आज ऐसे महान जाति उपेक्षा का षिकार हुये है। समाज में सम्मानित जिवन जिने का पहला मूल मंत्र गांड़ा जाति ने ही षिखाया है। उन्होने आगे कहा कि ''गोंड गांव में गांड़ा सियान'' यह कहावत आज भी चरितार्थ है। जबकि यह गांड़ा जाति का शादी-विवाह, छट्टी, मरनी उक्त सभी रूढ़ि प्रथा आदिवासियों के समान ही आज भी अंदकुरी गांड़ा समाज के लोगों के द्वारा किया जाता है। वही प्रांतीय सचिव श्री अनिल कोर्राम जी के द्वारा छात्र-छात्राए अगर सतत प्रयास करते रहें तो सफलता अवश्य मिलती है। आगे उन्होने कहा कि आज भी गांड़ा जाति के बाजा के बीना कोई भी सामाजिक कार्य में अन्य समाज के देवी-देवता नहीं नाचते । परंतु हजारे बाजा को अभी अन्य समाज के लोंगों के द्वारा एक आय का जरीया बनाकर पेड बाजा, धुमाल बाजा आदि के विकृत रूप को समाज में परोसा जा रहा है। जबकि कहावत यह है कि गांड़ा का गुनी एवं सरग की थुनी आज भी चरितार्थ है। क्योंकि बाजा बजाने का कला एवं गुन अंदकुरी गांड़ा समाज के लोंगों में है। यह ऐसा कला है, कोई अन्य समाज अपना भी लेता है। लेकिन वह गुन और देवी को नचाने का सक्ति नहीं है। इसका एकाधिकार केवल और केवल गांड़ा जाति को विरासत में मिली है। वही युवा जिला अध्यक्ष श्री वीरेंद्र बघेल के द्वारा ओजपूर्ण उद्बोधन में कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा । समाज में शिक्षा का बहुत महत्व है, हर कठिनाइयों से निकल सकते है । साथ ही समाज में नशा नहीं करना, अपने बच्चो को बेहतर शिक्षा दे, एकता में बंधे रहे, समाज संगठित रहे और बेहतर माहौल देन के उद्देश्य से समाज द्वारा मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाना अति आवश्यक है। इससे एक प्रतिस्पर्धा समाज में आएगी जो समाज को विश्व के मंच पर स्थापित करेगी। आज अंदकुरी गांडा समाज में एकता है, एकता होने के कारण कोई भी समाज के व्यक्ति को मुसीबत में समाधान अवष्य होता है । विद्यार्थी यह मुकाम कठिन परिश्रम से प्राप्त करता है। ऐसे विद्यार्थियों को सम्मानित करने से समाज व राष्ट का कल्याण होता हैं। साथ ही उन्होने कहा कि जानकारी के अभाव में शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ हमारे समाज के व्यक्ति नहीं उठा पा रहे है। अगर आप लाभ उठाना चाहते है, और आपकों जानकारी नही तो हमको बताईये एवं समाज के जिम्मेदारी व्यक्तियों तक पहुचाहिए । ताकि आपकों समाज के व्यक्ति शासकीय योजना का लाभ लेने में सहायोग प्रदान करें । साथ ही वरिष्ठ जिलाध्यक्ष श्री करन कोर्राम द्वारा कहा कि जीवन में सफल होने के लिए आपको लक्ष्य निर्धारित करने और उसके प्रति दृढ़ संकल्प के साथ काम करने की आवश्यकता है। सफलता के लिए अपने समय का प्रबंधन करना जरूरी है इसलिए यदि आप जीवन में सफल होना चाहते हैं तो समय प्रबंधन कौशल सीखें। युवाओं के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। वे असंभव को संभव बनाने में माहिर हैं। जीवन में इसी तरह कठिन परिश्रम करते रहें और असफलताएं आने पर कभी निराश न हों। अथक प्रयासों से एक दिन मेहनत अवश्य रंग लाती हैं। इस कार्यक्रम में समस्त प्रांतीय पदाधिकारी एवं वरिष्ठ प्रकोष्ठ से जिला, ब्लॉक, मण्डल के समस्त पदाधिकारी एवं युवा प्रकोष्ठ के जिला, ब्लॉक, मण्डल के समस्त पदाधिकारी एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी एवं महिला प्रकोष्ठ के जिला, ब्लॉक, मण्डल के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन श्री दिनेष गंधर्व एवं श्री रितेष कोर्राम के द्वारा किया गया , उक्त जानकारी वीरेंद्र बघेल जिला अध्यक्ष अंदकुरी गाडा समाज युवा ने दी।

# कोंटा नगर में चोरी के मामले बढ़े

**सुकमा,12 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विगत पांच दिनों से चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। कोंटा नगर के 10 एवम् 11 नंबर वार्ड में विगत पांच दिनों से चोरी होने की खबर से मुहल्ले वासी परेशान अंधेरे की आड़ में चोरी की वारदात बढ़ रही है। गर्मी की छुट्टियां मनाने के लिए गए घरों में ताला तोड़कर चोरी किया जा रहा है। आरटीओ चेक पोस्ट के सामने आरएमपी ष्ठह्-के घर में ताला तोड़कर किया गया है चोरी। पूरे दरवाजे खुले हैं ष्ठह्-का परिवार आंध्र प्रदेश गया हुआ है। उनके आने से ही पता चलेगा कि क्या क्या सामान चोरी हुआ है। रात के 11 बजे के बाद भी अंधेरे में कुछ नए लोग घूमने की बात कोंटा वासी कह रहे हैं। जहां घर नहीं उस इलाके में लोगो का आना जाना हो रहा है कुत्ते रात भर भौंकने की आवाज आने की बात मोहल्ले वासी कह रहे हैं। कोंटा नगर में लगभग 30 प्रतिशत इलाके के खंभों में लाइट खराब पड़े हैं जिसकी आड़ में ये चोरिया बढ़ रही हैं। पुलिस गस्त की सख्त आवश्यकता है। जिसके माध्यम से रात 11 बजे के बाद नए चेहरों की शिनाख्त हो सकता है।

# माओवादियों को सामान सप्लाई करने वाले को पुलिस ने धर दबोचा,नक्सल सामग्री बरामद



**सुकमा,12 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा पुलिस द्वारा नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी कड़ी में दोरनापाल से जगरगुण्डा की ओर नक्सलियों का सामान ले जाते एक संदिग्ध व्यक्ति को धरदबोचा है, मुखबिर से सूचना मिलने पर निरीक्षक शषिकांत सिन्हा, थाना प्रभारी दोरनापाल के हमराह स्टाफ कुल 9 का बल देवरपल्ली की ओर रवाना होकर देवरपल्ली जंगल के पास एमसीपी की कार्यवाही कर रहे थे।

एमसीपी कार्यवाही के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया, संदिग्ध व्यक्ति से नाम-पता पूछने पर अपना नाम कृष्ण कुमार कड़ती उर्फ जोगा पिता हिड़मा कड़ती उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी बोमेड़ थाना पामेड़ जिला बीजापुर (छ.ग.) का निवासी होना बताया। संदेही के पास रखे प्लास्टिक बोरी को चेक करने पर 2 बंडल बिजली वायर, 5 नग इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 5 मीटर कोर्डेक्स वायर, 20 नग जिलेटीन रॉड, पोलिबियान इंजेक्षन 10 नग, न्यूरोबियान इंजेक्षन 7 नग, कॉटन पट्टी 1 पैकेट, ग्लूकोज बॉटल 5 नग, ड्रीप 5 नग, सीरिंज 10 नग, सिटरीजिन टेबलेट 10 पत्ता, नक्सली साहित्य 4 नग व पर्चा पॉम्प्लेट, 1 नग लाल कपड़े में बना नक्सली बैनर बरामद किया गया।

नक्सलियों के लिए शहरी सप्लायर का करता था काम उक्त सामान रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत ना करने तथा कड़ाई से पूछने पर नक्सलियों के लिए कमीशन के आधार पर शहरी सप्लायर का काम करना बताया और प्रतिबंधित माओवादी संगठन के बड़े कमांडरों के बताए अनुसार दोरनापाल के मरघट के पास जंगल में एक निश्चित स्थान पर एक व्यक्ति आकर लिस्ट के अनुसार नक्सलियों का सामान देकर जाता है। उस व्यक्ति को सिर्फ चेहरे से पहचानना नाम-पता नहीं मालूम होना बताया गया।उक्त कृत्य विधि विरूद्ध पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध थाना दोरनापाल में अपराध क्रमांक 6/2024 धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए विधिवत् गिरफ्तार कर को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**कांकेर, 12 जून।** कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार समय-सीमा की बैठक लेते हुए विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत लंबित कार्यों एवं प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में सभी अधिकारियों से कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन के लिए कार्य करें और जिले के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आम नागरिकों की मांग एवं समस्याओं पर प्राथमिकता से ध्यान दें और समय-सीमा में नियमानुसार उनका निराकरण करें।

कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने आज सुबह जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में नियद नेल्लानार योजना की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि राज्य शासन की यह एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत चयनित गांव एवं उसके आसपास पांच गांवों में सभी प्रमुख योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाना है। वहां आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, आधार कार्ड, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना सहित सभी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही वहां स्वास्थ्य केन्द्रों, स्कूलों और आंगनबाड़ी की स्थिति भी अच्छी हो इसके लिए भी प्रयास करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राम लला दर्शन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के जिले में क्रियान्वयन की जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ श्री सुमित अग्रवाल ने श्री रामलला दर्शन योजना के बारे में बताया कि इस योजना के अंतर्गत जिले से कुल 228 आवेदन प्राप्त हुए हैं। श्री रामलला दर्शन के लिए 26 जून को अगली ट्रेन रवाना होगी। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि इस योजना का लाभ जिले के सभी जरूरतमंद व्यक्तियों को मिलना चाहिए। इस योजना के तहत जिले में कुछ काम स्वीकृत होने के बाद भी अभी तक शुरू नहीं हो पाए हैं। उक्त कार्यों के शुरू नहीं होने के कारणों का पता लगाएं और उनका निराकरण कर निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं। जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में कुल 29 हजार 207 कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 22 हजार 996 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने जिले में धान उठाव की स्थिति की भी समीक्षा की और खाद्य विभाग के अधिकारियों को समितियों में जाकर वास्तविक स्थिति का जायजा लेने और निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने खाद एवं बीज की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए किसानों को समय पर वितरण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिले के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के तहत एवं अन्य निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिले के सभी स्कूलों के आसपास का स्थल बच्चों के लिए सुरक्षित हो यह सुनिश्चित करें।कलेक्टर ने बैठक में सभी अधिकारियों से वृक्षारोपण के लिए अभियान चलाने की बात भी कही। उन्होंने जिले में वृहद वृक्षारोपण के लिए भूमि का चयन कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वन मण्डलाधिकारी श्री आलोक वाजपेयी एवं श्री हेमचंद पहारे, एडीएम श्री एस. अहिरवार, श्री बीएस उईके एवं श्री जितेन्द्र कुर्रे, जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल सहित सभी एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मर्दापोटी को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र

**कांकेर, 12 जून ।** कलेक्टर श्री नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के अस्पतालों को मानकों के आधार पर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मर्दापोटी को एनक्यूएएस सर्टिफिकेट जारी किया गया है। गौरतलब है कि जिले में अब तक 3 अस्पतालों को एनक्यूएएस सर्टिफिकेट मिल चुका है। इस उपलब्धि के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने पूरे विभाग को बधाई देते हुए बताया कि इस सर्टिफिकेशन के बाद संस्थान को मिलने वाले प्रोत्साहन राशि से स्वास्थ्य सुविधाओं मे इजाफा होगा, जिसका लाभ क्षेत्र के जन सामान्य को मिल सकेगा। हमारी प्राथमिकता में जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारा एकमात्र उद्देश्य है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खरे ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र के लिए अस्पतालों का 12 मानकों पर मूल्यांकन किया जाता है, जिसके अंतर्गत मरीज संतुष्टि, संक्रमण नियंत्रण, क्लिनिकल सर्विसेस, सेवा प्रदायगी, सपोर्ट सर्विसेस, इनपुट, गुणवत्तापूर्ण प्रबंध, आउटपुट जैसे मानकों का मूल्यांकन किया जाता है। जो इन सभी मूल्यांकन पर पास होता है, उसे ही एनक्यूएएस सर्टिफिकेट दिया जाता है।

# 16 जून से 15 अगस्त तक नदी-नालों में मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**कांकेर, 12 जून।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने हेतु जिले में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1972 के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को ÷बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। इस दौरान जिले के समस्त नदी-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के बड़े या छोटे तालाब, जलाशय में सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के नियम-3 (5) के अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, उसमें लागू नहीं होगा।

# सुकमा के जिला पंचायत सीईओ आईएएस लक्ष्मण तिवारी छोड़ेंगे छत्तीसगढ़ कैडर, जाएंगे बिहार

**सुकमा,12 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत सीईओ आईएएस लक्ष्मण तिवारी अब छत्तीसगढ़ कैडर छोड़ेंगे। यह बड़ी बात हैं की छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के घोर नक्सल प्रभावित इलाको में एक जिला सुकमा में इनका केन्द्र था, और अब केंद्र सरकार ने उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर चेंज करने की अनुमति दे दी है. पति-पत्नी इंटर स्टेट सर्विस कैंडर (कॉमन कैडर) के आधार पर यह निर्णय लिया गया हैं.



आपको बता दे 2021 बैच के द्बस्-लक्ष्मण तिवारी ने बिहार के लिए कैडर चेंज कराया है. लक्ष्मण तिवारी अभी सुकमा में जिला पंचायत ष्टश्वह्र हैं, और एक कुशल नेतृत्व के अनुभवों में जाने जाते हैं.प्रदेश के लगभग अधिकांश लोगों को ज्ञात होगा की आईएएस लक्ष्मण तिवारी की शादी छत्तीसगढ़ की ही आईपीएस दिव्यांजलि जायसवाल से हुई है, लेकिन दिव्यांजलि जायसवाल फिलहाल बिहार कैडर की द्बक्क्ल्र अफसर हैं. छत्तीसगढ़ की अफसर बेटी दिव्यांजलि जायसवाल भी 2021 बैच की आईपीएस है, लेकिन उन्हें सर्विस कैडर बिहार अलॉट किया गया है.बिहार से है, आईएएस लक्ष्मण तिवारी-2021 बैच के आईएएस लक्ष्मण तिवारी मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं. उन्होंने पहले ही प्रयास में क्कस्ष्ट की परीक्षा में 71वीं रैंक हासिल किया, और उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर आवंटित किया गया था. वो अभी सुकमा में पोस्टेड हैं. बिहार के सिवान जिले के गोरियाकोठी प्रखंड के सैदपुरा गांव के रहने वाले लक्ष्मण तिवारी के पिता का नाम सुरेश तिवारी है. वर्ष 2019 में भी लक्ष्मण तिवारी ने यूपीएससी में सफलता हासिल की थी. तब 176 वां रैंक मिला था. उनका चयन आईपीएस के लिए हुआ. लेकिन मन में आईएएस बनने की कसक रह गई थी. जिसे पूरा करने के लिए वे जी जान से जुटे रहे. अब उन्होंने अपना सपना साकार कर लिया है. अब वे आईएएस अफसर हैं।

# केसीसी के नियमों का सरलीकरण कर अधिक से अधिक किसानों को दें लाभ:कलेक्टर

**जगदलपुर 12 जून।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के नियमों का सरलीकरण कर अधिक से अधिक किसानों का लाभ दिया जाए। लैम्पस में प्रत्येक दिन किसानों का पंजीयन, पर्ची काटने और खाद-बीज वितरण किया जाना सुनिश्चित करें। सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ खरीफ वर्ष के लिए किसानों द्वारा खाद-बीज की मांग जिले के जिन क्षेत्रों से अधिक आ रही है उन स्थानों में भंडारण सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर श्री विजय मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर उक्त निर्देश दिए।



बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के गत दिनों किसानों के खातों में हुए राशि हस्तांतरण की जानकारी किसानों से लेने के निर्देश दिए। किसानों का तहसीलदार द्वारा बैंक खाता सत्यापन के कार्य को गति देने भी कहा। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा किए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत आरआरसी से संबंधित प्रकरणों का एसडीएम कार्यालय को प्रेषित प्रकरणों को जल्द निराकरण करें। उन्होंने मनरेगा के तहत कृषि एवं संबद्ध विभागों, वन विभाग,एनआरएलएम को जोड़ कर काम दिया जाए। मनरेगा में अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार देने पर जोर देते हुए मनरेगा कार्ड के शुद्धिकरण करने के निर्देश दिए। अमृत सरोवर की भौतिक प्रगति की समीक्षा के दौरान फेस-2 अप्रारंभ कार्य को जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर कार्यक्रम के तहत प्रत्येक गांव में तालाब खोदने या गहरीकरण का कार्य होना चाहिए। कलेक्टर ने बस्तर, बकावण्ड क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 15, 16 एवं 17 जून को शिविर आयोजन के निर्देश दिए। शिविर में आयुष्मान कार्ड निर्माण, मनरेगा कार्ड का शुद्धिकरण, वन अधिकार पट्टाधारक मृत्तक हितग्राहियों की जानकारी अद्यतन करने, राशन कार्ड निर्माण, राशन कार्ड में सदस्यों का नाम जोड़ने-हटाने जैसे कार्य किया जाएगा। बैठक में योजनाओं की समीक्षा के दौरान विशेष केन्द्रीय सहायता अंतर्गत स्वीकृत कार्यो के राशि का सदुपयोग कर यूसी-सीसी जारी करने के निर्देश दिए। सीएसआर योजनांतर्गत के कार्यों, जिला खनिज न्यास संस्थान मद के कार्यों, पीएम आदि आदर्श ग्राम योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यो, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग से आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों का सिकल-सेल जांच करवाने और तीनों अर्बन पीएससी में भी ऑब्जरवेशन कार्ड को लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए ज्यादा बचे हितग्राहियों को जगहों पर विशेष फोकस कर कार्य करने के निर्देश दिए। जल-जीवन मिशन अन्तर्गत विकासखण्डवार कार्य पूर्णता की स्थिति का जल प्रदाय हेतु सोलर, विद्युत आधारित कनेक्शन की भी समीक्षा की गई। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डिस्मेंटल योग्य शालाओं का चिन्हांकन कर नियमानुसार कार्यवाही करने पर चर्चा किए। इसके अलावा समय-सीमा के प्रकरणों पर चर्चा किया गया। वित्त विभाग के निर्देशानुसार आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को ऑनलाइन माध्यम से देयकों का प्रस्तुतिकरण हेतु नवीन वित्त निर्देश का परिपालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। बंद योजनाओं की बैंक खातों की जानकारी देने के निर्देश दिए। इसके अलावा आगामी माहों में सेवानिवृत होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों पर आवश्यक कागजी कार्यवाही पूर्ण कर उनके सभी स्वत्वों का भुगतान करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 जून को विश्व रेडक्रास दिवस पर रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है उसमें अधिक से अधिक लोगों द्वारा रक्तदान करने की अपील की गई। साथ ही मलेरिया मुक्त बस्तर के अभियान की भी जानकारी दी गई। कलेक्टर ने बड़े-बड़े दुकानों में आगजनी से बचाव संबंधी जानकारी देने नगर निगम व नगर सेना अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय पर सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, वनमंडलाधिकारी श्री उत्तम गुप्ता, आईएफएस श्री वेंकटेश सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर

### शिविर में ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया



**बीजापुर,12 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर छत्तीसगढ के अतिसंवेदनशील नक्सप्रभावित ग्राम फुत्केल, ब्लॉक उसूर, बासागुडा थाना के अन्तर्गत स्थित सी/डी-229 वाहिनी के कमाण्डेन्ट श्री चंदम बॉबी सिंह के मार्गदर्शन में सिविक एक्शन प्रोग्राम 2024-25 के अन्तर्गत विभिन्न बिमारियों से ग्रस्त ग्रामिणों के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसके दौरान लोगों को विभिन्न प्रकार की दवाईयाँ वितरित की गयी। इस जनसम्पर्क अभियान के दौरान ग्राम फुत्केल के सभी ग्रामिणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा इस दौरान दुरस्थ गाँव चिल्कापल्ली से भी ग्रामीण आए । डॉ गोटपगर परेश शरद मुख्य चिकित्सा अधिकारी 229 वाहिनी के द्वारा जरूरतमंद लोगों का ईलाज कर दवाईयों का भी वितरण किया गया इसके साथ-साथ आयोजन में सम्मलित ग्रामीणों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई ।सी/डी-229 वाहिनी, के0रि0पु0बल द्वारा चिकित्सा शिविर में श्री आरची एंथोनी माहियो, द्वितीय कमाण अधिकारी, श्री भागीरथ मीणा सहायक कमाण्डेंट, डी/229 एवं श्री निशांत शर्मा, सहायक कमाण्डेंट, निरीक्षक/जीडी मुकेश कुमार एवं निरीक्षक/जीडी हिमांशु पाठक, व स्थानीय जनप्रतिनिधि सरपंच पुज्नु नुप्पु फुत्केल साथ ही चिल्कापल्ली के उप सरपंच राजेन्द्र सहित गाँव के गणमान्य लोगों की उपस्थिति पुरे कार्यक्रम के दौरान रही। इस अवसर पर सी/डी-229 वाहिनी समवाय अधिकारी द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधीयों से शिक्षित युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए तैयारी हेतु प्रेरित करने का अनुरोध किया गया और सभी ग्रामीणों को विकास कार्य से संबंधित गतिवीधियों के बारे में अवगत कराया गया ।

### व्ययसायिक परीक्षा मंडल की पीईटी व पीपीएचटी 13 जून को

**रायगढ़, 12 जून।** छत्तीसगढ़ व्यसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आगामी 13 जून 2024 को दो पाली में प्रातः 9 से अपरान्ह 12.15 बजे तक पीईटी एवं सायं को 2 से 5.15 बजे तक पीपीएचटी की भर्ती परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिसमें रायगढ़ जिले के अंतर्गत प्रथम प्रातः की पाली में 04 परीक्षा केंद्र बनाये गये है। जिसमें नगरीय क्षेत्रों में स्थित शासकीय नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल में 300, शासकीय पीडी कॉमर्स कॉलेज में 300, शासकीय चक्रधरनगर स्कूल में 200 एवं शासकीय कन्या स्कूल में 86 कुल 04 परीक्षा केंद्रों में 886 परीक्षार्थी प्रातः की पाली में शामिल होंगे। इसी तरह द्वितीय शाम की पाली में शासकीय नटवर स्कूल में 300, शासकीय पीडी कॉमर्स कॉलेज में 300, शासकीय चक्रधरनगर स्कूल में 200, शासकीय कन्या स्कूल में 250 एवं शासकीय जूटमिल स्कूल में 242 इस तरह कुल 05 परीक्षा केंद्रों में कुल 1292 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उपरोक्त परीक्षा केंद्रों के लिये जिला स्तर से केन्द्रवार पर्यवेक्षक नटवर स्कूल हेतु श्री मनोज षड़ंगी, व्याख्याता उमावि बरलिया, पीडी कॉमर्स कॉलेज में श्री खेमराम चौधरी, व्याख्याता, सेजेस कोंडातराई, चक्रधरनगर स्कूल में श्री छबिलाल चौधरी, प्राचार्य सेजेस औरदा, कन्या शाला में श्री वेद प्रकाश तिवारी, व्याख्याता उमावि कुसमरा एवं जूटमिल स्कूल में श्री मोहन पटेल, व्याख्याता, उमावि राबो नियुक्त किये गये है। उपरोक्त परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर रायगढ़ द्वारा श्री महेश शर्मा डिप्टी कलेक्टर, रायगढ़ को नोडल अधिकारी एवं श्री भुवनेश्वर पटेल, एपीसी समग्र शिक्षा को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन सम्पन्न करने के लिये केंद्राध्यक्षों, जिला द्वारा नियुक्त आब्जर्वर एवं समन्वयक संस्था से नियुक्त ऑब्जर्वर की ब्रीफिंग 11 जून 2024 को प्रातः 11 बजे किरोड़ीमल शासकीय महाविद्यालय रायगढ़ में आयोजित की गई।

### अधिकारियों के कार्य विभाजन आदेश में संशोधन

**महासमुंद 12 जून ।** प्रशासकीय दृष्टिकोण से शासकीय कार्यो के सुचारू संपादन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने पूर्व में अधिकारियों के मध्य किए गए कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है।

# आयुष्मान कार्ड बनाने का काम मिशन मोड में करें पूरा:कलेक्टर



**रायगढ़, 12 जून।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने सभी जिला अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अपने विभाग की योजनाओं और निर्देशों के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन और प्रगति की स्वयं मॉनिटरिंग करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री गोयल आज समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

कलेक्टर श्री गोयल ने आयुष्मान कार्ड के निर्माण की ब्लॉकवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहरी इलाकों में कार्ड निर्माण में विशेष रूप से तेजी लाने की जरूरत है। पूरे जिले में यह काम मिशन मोड में एक मुहिम के रूप में होना चाहिए। सभी एसडीएम इसके लिए संबंधित निकाय के अधिकारियों के साथ कार्ययोजना तैयार कर रोजाना की प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने सीएमएचओ से कहा कि अस्पतालों की ओपीडी में आने वाले लोगों की स्क्रुटनी कर ऐसे लोगों की पहचान की जा सकती है जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं। जिससे वहीं उनके कार्ड बनाने की प्रक्रिया की जा सकती है। कलेक्टर श्री गोयल ने इसके साथ ही पांच सहकारी समितियों में जन औषधि केन्द्र खोले जाने के संबंध में प्राप्त निर्देश के अनुरूप कार्यवाही जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गोयल ने शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी के बारे में जिला शिक्षाधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्कूलों में इस सत्र के प्रवेशोत्सव का गरिमामयी आयोजन किया जाए। उन्होंने स्कूलों में गणवेश वितरण की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि स्कूल खुलने के साथ ही आश्रम छात्रावासों के संचालन भी शुरू हो जाएंगे। इसके पूर्व छात्रावासों के निरीक्षण के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिन्हें हॉस्टल और आश्रम का निरीक्षण कर तैयारियों के संबंध में अपना प्रतिवेदन देना है। कलेक्टर श्री गोयल ने अवैध खनिज परिवहन पर कार्यवाही के संबंध में उप संचालक खनिज विभाग से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि लगातार अवैध परिवहन पर कार्यवाही होनी चाहिए। आबकारी विभाग को भी सभी मादक पदार्थों पर कार्यवाही को लेकर निर्देशित किया। कलेक्टर श्री गोयल ने इस मानसून में विभागों द्वारा किए जाने वाले वृक्षारोपण के तैयारियों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने वृक्षारोपण के लिए स्थल चयन, पौधे तैयार करने, तिथिवार वृक्षारोपण के शेड्यूल के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा के साथ ही दूसरे संबंधित विभागों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने इसके साथ ही उद्योग परिसरों में पौधरोपण के निर्देश दिए हैं, जिसके लिए उद्योगों को पौधे उपलब्ध करवाने और जरूरी कार्यवाही के लिए पर्यावरण और खनिज विभाग अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यों की भी समीक्षा की। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान कई स्थानों पर काम में अपेक्षानुरूप प्रगति नहीं होने पर गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने ईई पीएचई से कहा कि जहां समस्या आ रही है वहां अन्य विभागों से समन्वय करते हुए उसका निदान करें, फिल्ड पर काम में तेजी दिखनी चाहिए। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पानी के टंकियों की नियमित सफाई के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने जल संसाधन विभाग के कामों की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत किए जाने वाले कामों के प्रस्ताव नहीं दिए जाने को लेकर गहरी नाराजगी जतायी और तत्काल प्रस्ताव देने के निर्देश दिए, जिससे उन्हें स्वीकृति प्रदान कर कार्य शुरू कराया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने जल शक्ति अभियान और भू-जल सर्वेक्षण के कार्यों में भी गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सहायक श्रमायुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाये जाये। उन्होंने इसमें ईएसआईसी हॉस्पिटल का सहयोग लेने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

#### बारिश के पूर्व अस्पतालों में मौसमी बीमारियों की दवाओं का रखें पर्याप्त स्टॉक

कलेक्टर श्री गोयल ने सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी से कहा कि बारिश के पूर्व सभी अस्पतालों में उल्टी डायरिया जैसी मौसमी बीमारियों के दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखें। अस्पतालों में एंटी स्नेक वेनम भी रखें। उन्होंने पिछले सालों में जिन इलाकों में मौसमी बीमारियों की ज्यादा शिकायत थी उसकी मैपिंग कर वहां विशेष ध्यान देने के लिए कहा।

#### आंगनबाड़ी के रिक्त पदों पर जल्द भर्ती करें पूरी

कलेक्टर श्री गोयल ने आंगनबाड़ियों में रिक्तियों को भरे जाने के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी से जानकारी ली। बताया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विकासखण्ड वार विज्ञापन जारी किए जा रहे है। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि शीघ्र सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए भर्तियां पूर्ण कर ली जाए।

# धान की सीधी बुवाई करके कम लागत में प्राप्त कर सकते हैं अधिक उत्पादन:डॉ.केडी महंत



रायगढ़, 12 जून। मृदा वैज्ञानिक डॉ.के.डी.महंत ने जलवायु अनुकूल धान की डीसीआर (धान की सीधी बुवाई) तकनीक के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि धान की खेती में बढ़ती लागत चिंता का विषय बनी हुई है। एक तरफ मजदूर न मिलने से धान की रोपाई में बहुत परेशानी होती है, तो वहीं महंगी होती मजदूरी से खेती की लागत भी काफी बढ़ जाती है, जिससे किसानों को धान की खेती करने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं धान की खेती करने में किसानों को कई तरह के कार्य करने होते हैं, यह कार्य काफी मेहनत भरा होता है। मसलन, धान की खेती के लिए नर्सरी तैयार करना, रोपाई करना, रोपाई के खेत की तैयारी जैसे काम करने होते हैं, जो किसानों की लागत को बढ़ाते ही हैं साथ ही उनका समय भी खराब करते हैं।

प्रधान अन्वेषक डॉ.राजपूत, सह अन्वेषक डॉ.के.डी.महंत एवं वरिष्ठ अनुसंधान सहायक डॉ.मनोज साहू द्वारा समय अनुसार कृषि एडवाइजरी जारी किया जाता है। कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ में संचालित निकरा परियोजना अंतर्गत जलवायु लचीला प्रौद्योगिकी के माध्यम से किसानों को जरुरी सलाह दी जा रही है। मृदा वैज्ञानिक डॉ.महंत ने किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि किसान धान की सीधी बुवाई करके कम लागत से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। डीएसआर तकनीक से धान की बुआई करने पर धान की फसल रोपाई करके लगाई गई धान की फसल की तुलना में 7 से 10 दिन पहले पक कर तैयार हो जाती है। जिससे धान की फसल के बाद लगने वाली फसलों को समय पर लगाया जा सकता है। मृदा विशेषज्ञ डॉ.महंत ने कहा कि इस मशीन से धान की खेती करने के लिए किसानों को धान की नर्सरी तैयार करने की आवश्यकता नहीं होती है। डीएसआर मशीन के माध्यम से किसान धान की बीजों से सीधे खेत में बुवाई कर सकते हैं, इससे बुवाई करने पर श्रमिकों तथा पानी की कम आवश्यकता होती है। साथ ही अधिक क्षेत्र में कम समय के अंदर बुआई को पूरा किया जा सकता है। डॉ महंत ने बताया कि डीएसआर मशीन का पूरा नाम डायरेक्ट सीडेड राइस मशीन है। यह मशीन धान की परंपरागत रोपाई से हटकर कार्य करती है। इस मशीन से बुवाई करने से पहले खेत को लेजर लैंड लेवलर से समतल कराने की जरूरत होती है। उसके बाद डीएसआर मशीन के द्वारा बुवाई की प्रक्रिया को किया जाता है। इसके बाद इस मशीन से खाद और बीज को एक साथ बोया जाता है। यह मशीन बुआई करते समय खेत की भूमि में पतली लाइन चढ़ाती है। मशीन के साथ लगी दो अलग-अलग पाइप से उर्वरक और बीज अलग-अलग गिरता है, जिससे धान की बीज की बुआई होती है।

### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**महासमुंद 12 जून ।** कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने आज समय-सीमा की बैठक लेकर जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्री मलिक ने प्राइवेट स्कूल संचालकों की शिकायत मिलने के बाद संचालकों को शिक्षा विभाग से हर वर्ष मान्यता लेकर ही स्कूल संचालन करने के निर्देश दिए है।

उन्होंने सभी कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुंचने निर्देशित किया है। शासकीय योजनाओं के संबंध में समीक्षा करते हुए कहा कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी अद्यतन कर लेवें। उन्होंने श्रम विभाग अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का अधिक से अधिक पंजीयन कराने तथा लाभान्वित करने के निर्देश दिए है। राशनकार्ड धारकों से राशन कार्ड में मौजूद सदस्य की मृत्यु उपरांत नाम विलोपित कराने निर्देशित किया है। इसके अलावा उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों का किसान किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने तथा पात्र युवतियों का एनएम में भर्ती कराने हेतु निर्देश दिए हैकलेक्टर श्री मलिक ने पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत 2शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के जल अभावग्रस्त क्षेत्रों में बोर खनन प्रतिबंधित करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए है।

# बलौदाबाजार की घटना विष्णुदेव साय सरकार की प्रशासनिक निरंकुशता का परिणाम: विनोद चंद्राकर



**महासमुंद,12 जून।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने बलौदा बाजार जिले के गिरौदपुरी में 15 दिन पहले अमर गुफा में असमाजिक तत्वों द्वारा जैतखाम की तोड़फोड़ के बाद जो अप्रिय स्थिति उत्पन्न हुई उसे प्रदेश सरकार की असंवेदनशीलता व प्रशासनिक निरंकुशता का परिणाम बताया है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि बार-बार प्रशासन से कार्रवाई की मांग को लेकर समाज द्वारा ज्ञापन सौंपने तथा आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग के बाद भी सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाना, समाज की भावनाओं को आहत कर उनकी मांगों को दरकिनार करना अप्रिय स्थिति का कारण बनाा। साय सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदाबाजार में कानून व्यवस्था बिगड़ी है। यदि समय रहते जैतखाम को क्षति पहुंचाने वालों पर कार्यवाही की गई होती और आहत समाज से संवाद किया गया होता तो ऐसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती। समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें आश्वस्त किया गया होता तो आज स्थिति कुछ और होती।

चंद्राकर ने कहा कि गिरौदपुरी धाम के समीप मानाकोनी स्थित पुरानी बाघिन गुफा के जैतखाम और सतनामी समाज के पूजा स्थल में तोड़-फोड़ उत्पातियों द्वारा की गई थी। इससे समाज में गहरी नाराजगी है। समाज के लोगों ने पहले भी प्रदर्शन व चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया था। इस पूरे घटनाक्रम में प्रशासनिक लापरवाही खुलकर सामने आया है। समाज की भावनाओं का उपेक्षा कर भाजपा की साय सरकार सत्ता सूख में मस्त हो गए हैं। त्वरित कार्रवाई होती तो यह घटना नहीं होती। छग में साय सरकार आने के बाद से कानून व्यवस्था बेहद खराब हो चुकी है। बाबा गुरू घासीदास के बताए मार्गों पर चलने वाले सतनामी समाज सभ्य व शांति के पक्षधर हैं, इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए तत्काल जांच कमेटी बनाकर जैतखाम को क्षति पहुंचाने वाले मुख्य आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई सरकार को करनी चाहिए।

# कलेक्टर जनदर्शन पुनः प्रारंभ, जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोग



**रायगढ़, 12 जून।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में सृजन सभाकक्ष में जनसामान्य के समस्याओं को निराकरण करने हेतु कलेक्टर जनदर्शन पुनः प्रारंभ किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों से उनकी समस्याओं को सुनते हुए विभागीय अधिकारियों को आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजित जनदर्शन में जनपद पंचायत तमनार के ग्राम आमगांव की महिलाओं ने पीडीएस वितरण में अनियमितता की शिकायत लेकर पहुंची थी। महिलाओं ने कलेक्टर श्री गोयल को बताया कि ग्राम पंचायत सचिव द्वारा विगत कई साल से पीडीएस संचालन किया जा रहा है। जिनके द्वारा नियमित रूप से राशन वितरण नहीं किया जाता। इसके साथ ही सभी लोगों को पर्याप्त राशन नहीं मिल पाता। जिससे ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से नियमित राशन प्रदान करवाने का आग्रह किया। कलेक्टर श्री गोयल ने आवेदन पर खाद्य अधिकारी को प्रकरण की जांच एवं कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत कौवाताल कुधरीडीपा के ग्रामीणों ने शासकीय बोर का घर में खनन से पेयजल समस्या की शिकायत लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया की जनसामान्य के जल समस्या निदान हेतु शासकीय बोर स्वीकृत किया गया था, लेकिन बोर को सामुहिक न करके ग्राम के पंच द्वारा अपने घर में करवाने से लोगों को पेयजल की समस्या हो रही है। कलेक्टर श्री गोयल ने एसडीएम को स्थल निरीक्षण कर उचित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के ग्राम छाल के ग्रामीण मुक्ति धाम से अवैध कब्जा हटवाने की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि एसईसीएल द्वारा ग्रामीणों के लिए शासकीय जमीन में मुक्तिधाम बना कर दिया गया था, जिसे ग्राम के व्यक्ति द्वारा अवैध रुप से कब्जा कर, जेसीबी से खेत बना कर आने जाने के रास्ता को बंद कर दिया गया है। जिससे गांव में किसी व्यक्ति के मृत्यु पश्चात दाह संस्कार करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर श्री गोयल ने ग्रामीणों की मांग पर तहसीलदार छाल को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत बायंग के केनाडीपा मोहल्लेवासी आंगनबाड़ी क्रमांक 5 में कार्यकर्ता के रिक्त खाली पद को भरे जाने की मांग को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया की पिछले साल से पद खाली है, जिसको भरने के मांग विगत कई माह से किया जा रहा है लेकिन आज तक नही भरा गया है। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने डीपीओ महिला एवं बाल विकास को विधिनुसार कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत गेरवानी के सरपंच एवं ग्रामीण शासकीय प्राथमिक शाला गेरवानी तथा शिवपुरी प्राथमिक शाला के जर्जर भवन की जानकारी देने एवं भवन व्यवस्था की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि दोनों स्कूल अत्यंत जर्जर हो चुके हैं। जिसकी मांग विगत कई वर्षो से की जा रही है, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं किया गया हैं। उन्होंने बताया कि बारिश के दिनों में प्लास्टर गिरने की आशंका बनी रहती है, जिससे पालकों में भय व्याप्त है। कलेक्टर श्री गोयल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को प्राथमिकता से उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।तहसील छाल निवासी सद्दाम खान अपने पुत्र के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र के मल द्वार से संबंधित परेशानी है। जिसका पूर्व में ऑपरेशन भी किया गया था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण आगे के इलाज में परेशानी हो रही है। कलेक्टर श्री गोयल ने स्वास्थ्य विभाग को व्यक्तिगत रूप से संबंधित के उचित इलाज में सहायता के निर्देश दिए।

### स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह में सोक पीट, नाडेप टैंक निर्माण को लेकर किया गया प्रोत्साहित



**बीजापुर,12 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत जिले की ग्राम पंचायतों में 5 से 12 जून तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में गांवों को जैविक कचरे के प्रबंधन और मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए वर्मी कम्पोस्टिंग पिट , नाडेप पिट स्थापित करने के लिए आमजन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि भू-जल रिजार्च करने एवं जल भराव को लंबे अवधि तक रोकने में सोक पीट मदद करता है। वर्षा जल के प्रभावी प्रबंधन के लिये उपयुक्त स्थानों की पहचान कर सोक पीट का निर्माण के लिये ग्रामों में हितग्राहियों एवं ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में व्यक्तिगत सोक पीट 2644 एवं वर्मी नाडेप 1804 सस्वीकृत किये गए हैं। वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप टैंक से जैविक कचरे को पोषक तत्व के रूप में जैविक खाद बनाना एक स्थायी उपाय है। ग्राम पंचायतों के कचरे से कम्पोस्ट खाद, अपशिष्ट पदार्थों का पुनः उपयोग एवं गैर-बायोडिग्रेडबेल कचरे का रिसायकलिंग के लिये ग्राम पंचायतों में बताया जा रहा।

## 18 जून को जिले में व्यापक रूप से मनाया जाएगा शाला प्रवेशोत्सव



**बीजापुर,12 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने नए शिक्षा सत्र की शुरूआत उत्सव और उमंग के रूप में मनाने 18 जून को होने वाले शाला प्रवेशोत्सव के संबंध में जिले के सभी संकुल समन्वयकों, मंडल संयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुसार व्यापक रूप से शाला प्रवेशोत्सव मनाने, स्कूल के वातावरण को रोचक और आकर्षक बनाने, शाला त्यागी बच्चों को जिला प्रशासन के विशेष पहल ÷स्कूल वेंडे वर्राट पंण्डुम÷ स्कूल फिर चलें अभियान के तहत शतप्रतिशत शाला में प्रवेश कर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के निर्देश दिए।शाला प्रवेशोत्सव के दिन नवप्रवेशी बच्चों को शाला गणवेश, पाठ्य पुस्तक सहित अन्य उपहार भी प्रदान कर नवाचार करने एवं न्यौता भोज का आयोजन करने के निर्देश दिए।स्कूल परिसर को स्वच्छ सुंदर एवं आकर्षक बनाने, निर्धारित मीनू चार्ट के अनुरूप मध्यान्ह भोजन प्रदाय कराने सहित स्कूल की व्यवस्था में व्यापक सुधार लाने गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदाय कराने को कहा। बीजापुर जिला शिक्षा के क्षेत्र में अभी भी अन्य जिलों की अपेक्षा पिछड़ा हुआ है। शिक्षा से वंचित होने के कारण जिले की विकास में सहभागिता की कमी देखने को मिलता है।शिक्षा के माध्यम से जिले की विभिन्न समस्याओं का समाधान संभव है इसलिए पूरी ईमानदारी, लगन और सकारात्मक सोच के साथ बेहतर शिक्षा विद्यार्थियों को देने के निर्देश सभी शिक्षकों को दिए।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद, जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा श्री विजेन्द्र राठौर एवं जिले में नवपदस्थ सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डॉ. आनंद सिंह सहित संकुल समन्वयक एवं मंडल संयोजक उपस्थित थे।

### हिंडाल्को की पहल से हुनरमंद होंगी तमनार की महिलाएं



**रायगढ़।** देश की अग्रणी कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने जिले के तमनार प्रखंड के मिलूपारा गांव में महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रिपा) परियोजना का शुभारंभ किया। इस परियोजना का उद्घाटन हिंडालको के बिजनेस हेड श्री कैलाश नाथ पांडेय द्वारा किया गया। इस परियोना के तहत हिंडालको के सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी विभाग द्वारा यहाँ पर कोकून से कोसा धागा बनाने का प्रशिक्षण ग्राम की महिलाओं को दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद इन महिलाओं द्वारा बनाए गए कोसा धागा का मार्केट लिंकज भी हिंडाल्को द्वारा कराया जाएगा, जिससे इन्हें आजीविका का साधन मिल सके और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।इस परियोजना के तहत मिलूपारा और आस-पास के विभिन्न गांवों की 20 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और अभी भी 15 महिलाओं के एक और बैच का प्रशिक्षण चल रहा है। तमनार विकासखंड के मिलुपारा गाँव में राज्य सरकार, हिंडालको के सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रिपा) परियोजना का शुभारंभ महिलाओं के लिए आर्थिक रूप से संपन्न होने का मार्ग खोलेगा।इस परियोजना में राज्य सरकार की ओर से इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क और लाइट की व्यवस्था की गई है। हिंडालको के सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी विभाग द्वारा यहाँ पर कोकून से कोसा धागा बनाने का प्रशिक्षण ग्राम की महिलाओं को दिया जा रहा है। इन महिलाओं को प्रशिक्षित करने के पश्चात इनके द्वारा बनाए गए कोसा धागे का उपयोग कोसाला में कोसा के विभिन्न प्रकार के आइटम्स जैसे साड़ी, दुपट्टा, कुर्ता, मोबाइल कवर, लैपटॉप बैग्स आदि बनाने में किया जाएगा। इस अवसर पर हिंडाल्को जीपी माइंस के युनिट हेड राजीव कुमार, एचआर हेड, प्रेम कुमार सिंह, रंजना नाग, जिप्सी सिद्धांता दिलबंधु चौहान, राजेश प्रधान, राम कुमार, आलोक बेहरा आदि उपस्थित थे।

# कोरलदण्ड नर्सरी में गिरी बिजली, 15 महिलाएं घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 12 जून।** वन विकास निगम मोहला के कोरलदंड नर्सरी में आज दोपहर एक बड़ी घटना घट गई नर्सरी में कार्यरत महिला पुरुष मजदूर खाना खाकर पेड़ के नीचे बैठे थे कि अचानक मूसलाधार बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिर गई इस घटना में नर्सरी में कार्यरत 15 मजदूर घायल हुए हैं तीन महिलाओं की हालत नाजुक बनी हुई हैं जिन्हें मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया है। घायलों को नर्सरी से उठाकर आनंन-फानन में 112 तथा मोटरसाइकिल में बिठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला लाया गया ।

उल्लेखनीय की दोपहर दो से तीन बजे के बीच अचानक मूसलाधार बारिश के साथ बादल फटना प्रारंभ हो गया मोहला वन विकास निगम के कोरलदंड नर्सरी में अलग-अलग गांव



के निवासी कार्यरत महिला पुरुष ग्रामीण दोपहर का खाना खाकर खम्हार पेड़ के नीचे बैठे हुए थे मजदूर संभल पाते इससे पहले आकाशीय बिजली पेड़ को अपने चपेट में ले लिया इस घटना में मोहला विकासखंड के भावसा, साल्हे,डोडरी,घोटिया, तथा कोरलदंड निवासी15 महिला पुरुष मजदूर घायल हुए हैं। घटना को लेकर बताया गया कि जिस वक्त आकाशीय बिजली नर्सरी में गिरी उस वक्त वन विकास निगम के कर्मचारी नदारत थे ग्रामीणों के मदद से 112 तथा मोटरसाइकिल में बिठाकर घायलों को मोहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां तीन आकाशीय बिजली से गंभीर रूप में झुलस गए महिलाओं को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। घटना वन विकास निगम के नर्सरी में होने के बावजूद घायलो के समुचित व्यवस्था के लिए सामान्य वन मंडल के डीएफओ दिनेश पटेल निगम के अफसरो को आगाह करते हुए खुद कामान संभाले। समुचित व्यवस्था की जा रही है-प्रशासनिक तौर पर घायलों के लिए हर संभव इलाज की व्यवस्था की गई है , गंभीर रूप से घायलों को राजनांदगांव रेफर किया गया है वन विकास निगम तथा सामान्य वन मंडल के अफसरों को हर तरह की मदद के लिए निर्देश किया गया है। एस जयवर्धन कलेक्टर मोहला मानपुर स्वास्थ्य लाभ के लिए लगे रहे विधायक-फोन पर जैसे ही विधायक इंद्र साह मंडावी को घटना की सूचना मिली घायलों के समुचित इलाज के व्यवस्था के लिए उनके द्वारा कलेक्टर तथा आला अधिकारियों को फोन किया गया। बिजली से घायल मजदूर हुए सड़क हादसे का शिकार-बताया गया कि आकाशीय बिजली गिरने के बाद ग्रामीणों की मदद से प्राइवेट वाहन 112 तथा मोटरसाइकिल से घायलों को आनंन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला पहुंचाया गया इस दौरान मोटरसाइकिल सवारो के मोहल पहुंचने से पहले सड़क में कुत्ते से टकरा जाने से फिर वे लोग घायल हुए।

विभाग की तरफ से हर तरह से मदद दी जाएगी-घटना की सूचना सबसे पहले मुझे प्राप्त हुआ जिसके बाद वन विकास निगम के डिप्टी डीएम को सूचना देते हुए स्वतं संज्ञान लिया हूं घायलो को विभाग के तरफ से हर तरह से मदद की जाएगी राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में वन विकास निगम के डिप्टी डीएम मौजूद हैं।

**दिनेश पटेल डीएफओ सामान्य वन मंडल मोहला मानपुर अंबागढ़चौकी**

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने घायल जवान के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की



**बलौदाबाजार,12 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार हिंसा में घायल पुलिस जवान संदीप खलको के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्री खलको के बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया है। बिलासपुर रेंज आईजी श्री संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण व एसपी रजनीश सिंह ने अस्पताल का दौरा कर श्री खलको की कुशलक्षेम पूछी। श्री खलको की हालत ठीक है। उन्होंने अधिकारियों से बातचीत करते हुए घटना के बारे में बताया। आइजी और कलेक्टर एसपी ने इलाज कर रहे डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन से भी चर्चा की और बेहतर से बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। डॉक्टरों ने बताया की घटना में श्री खलको के जबड़े और आंख में चोट लगी है। उन्हें भर्ती कर जांच और इलाज शुरू कर दिया गया है। बाकी उनका स्वास्थ्य ठीक है। आईजी और कलेक्टर ने घायल जवान की सहायता के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी नियुक्त कर दिए हैं। अधिकारियों ने घायल जवान के परिवार जनों से भी मुलाकात कर उनका ढाढस बंधाया।

### रमेश पटेल केंद्रीय मंत्रियों व राष्ट्रीय नेताओं से दिल्ली में मिले



**राजनांदगांव 12 जून।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल इन दिनों एक प्रतिनिधि मंडल के साथ देश की राजधानी नई दिल्ली के प्रवास है, इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिये आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया व अनेक केन्द्रीय मंत्रियों व राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक-राजनीतिक चर्चा की। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार केन्द्रीय नेताओं से मिलने के क्रम में कल रात उन्होनें केन्द्रीय श्रम, खेल व युवा कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया जी से भेंट कर उन्हे शुभकामनाएं दी इसी क्रम में केछत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित सांसद व केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू से सौजन्य भेंट की और छत्तीसगढ़ से उन्हे मंत्रीपरिषद् में शामिल किये जाने व अहम विभाग की जिम्मेदारी दिये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये उन्हे बधाईयॉ दी। इस दौरान श्री पटेल के साथ जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश गॉधी, खैरागढ़ जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### नदी घाटों से रेत उत्खनन व परिवहन पर लगा प्रतिबंध

**कोरबा 11 जून।** मानसून सक्रियता को देखते हुए पर्यावरणए वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तत्वावधान में सोमवार 10 जून से रेत उत्खनन पर प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया है। घाटो रेत की परिवहन का कार्य मानसून समापन के बाद 16 अक्टूबर से शुरू होगा। केंद्र सरकार ने सभी खनिज अधिकारियों को नियम का पालन का दायित्व सुनिश्चत करने के लिए कहा है। जिले में 13 रेत घाटों को जिला प्रशासन की ओर से स्वीकृति दी गई थी। घाट बंद होने के पहले रेत के अवैध भंडारण को देखते हुए जिला खनिज विभाग की छापामार कार्रवाई बढ़ गई है। सप्ताह भर पहल ग्राम सोनपुरी के निकट 100 ट्रैक्टर से भी अधिक मात्रा में डंप किए गए रेत को जिला खनिज विभाग ने जब्त किया है।

### प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 12 को

**कोरबा 11 जून ।** जिले के शासकीय महिला आईण्टीण्आईण् संस्थान कोरबा में 12 जून 2024 को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत आईटीसी प्राइवेट लिमिटेड कोरबा द्वारा ट्रेनी ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति की जाएगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता किसी भी ट्रेड अंतर्गत आईटीआई पास तथा 18 से 30 वर्ष की आयु सीमा वांछनीय है। इच्छुक आवेदक शासकीय महिला आईण्टीण्आईण् कोरबा में 12 जून को प्रातः 10 बजे अपने दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार से बच्चा तीन माह में ही लगा बोलने




**कोरबा 11 जून ।** चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत बच्चों को विलक्षण प्रतिभाशाली बनाने एवं बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहें स्वस्थ योजनान्तर्गत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में नाड़ीवैद्य डॉण्नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा श्री शिव औषधालय एमण्आईण्जी 20ए आरण्पीण्नगर फेस 2 निहारिका में दिनांक 10 जून 2024 सोमवार को अति शुभ पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत आयुर्वेदिक टीकाकरण के माध्यम से स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया गया। जिसमे अंचल के सैकड़ों बच्चे लाभान्वित होकर इसके अप्रत्याशित चमत्कारिक परिणाम का लाभ ले रहे हैं।

इसी कड़ी में स्वर्ण प्राशन करा रहे पांच वर्षीय बालक तेजस नागमणि की माता मेंदा नागमणि ने बताया की मेरा पुत्र 5 वर्ष का हो गया है पर वो कुछ भी बोल नहीं पाता था। सिर्फ इशारे से बात करता था। अब तीन महीने से स्वर्ण प्राशन संस्कार करा रही हूँ। जिसके कराने के बाद मेरा पुत्र बोलने लगा है। इसके लिए उन्होंने श्री शिव औषधालय संस्थान की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा एवं संस्थान के चिकित्सक नाड़ीवैद्य डॉण्नागेन्द्र नारायण शर्मा का आभार प्रकट करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। संस्थान के चिकित्सक नाड़ीवैद्य डॉण्नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बताया कि स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार बच्चों में किये जाने वाले 16 मुख्य संस्कारों में से स्वास्थ्य की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण संस्कार है जो हजारो वर्ष पुरानी आयुर्वेदिक टीकाकरण पद्धति है। जिसका उल्लेख हमारे आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथ काश्यप संहिता एवं सुश्रुत संहिता में प्रमुखता से है जो प्राचीन समय से चला आ रहा है। लेकिन अब यह संस्कार विलुप्त हो गया है जिसे पुनर्जीवित करने का प्रयास संस्थान द्वारा स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार के माध्यम से किया जा रहा है । जिससे स्वस्थ निरोगी समाज का निर्माण हो सके। साथ ही शिविर में बच्चों एवं अभिभावकों को मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ाने वाला एवं हीट स्ट्रोक ;लूद्ध से बचाव हेतुए मस्तिष्क को ऊर्जा प्रदान करने वाला ष्शीतसुधा शरबतष् भी निशुल्क पिलाया गया। स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार शिविर में नाड़ीवैद्य डॉण्नागेन्द्र नारायण शर्माए श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा के अलावा कविरंजन दासए चक्रपाणि पांडेयए नेत्रनन्दन साहूए कमल धारियाए अश्वनी बुनकरए सिद्धराम सारथीए राकेश इस्पात एवं संध्या बरला ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## एनजीओ में काम का झांसा देकर 12.34 लाख की ठगी

**कोरबा 11 जून।** एनजीओ में काम दिलाने के साथ ही अच्छी आमदनी का झांसा देकर 12 लाख 34 हजार 900 रुपए की धोखाधड़ी कर ली गई है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। बताया जा रहा है कि बुधवारी बाजार निवासी ओमप्रकाश चौहान 41 वर्ष अपने निजी काम से अगस्त 2023 में रायपुर गया था। इस दौरान वहां उसके मित्र गोपाल प्रधान निवासी शंकर नगर रायपुर के परिचित रूपेन्द्र भारती ने बताया कि दीपेश कुमार चंद्राकर एनजीओ का काम करता है और उसके पास एनजीओ का काम आने की जानकारी भी उसने दी। इसके बाद ओमप्रकाश ने दीपेश कुमार संपर्क कियाए साथ ही दोनों करीब दो माह तक एक साथ रहे। इस दौरान ओमप्रकाश ने दीपेश पर भरोसा किया और उसके आश्वासन पर एनजीओ में काम करने को तैयार हो गया। इतना नहीं उसने अपनी कंपनी में छह लाख रुपए लगाकर काम का प्रस्ताव रखा। ओमप्रकाश ने अपने खाते से अलग.अलग तारीख में चार लाख 13 हजार रुपए आनलाइन ट्रांजेक्शन किया और एक लाख रुपए नगद भुगतान किया। इसके बाद और भी रकम आरटीजीएस व फोन.पे के माध्यम से देते रहा। इस तरह कुल 12 लाख 34 हजार 900 रुपए का भुगतान दीपेश कुमार को कर दिया। राशि लेने के बाद दीपेश ने न तो एनजीओ के संबंध में कोई जानकारी दी गई और न ही ओमप्रकाश को कोई काम दिलाया।

## समाचार संक्षेप

### वर्षा से शहर तरबतर, मानसून की सक्रियता के मिल रहे संकेत

**कोरबा 12 जून।** सोमवार की शाम चार से पांच बजे के बीच घंटे भर हुई वर्षा से शहर की सड़कें तर बतर हो गई। दोपहर की धूप के बाद वातावरण में नमी घुलने से शाम के समय में लोगों ने गर्मी और लू से राहत महसूस किया। तेजी से रहे मौसम परिवर्तन ने मानसून आगमन का संकेत दे दिया है। सोमवार की सुबह से ही आसमान में हलकी बदली छाई रही। दोपहर तक धूप तेज होने से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। नवतपा के बाद भी ग्रीष्म का एहसास कम नहीं हुआ। सूरज की प्रचंड ताप के साथ वातावरण में लू का भी असर बना रहा। शाम तीन बजे के बाद आसमान में फिर से बदली हावी होने लगी। शहर में तेज हवा के राखड़ भरी धूल की गुबार उड़ने लगी। बदली सघन होने के साथ आसमान में बिजली की चमक के साथ तेज गर्जना शुरू हो गई। शाम चार बजे से शुरू हुई हलकी बूंदा.बांदी देखते ही देखते तेज वर्षा में तब्दील हो गई। लगभग एक घंटे तक चली वर्षा से टीपी नगर सहित कई स्थानों के सड़कों में पानी भर गया। नाली के ओवरफ्लो बहाव ने निगम प्रशासन के सफाई अभियान की पोल खोल दी है। पैदल चलने वाले राहगीरों को व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आश्रय लेना पड़ा। जून महीना की शुरूआत के बाद सोमवार को सर्वाधिक वर्षा हुई। झमाझम वर्षा वातावरण में नमी घोल दी। अन्य दिनों में जहां शाम के समय तापमान 34 डिग्री सेल्सियस होती थी वह सोमवार को 26 डिग्री सेल्सियस रही। लोगों ने गर्मी से राहत महसूस किया। मौसम के जानकारों का कहना कि 15 से 20 जून के बीच मानसून की सक्रियता बढ़ जाएगी। इधर किसानों ने खेती की तैयारी तेज कर दी है। खाद और बीज का भंडारण शुरू हो गया। सोमवार को हुई वर्षा ने सूखा बोआई करने वालों की राह खोल दी है। व्यवसायिक प्रतिष्ठानें छतरीए पालीथीनए रैनकोट आदि सामानों से सजने लगी है। शहर के अलावा उपनगरीय व ग्रामीण क्षेत्रो में भी वर्षा का व्यापक असर रहा।

### कारपेट के नीचे घुस कर बैठा था नाग, सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू

**कोरबा 11 जून ।** कुसमुंडा क्षेत्र में रहने वाला एक परिवार उस समय दहशत में आ गया जब आचनक उनकी नज़र रसोई में बैठे एक सांप पर पड़ी। रात के समय 9ण्30 बजे के आस पास पूरा परिवार भोजन करने की तैयारी में था। सर्प मित्र ने रेस्क्यू कर सांप को सुरक्षित स्थान छोड़ तब लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम परिवर्तन के साथ सांप रहवासी क्षेत्रों में दिखाई देने लगे हैं। इसी तरह की घटनाक्रम में ग्राम कुसमुंडा में एक घर में विषैला सांप कारपेट के भीतर छुपा था। घर के लोग भोजन करने की तैयारी में थे। इस दौरान भोजन निकालने के लिए महिला किचन में गई तो देखा एक सांप बैठा हुआ है। सांप को देख महिला भाग खड़ी हुई। फिर डरे सहमे परिवार ने इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम को सूचना दी। सूचना प्राप्त होते घर पहुंच कर सांप का रेस्क्यू किया। सर्प मित्र जितेंद्र सारथी ने बताया यह कोबरा ;नागद्ध सांप हैए जो बेहद ही जहरीला होता हैं और खतरा महसूस होने पर ही काटता है। अच्छी बात रही की रसोई में भोजन बनाने से लेकर खाने की तैयारी तक कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई आखिरकार कोबरा सांप को डिब्बे में बंद किया। जिसके बाद घर वालों ने राहत भरी सास लिया।

# रतनजोत बीज खाकर बनजुगानी आंगनबाड़ी के 7 बच्चे बीमार



**कोंडागांव 12 जून।** ग्राम पंचायत बनजूगानी में रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह 7 बजे से ग्राम बनजूगानी के बच्चे आंगनबाड़ी गए हुए थे, जहां से लगभग 9 बजे ही छुट्टी दे दी गई। छुट्टी के बाद यह बच्चे अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान 8 से 10 बच्चों ने रतनजोत पेड़ के बीज तोड़कर खा लिए और घर पहुंचने के बाद वे लगातार उल्टी करने लगे। परिजनों ने इसकी सूचना कार्यकर्ता को दी, जिसके बाद इन्हें संजीवनी 108 की मदद से जिला अस्पताल कोंडागांव लाया गया जहां 7 बच्चों का उपचार जारी है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुखयारीन पोयाम ने बताया कि आज आंगनबाड़ी में यूनिसेफ का एक कार्यक्रम आयोजित होना था। इसलिए बच्चों को निधार्रित समय से पहले छुट्टी दे दी गई। सुपरवाइजर ऋृतु देवांगन ने बताया कि बच्चे जब हॉस्पिटल आ गए तब उन्हें कार्यकर्ता ने सूचना दी। उन्होंने बताया कि सहायिका बच्चों को घर तक छोडने गई थी या नहीं यह उन्हें जानकारी नहीं है।

फिलहाल 7 बच्चों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। कोंडागांव जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. सी आर ठाकुर ने बताया, रतनजोत बीज खाने वाले आंगनबाड़ी के सात बच्चो को जिला अस्पताल में लाया गया है, जिनका उपचार जारी है। सभी बच्चे फिलहाल खतरे से बाहर है।

# बलौदाबाजार में तोड़फोड़, आगजनी के मामले में विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 12 जून।** 10 जून को छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा अमर गुफा गिरौदपुरी में घटित मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग एवं साथ में पूर्व में बोडसरा, कबीरधाम आदि में सतनामी समाज संबंधित विभिन्न मुद्दों को लेकर दशहरा मैदान बलौदाबाजार में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया था, जिसमें सुरक्षा प्रबंध हेतु पर्याप्त पुलिस बल लगाने के सांथ मजिस्ट्रियल ड्यूटी भी आदेशित किया गया था। इस संबंध में दिनांक 07.06.2024 को संयुक्त कार्यालय भवन बलौदाबाजार में सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें आयोजनकर्ताओं द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया गया था। इस दौरान धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर में खड़ी गाड़ियों में आग लगा दिया गया एवं संयुक्त कार्यालय में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दिया गया। इस दौरान धरना प्रदर्शन में आए लोगों द्वारा संयुक्त कार्यालय परिसर में खड़ी 100 मोटरसाइकिल एवं 30 से अधिक चार पहिया वाहन में तोड फोड कर आग लगा दिया गया। इस बीच सुरक्षा व्यवस्था में लगे 25 से अधिक पुलिस अधिकारी कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों को भी चोटें आई है।

धरना प्रदर्शन में तोड़फोड़ करने वाले एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा संभावित स्थलों में दबिश देने हेतु रवाना किया गया है। कि इस दौरान तोड़फोड़ करने वाले कई आरोपियों को हिरासत में लिया जाकर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान गाली गलौज कर, तोड़फोड़ एवं पत्थर बाजी करते हुए, वाहन एवं संयुक्त कार्यालय में आगजनी करने वाले 40 से 50 नामजद आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 147,148, 149, 186, 353, 332,307,435, 120क्, 427,435 भादवि, 3,4 सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम 1984 के तहत कुल अपराध 07 पंजीबद किया गया है। प्रकरण में जांच विवेचना कार्यवाही जारी है।

## छत्तीसगढ़ जीएसटी विभाग ने लांच किया ई-संवीक्षा पोर्टल

**रायपुर 12 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य कर (जीएसटी) विभाग द्वारा सूचना एवं प्रौद्योगिकी का उपयोग कर नई पहल करते हुए ई-संवीक्षा पोर्टल लाँच किया गया है। यह पोर्टल श्री रजत बंसल, आयुक्त, राज्य कर, छत्तीसगढ़ की पहल पर राज्य कर मुख्यालय, नवा रायपुर के डायरी कक्ष एवं कम्प्यूटर कक्ष द्वारा तैयार किया गया है जिसके अंतर्गत मैदानी कार्यालयों के समुचित अधिकारियों द्वारा जीएसटी अधिनियम की धारा 61 एवं धारा 73 और/अथवा धारा 74 के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाहियों की रिपोर्टिंग आनलाईन की जानी है। प्रारंभिक चरण में ई-संवीक्षा के अंतर्गत ÷स्क्रूटनी माड्यूल÷ बनकर तैयार है एवं लाईव किया जा चुका है तथा ÷एड्जुडिकेशन माड्यूल÷ तैयार किया जा रहा है। इससे न केवल विभागीय अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की मानिटरिंग की जा सकेगी बल्कि ऐसे अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली मासिक डायरी भी आनलाईन होगी और एनालीटिक्स में इससे प्राप्त होने वाले आँकड़ों का राजस्व हित में उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा राज्य के व्यापारियों को होने वाली व्यवहारिक परेशानियों का निराकरण करने मे भी ÷ई-संवीक्षा÷ माड्यूल कारगर साबित होगा। गौरतलब है कि, राज्य कर आयुक्त के ध्यान में कुछ ऐसे प्रकरण आये थे जिनमें एक ही व्यवसायी की एक ही अवधि के प्रकरण में एक से अधिक अधिकारियों द्वारा अलग-अलग समय पर नोटिस जारी किए गये थे, जिसके बाद आयुक्त द्वारा ÷ई-संवीक्षा÷ माड्यूल की आवश्यकता को ध्यान मे रखते हुए इसे तत्काल प्रभाव से लागू करवाया गया है।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामकृष्ण केयर अस्पताल, रायपुर के वर्ष 1 जनवरी 2014 से 31 दिसम्बर 2018 वर्ष तक सामान्य छुट्टी एवं डेथ फाइल 1 जनवरी 2011 से 31 दिसम्बर 2013 हुए रोगियों के अभिलेख (रिकॉर्ड) को नष्ट किया जा रहा है।

अगर इस पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो अथवा इन अभिलेखों में से कुछ जानकारी लेनी हो तो, इस हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखित में मैनेजिंग एवं मेडिकल डायरेक्टर को दिनांक 12.07.2024 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। इस तिथि के पश्चात् कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा और नष्ट किये गये अभिलेखों के संबंध में अस्पताल की कोई न्यायिक जिम्मेदारी नहीं होगी।

रायपुर (छ.ग.) अस्पताल प्रबंधक
दिनांक 12.06.2024

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202405092300032
ब/ 121 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक जीवन लाल पिता सुगंध लाल जाति मरार निवासी ग्राम पलान्दुर द्वारा अपनी माता गणेशिया पति बाई सुगंध लाल की मृत्यु दिनांक 15/11/2005 को ग्राम पलान्दुर तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में हो जाने से तथा भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण अपनी माता गणेशिया बाई पति सुगंध लाल की मृत्यु तिथि दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 21/06/2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 29/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र क्र.202405092100031
अ/6 वर्ष वर्ष 2023-24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल रब अंसारी आ. अब्दुल हफीज जाति मुसलमान निवासी भगत सिंह चौक वार्ड नं.18 डोंगरगढ़ तहसील डोगरगढ़ जिला राजनांदगाव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि अनावेदकगण के स्वामित्व की भूमि नजूल नगर डोंगरगढ़ प.ह.नं. 25, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव में स्थित शीट कमांक 02 भूखंड 609/21 (एफ) क्षेत्रफल 312 वर्गफीट भूमि मकान को विक्रय पत्र बैनामा दिनांक 15/04/2024 के माध्यम से क्रय किया है। अतः क्रय की गई भूमि पर से अनावेदकगण (विक्रेता) का नाम विलोपित कर आवेदक (क्रेता) का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है, आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ, तलवाना, अधिवक्ता पत्र एवं बैनामा की छाया प्रति पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो यह पेशी दिनांक 19/06/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202406092100010
अ/2 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक राजकुमारी लाउत्रे पति श्यामलाल निवासी बधियाटोला वार्ड नंबर 07 डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम छीरपानी प.ह.नं. 24 तहसील डोंगरगढ़ स्थित भूमि खसरा नंबर 41/19 रकबा 0.011 हेक्टेयर भूमि को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय किया गया है। अतः क्रय की गई भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित किये जाने का निवेदन किया है, आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना, खसरा, बी-1, एवं बैनामा की छायाप्रति पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 05/07/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर**

नि.आ.क्र./03/व.ले.लि./का.अ./ लो.स्वा.या. खण्ड/2024 — बीजापुर, दिनांक. 06/06/2024

**::संक्षिप्त मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना::**

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बीजापुर, जिला बीजापुर में छत्तीसगढ़ क्रय एवं भण्डार अधिनियम का पालन करते हुए निम्नलिखत सामग्री प्रदाय हेतु मुहरबंद निविदाएँ फार्म सी आमंत्रित की जाती है।

**सामाग्री का विवरण** - जिला बीजापुर अन्तर्गत स्थापित हैण्डपंपों के संचालन एवं संधारण तथा भोपालपटनम समूह जल प्रदाय योजना अन्तर्गत सामग्री क्रय कार्य।

| क्र. | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
| --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | हैण्डपंप संचालन एवं संधारण सामग्री क्रय कार्य। (शेड्यूल 01 के अनुसार ) | 6.94 |
| 2 | भोपालपटनम समूह जल प्रदाय योजना अन्तर्गत सामग्री क्रय कार्य। (शेड्यूल अनुसार) | 6.00 |

**नोटः**- उपरोक्त कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24.06.2024 है। साथ ही निविदा कार्यों की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यलयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**बीजापुर**

**जी- 242500216/3**

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग महासमुन्द**

**मैन्युअल पद्धति निविदा आमत्रंण सूचना क्रमांक- 1**

क्रमांक/01/ एस.ए.सी./ग्रा.यां.से. /2024-25 — महासमुन्द दिनांक 10/06/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा आमत्रिंत की जाती हैः -

| क्रं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू.) में |
| --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | पटवारी कार्यालय के सामने गार्डन निर्माण कार्य महासमुन्द (ट्यूबवेल खनन एवं वाटर सप्लाई सहित) | 20..00 लाख |
| 2 | मिशन वात्सल्य अन्तर्गत चाईल्ड हेल्प लाईन कार्यालय में फर्नीचर एवं अन्य कार्य (Refurbishment cost, Working cubicles, Minor civil/electrical work etc.) पुराना कलेक्टोरेट परिसर, महासमुन्द | 5..00 लाख |
| 3 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण प्राथमिक शाला एवं (7.84) लघु मरम्मत चबूतरा जीर्णोद्धार कार्य (0.90) बेल्डीह वि.ख. पिथौरा | 8.74 लाख |
| 4 | पचरी निर्माण (बंधवा तालाब में) वार्ड क्रमांक 28 महासमुन्द | 3.00 लाख |

**(टीप :- उपरोक्त कार्यों के निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 24/06/2024)**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारियॉ विभागीय वेबसाईड https://res.cg.gov.in में दिनांक 10/06/2024 से डाउनलोड की जा सकती है।

**जी- 242500177/4** — **कार्यपालन अभियंता**

## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से मिले अशोक बजाज



**रायपुर 12 जून।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रायपुर लोकसभा के चुनाव संयोजक अशोक बजाज ने आज केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया से उनके सरकारी आवास में भेंटकर तीसरी बार मोदी सरकार के गठन एवं नई सरकार में श्रम व रोजगार मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी।

### साय सरकार पांच सालों में करेगी कई गुना भर्ती: ओपी चौधरी

**रायपुर, 12 जून।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर नौकरी के हवाले से एक बार फिर हमला किया है. उन्होंने कहा कि पांच साल तक कोई भर्ती का काम नहीं किया. जो गिनी-चुनी, इक्की-दुक्की भर्तियां की, उसे घोटालों और माफियाओं के नाम चढ़ा दिया. विष्णुदेव साय सरकार पांच साल में कांग्रेस के पांच सालों की तुलना में कई गुना ज्यादा भर्ती करके दिखाएगी. मंत्री चौधरी ने इसके साथ प्रदेश में खाद और बीज संकट को लेकर कहा कि अभी आचार संहिता के बीच में ही हमारे एपीसी लगातार संभागों में जाकर बैठक की हैं. हमारे कृषि मंत्री और अधिकारी इस पर लगातार काम कर रहे हैं. खाद-बीज की जहां भी जो भी दिक्कतें हैं, उसका तत्काल निराकरण कर लिया जाएगा. कहीं पर भी किसानों को कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी. मैं उम्मीद करता हूं कि ईश्वर इस बार मानसून को भी अच्छा रखेंगे. इससे छत्तीसगढ़ किसानों को अच्छा लाभ होगा।

### छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव पहले होगा वार्डों का परिसीमन

**रायपुर, 12 जून।** विधनसभा और लोकसभा चुनाव के बाद नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है. चुनाव से पहले प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में वार्डों का आबादी के हिसाब से परिसीमन किया जाएगा। ज्यादा आबादी वाले वार्डों के वोटर्स का नजदीक के कम आबादी वाले वार्डों में समायोजन किया जाएगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों के नाम वार्डों के परिसीमन करने का आदेश जारी किया है. इस आदेश में वार्डों के परिसीमन के लिए जरुरी दिशा निर्देश दिए गए है. बता दें कि जनगणना निदेशालय द्वारा जनगणना 2011 के जनसंख्या संबंधी आंकड़ो के अनुसार प्रत्येक वार्डो की जनसंख्या में हुई वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए नये सिरे से वार्डो का परिसीमन किया जाएगा. परिसीमन के बाद वार्ड आरक्षण की कवायद होगी. शासन ने सभी कलेक्टरों को नगरीय निकायों के वार्डो के परिसीमन की कार्यवाही यथाशीघ्र सम्पन्न करने को कहा है, ताकि नगरीय निकाय चुनावों की समय-सीमा से पहले मतदाता सूची आदि तैयार किया जा सके. छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में कुल 184 नगरीय निकाय है जिसमे 14 नगरपालिक निगम एवं 48 नगरपालिका परिषद और 122 नगर पंचायत है. रायपुर नगर निगम में जनसंख्या के आधार पर यहां कुल वार्डों की संख्या 70 है।

### धरने पर बैठे पार्षद को कांग्रेस ने थमाया नोटिस

**रायपुर, 12जून।** वार्ड में जल संकट को लेकर निगम मुख्यालय में अर्धनग्न धरने पर बैठे अब्दुल हमीद वार्ड 36 के पार्षद अनवर हुसैन को कांग्रेस पार्टी ने नोटिस दिया है। प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह और शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के निर्देश पर दिए नोटिस का 7 दिन में जवाब देने कहा गया है। बता दें कि सोमवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक के दौरान मौलाना अब्दुल हमीद वार्ड के पार्षद अनवर हुसैन ने अपना कुर्ता उतार कर गेट के बाहर धरना देने बैठ गए। जिसके बाद शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के निर्देश पर पार्षद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एक सप्ताह में लिखित में जवाब मांगा गया है। पार्षद अनवर हुसैन ने कहा कि, मुझे जानकारी मिली है कि शहर के पार्टी प्रमुख से महापौर ने मौखिक शिकायत की गई है। मुझे नोटिस मिला है। मैं उसका जवाब लिखित जल्द दूंगा। पार्षद दल की बैठक में लगातार अपनी बातें और समस्याएं रखता था, लेकिन संगठन ने उस समय मेरी बातों को भी ध्यान नहीं दिया। अगर सच बोलना अपराध है, तो अपराध की सजा भुगतने के लिए मैं तैयार हूं। अनवर ने कहा कि, महापौर के कामों से असंतुष्ट होकर धरने पर बैठने पर मजबूर हुआ हूं। रायपुर शहर को व्यवस्थित बनाने और अच्छी योजना लाने के लिए महापौर जवाबदार हैं। अगर वह बिना अपने पार्षद साथियों से सलाह लिए कोई काम करते हैं, तो उसका दुष्परिणाम तो निकलेगा और यही दुष्परिणाम है। महापौर शहर में तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। पार्टी के लोगों को मजबूर होकर विरोध करना पड़ रहा है, क्योंकि वे जो निर्णय ले रहे हैं वह गलत है।

# जमीन लेकर उद्योग नहीं लगाने वालों का निरस्त होगा आवंटन

**विभाग की समीक्षा बैठक में उद्योग मंत्री देवांगन ने दिए निर्देश**

**रायपुर, 12 जून।** उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने मंगलवार को उद्योग विभाग की एक-एक योजना की विस्तार से समीक्षा की।बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योग स्थापना के नाम पर जमीन लेने के बाद भी उद्योग नहीं लगाने वाले उद्योगपतियों को नोटिस जारी कर जमीन आवंटन की प्रक्रिया निरस्त करने की कार्रवाई करे। आज मंगलवार को सर्किट हाऊस रायपुर में प्रदेश के सभी जिलों के उद्योग और व्यापार केन्द्र के प्रबंधकों, सीएसआईडीसी के अधिकारीयों व उद्योग संचालनालय के उच्च अधिकारियों की बैठक लेकर उद्योग मंत्री देवांगन ने इस आशय के निर्देश दिए। बैठक में उद्योग विभाग के सचिव अंकित आनंद, संचालक उद्योग पी. अरूण प्रसाद सहित जिलों से आए अधिकारी एवं उद्योग संचालनालय के अधिकारी उपस्थित थे।

उद्योग मंत्री देवांगन ने निर्देश देते हुए कहा कि चुनावी आचार संहिता के दौरान जो कार्य लंबित थे, उसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने की कार्यवाही करें। मंत्री ने औद्योगिक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए वाष्पयंत्र निरीक्षकालय की समीक्षा के दौरान कहा कि अधिकारीगण समय-समय पर बायलर का निरीक्षण करते रहें।

विभाग के योजनाओ में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत 2023-24 में 1024 लक्ष्य की तुलना में अब तक 1252 प्रकरणों को स्वीकृत किया गया।मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 600 लक्ष्य की तुलना में 1129 आवेदन स्वीकृत किए गए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल योजना के तहत अब तक एमएसएमई रायपुर द्वारा अब तक 10798 लोगों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। इस कार्य में मंत्री देवांगन ने तेजी लाने के निर्देश दिए गए। भू आबंटन के 758 प्रकरणों को स्वीकृत किया गया, 30 पेंडिंग मामलों को भी जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए गए। मंत्री देवांगन ने कहा की देश के प्रधानमंत्री जिन्होंने हॉल ही में तीसरी बार प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण किया है। वे भी चाहते है कि युवाओं को अधिक से अधिक काम मिले जिससे उनके जीवन स्तर में बदलाव आ सके। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भी मंशा है की अलग अलग सेक्टर में ज्यादा से ज्यादा उद्योग लगें ताकि रोजगार के अवसर सृजित हों सके।



### मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर अटल चौक पर बांटी गई मिठाई

**रायपुर 12 जून।** आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा नरेंद्र मोदी के तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने पर अटल चौक अवंती विहार पर राहगीरों एवं व्यापारियों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया, उक्त जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि राजकुमार राठी ने बताया की देश में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने कार्यकाल की शुरुवात की,श्री राठी ने कहा की 10 वर्षो के कार्यकाल में मोदी ने गांवङ्कगरीब एवं किसान की सबसे ज़्यादा चिंता करने के साथङ्कसाथ पूरे विश्व में भारत के सम्मान को बढ़ाने का काम किया है। श्री राठी ने उम्मीद जताई है की आने वाले समय में भारत देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनेगा। मिठाई वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजकुमार राठी, रामलाल साहू, जितेंद्र नाग, अखिल चटर्जी, आरके बैनर्जी,विकास मिश्रा, उमेश मलेवार, कमल पोरेल,सुब्रत घोष, अजय पाणिकर, किशोरचंद नायक उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था बेलगाम, भाजपा सरकार से नहीं संभल रही: कांग्रेस



**रायपुर 12 जून।** बलौदाबाजार में जिलाधीश एवं पुलिस अधिक्षक कार्यालय के साथ सैकड़ो वाहनों को जलाये जाने की घटना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा से सरकार नहीं संभल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश के इतिहास में संभवतः ऐसा पहली बार हुआ है कि एसपी एवं कलेक्टर के कार्यालय को भीड़ ने जला दिया। कलेक्टर एवं एसपी को पीछे के दरवाजे से भागना पड़ा हो। यह घटना सरकार के एंटलीजेंस फेलीयर का परिणाम है।

समाज ने प्रदर्शन के लिये अनुमति लिया था। सरकार को जानकारी थी फिर भी सावधानी क्यों नहीं बरती गयी। सतनामी समाज के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से लोगो को बलौदाबाजार पहुंचने की अपील की गयी थी। बड़ी संख्या में लोग आयेंगे इसका भी अनुमान था। फिर प्रशासन ने लापरवाही क्यों बरता? जरा भी नैतिकता बची हो तो गृहमंत्री तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदाबाजार में कानून व्यवस्था बिगड़ी है। यदि समय रहते जैतखाम को क्षति पहुंचाने वालों पर कार्यवाही की गई होती और आहत समाज से संवाद किया गया होता तो ऐसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती। धार्मिक भावनाएं आहत होने पर आंदोलित समाज को विश्वास में लिया गया होता तो ऐसे विध्वंसक प्रतिक्रिया नहीं होती।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा से सरकार नहीं संभल रहा है। सरकार में बैठे हुये लोग मतिभ्रम के शिकार है। भाजपा को सीबीआई जांच पर बहुत ज्यादा भरोसा है। सतनामी समाज के लोग घटना सीबीआई जांच की मांग कर रहे है। सरकार ने अनेको मामलों की सीबीआई जांच करवाया है। इस मामले की जांच कराने में क्या दिक्कत है? किसको बचाने के लिये सरकार सीबीआई जांच से घबरा रही है। सरकार सतर्कता और सावधानी बरतती तो इतनी बड़ी घटना घटित नहीं होती।

# 21 को राज्य स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम साइंस कॉलेज मैदान में

**रायपुर 12 जून।** जनता तक खबर/12 जून 2024,अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21 जून को रायपुर स्थित साईंस कॉलेज मैदान में होगा। योग दिवस पर योगाभ्यास का कार्यक्रम होगा। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक भाग लेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर और जनसामान्य शामिल होंगे। कार्यक्रम में स्कूलों, कॉलेजों, यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों और जन सामान्य की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी।



मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री मनोज पिंगुवा शामिल हुए। मुख्य सचिव ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम स्थल साईस कॉलेज मैदान को आरक्षित करवाकर सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य के विभिन्न स्तरों पर होने वाले कार्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, टी-शर्ट, टेउक्र शूट सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए राज्य नोडल अधिकारी, समाज कल्याण विभाग से आवश्यक समन्वय किया जाएगा। नगरीय प्रशासन तथा विकास विभाग द्वारा नगर पालिका निगम रायपुर के सहयोग से आयोजन स्थल पर पेयजल, स्वच्छता, इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी। गृह विभाग द्वारा आयोजन स्थल में सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को आयोजन स्थल पर पहुंचाने सहयोग करेंगे।

वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी.दयानंद और श्री एस.बसवराजू, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी., समाज कल्याण विभाग के सचिव श्री भूवनेश यादव, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव श्री प्रसन्ना आर., परिवहन विभाग के सचिव श्री एस.प्रकाश, आवास एवं पर्यावरण विभाग की सचिव सुश्री आर.शंगीता, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव श्री हिमशिखर गुप्ता और जल संसाधन विभाग के विशेष सचिव श्री राजेश सुकुमार टोप्पो सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### इंडस टॉवर्स ने एनआईआईटी फाउंडेशन के साथ सूरजपुर, छत्तीसगढ़ में 'डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन' लॉन्च की

**रायपुर 12 जून।** दुनिया की सबसे बड़ी टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में से एक, इंडस टॉवर्स ने अपने क्रियान्वयन पार्टनर, एनआईआईटी फाउंडेशन के सहयोग से छत्तीसगढ़ में सूरजपुर और कोरबा जिलों के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों के लिए अपनी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन (डीटीवी) लॉन्च की है। कंपनी के सीएसआर प्रोग्राम 'सक्षम' के अंतर्गत लॉन्च की गई यह 21 सीट की डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन सौर ऊर्जा से चलती है और इसमें इंटरनेट, अत्याधुनिक कंप्यूटर, प्रिंटर, सॉफ्टवेयर एवं ई-लर्निंग टूल्स की सुविधा है। इसमें बेसिक आईटी शिक्षा, साईबर सिक्योरिटी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, और वित्तीय साक्षरता में सर्टिफिकेट के साथ डोरस्टेप डिजिटल शिक्षा प्रदान करने के लिए लाईव मॉनिटरिंग की सुविधाएं भी हैं। इस वैन का उपयोग अनुकूलित जन-जागरुकता और जन-साक्षरता सत्रों के लिए भी किया जाएगा। ये सभी सत्र एनआईआईटी फाउंडेशन के प्रशिक्षकों द्वारा लिए जाएंगे, जिनमें समुदाय के निवेदन पर अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी। श्री रोहित व्यास, आईएएस, कलेक्टर सूरजपुर (छ.ग) द्वारा किया गया। इस डीटीवी को अगले छः महीनों में पंपापुर, कोट, पटना, सागरपुर, रामपुर, सेंदरी, और जगन्नाथपुर जैसे विभिन्न स्थानों पर पहुँचाकर रणनीतिक परिवर्तन लाया जाएगा।



# सीबीआई करे नीट परीक्षा में गड़बड़ी की जांच: एनएसयूआई

**रायपुर 12 जून।** नीट परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर छात्र संगठन एनएसयूआई ने मोर्चा खोल दिया है। आज एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने रायपुर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। अमित शर्मा ने कहा कि नीट परीक्षा में गड़बड़ी मामले की जांच पूरी तरह से सीबीआई को सौंपा दिया जाना चाहिए। अमित शर्मा ने बताया कि नीट परीक्षा में 67 स्टूडेंट्स को 720 में से 720 अंक दिए गए। यह अविश्वसनीय है। बड़ी बात ये है कि हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र से कई बच्चों को 720 में से 720 अंक मिले हैं। कई छात्रों को मिली ओएमआर शीट के अनुसार उन्हें जितने अंक मिलने चाहिए, उससे काफी कम या काफी ज्यादा अंक दे दिए गए हैं।



ये हैं एनएसयूआई के सवाल - नीट की परीक्षा के पैटर्न के अनुसार 719 या 718 नंबर आना संभव ही नहीं है तो एजेंसी एनटीए ने यह स्कोर कार्ड कैसे जारी किए ?- एक ही परीक्षा सेंटर से 5 से अधिक छात्रों का टॉप रैंक स्टूडेंट्स में होना सवाल खड़े करता है। - घोटाले की इस खबर को जानबूझकर छिपाने के लिए परिणाम को जल्दबाजी में चुनावी रिजल्ट के टाइम जारी किया गया ताकि यह मुद्दा गायब हो जाए।

- सभी महत्वपूर्ण परीक्षाओं जैसे JEE, NEET, NET, CUET को प्राइवेट घोटालेबाज संस्था एनटीए को मोदी सरकार ने सौंपकर यह बता दिया है कि वे शिक्षा के निजीकरण में विश्वास रखते हैं।

एनएसयूआई ने यह माँग की है जल्द ही इस मामले में जाँच होनी चाहिए ताकि मेडिकल की पढ़ाई करने वाले हमारे देश के भावी डॉक्टरों का भविष्य खराब ना हो जल्द ही इस मामले में हस्ढ्ढ का प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल महोदय से मिलने के लिए समय मांगा है। आज के कार्यक्रम में महामंत्री हेमंत पाल, निखिल वंजारी प्रदेश सचिव कुनाल दुबे, जिला उपाध्यक्ष वैभव मुजेवार, वाईस चैयरमैन पुनेश्वर लहरे,महासचिव प्रियांशु ठाकुर ,लकी साहू,अतुल वर्मा,विनायक तिवारी,अंकित बंजारे,तनिष्क मिश्रा,हर्ष साहू,कपिल चौधरी आदि उपस्थित थे।

# पूर्व छात्रों ने 45 साल पुरानी दोस्ती को किया सेलीब्रेट



**रायपुर 12 जून।** राजधानी रायपुर के गवर्नमेंट स्कूल जिसे अब जयनारायण पांडेय शासकीय स्कूल के नाम से जाना जाता है, पूर्व छात्र रविवार शाम एक निजी होटल में मिले जिसमें वषों पूर्व बीती स्मृतियों को सहेजा, कुछ छात्र तो एक दूसरे से 45वर्षों के बाद मिल कर भावुक हो रहे थे . आपस में पुराने दिन, पुरानी यादें ताजा हो रही थी एक दूसरे के साथ हंसी मजाक, का सिलसिला चलने लगा .कुछ छात्रों ने अपने गुरुजनों, पुराने किस्से कहानियों,,रायपुर के पुराने स्थलों,पुरानी टाकीजों, उस जमाने की फिल्मों , की बातें यादें की .पुराने गाने गाकर भी पुराने माहौल को वापस संजोया . मिलन समारोह में डॉ दिनेश मिश्र,जुगल किशोर सिन्हा, शैलेंद्र रिछारिया, राजेंद्र पाटिल,अविनाश शुक्ला, दिलीप वर्मा, विजय श्रीवास्तव, राजेंद्र तिवारी, श्यामलाल रावत,योगेश भावे, राजेश पांडे, निर्मल प्रजापति, मोहम्मद शकील, अनूप बाजपेयी, अरुण सक्सेना,गिरधारी अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अप्पा राव, सुनील गवाई,सहित सभी के पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे शैलेन्द्र रिछारिया एवम श्री राजेंद्र पाटिल के विशेष प्रयासों से 45 वर्ष पुराने अधिकांश साथियों को एकत्रित हुए।

# छत्तीसगढ़ सहित देश भर के व्यापारियों ने प्रवीण खंडेलवाल को स्वर्णिम जीत के लिए बधाई दी

**रायपुर 12 जून।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी के नेतृत्व में कैट का एक प्रतिनिधी मंडल ने कैट के राष्ट्रीय महामंत्री माननीय श्री प्रवीण खंडेलवाल जी से मुलाकात कर उन्हे चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र दिल्ली से स्वर्णिम जीत के लिए छत्तीसगढ़ के 12 लाख से अधिक व्यापारी साथियों की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया कि आज दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम छत्तीसगढ सहित देश भर के व्यापारियों ने कैट के राष्ट्रीय महामंत्री माननीय श्री प्रवीण खंडेलवाल जी कों स्वर्णिम जीत के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आपकी यह जीत हम सभी व्यापारी साथियों के लिए गौरवाशाली हैं। कार्यक्रम उपस्थित सभी व्यापारियों ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया कि उन्होनें कैट के राष्ट्रीय महामंत्री माननीय श्री प्रवीण खंडेलवाल जी को देश की सेवा करने का अवसर प्रदान किया।

माननीय श्री प्रवीण खण्डेलवाल जी से मुलाकात में कैट के पदाधिकारी मुख्यरूप उपस्थित रहे :- श्री अमर पारवानी जी, श्री सुरेंद्र सिंह जी, श्री रमेश गांधी जी, श्री निलेश मुंधड़ा जी, श्री कांति पटेल जी, श्री अवनीत सिंह जी, श्री दीपक विधानी जी, श्री जयेश पटेल जी प्रमुख रुप से उपस्थित थे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26